खबरों के 69 साल, खबरें लगातार, ई पेपर - www.deshbandhump. com

पत्र नहीं मित्र

संपर्क करें ➛ jabdesh1@yahoo.com

# देशबन्धु

जबलपुर, मंगलवार 25 मार्च 2025 । वर्ष –69 । अंक –129 पृष्ठ –12 । मूल्य – 3.00 रु.

■ कटाक्षों से घबराती सरकार
■ न्यायपूर्ण परिसीमन की... 04
■ कनाडा में चुनाव से पहले साथ आए ...
■ इजरायली हमलों में गाजा में फिर 51 की... 09
■ शेयर बाजार गुलजार, 6 दिन में सेंसेक्स...
■ 88 हजार से नीचे आई सोने की कीमत... 11
■ शुभमन की गुजरात...
■ जोकोविच ने एटीपी... 10

# शिवकुमार के बयान को लेकर संसद में हंगामा

## भ्रष्टाचार छिपाने के लिए कोटा मुद्दा उठा रही भाजपा, नड्डा, रिजिजू ने संसद में झूठ बोला : खड़गे

**नई दिल्ली,( एजेंसियां )।** कर्नाटक में मुस्लिम कोटे को लेकर जमकर राजनीति हो रही है। उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के बयान को लेकर संसद में जबरदस्त हंगामा हुआ। जेपी नड्डा और मल्लिकार्जुन खरगे को बीच तीखी नोकझोंक देखने को मिली। कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने कहा कि राज्यसभा के नेता जेपी नड्डा और केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने संसद में झूठ बोला है और इसके लिए वो कानूनी कार्रवाई करेंगे।

खरगे ने यह भी दावा किया कि बीजेपी अपना भ्रष्टाचार छिपाने के लिए कर्नाटक कोटा मुद्दा उठा रही है। जेपी नड्डा और किरेन रिजिजू ने संसद से झूठ बोला है और हम उनके खिलाफ कार्रवाई करने की तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस धर्म के आधार पर आरक्षण दे रही है जो पूरी तरह से झूठ है।

**भाजपा की तरफ से किए जाते हैं दावे**–बीजेपी ही वह पार्टी है जो धर्म के आधार पर कानून बना रही है। हमने कभी किसी को धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं दिया। हमारे नेताओं सरदार पटेल और पंडित नेहरू ने संविधान सभा में कभी इस मुद्दे को नहीं छुआ, लेकिन बीजेपी अपने भ्रष्टाचार को छिपाने के लिए इस मुद्दे को उठा रही है। उन्होंने कहा, 'संविधान बदलने की बात हमारी तरफ से किसी नेता नहीं की है और न ही कोई आगे करेगा। इस तरह के दावे हमेशा उनकी तरफ से किए जाते हैं।'



### मुस्लिम आरक्षण संविधान विरोधी : नड्डा

कैबिनेट मंत्री जेपी नड्डा ने कर्नाटक सरकार के मुस्लिम आरक्षण पर बयान देते हुए कहा कि- ये संविधान के सिद्धांतों का उल्लंघन है। बाबा साहेब अंबेडकर ने स्पष्ट रूप से कहा था कि धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं होगा। नड्डा ने ये भी आरोप लगाया कि कांग्रेस संविधान की रक्षा का ढोल पीटती है, अब वही पार्टी संविधान को बदलने की बात कर रही है।

### *इस तरह के बयान को हल्के में नहीं ले सकते: रिजिजू*

*इससे पहले, रिजिजू ने सदन में कहा कि एक वरिष्ठ कांग्रेस नेता, जो एक संवैधानिक पद पर हैं, ने कहा है कि उनकी पार्टी मुसलमानों को आरक्षण देने के लिए संविधान में बदलाव करेगी। हालांकि रिजिजू ने नेता का नाम नहीं बताया लेकिन वह परोक्ष रूप से शिवकुमार का जिक्र कर रहे थे। मंत्री ने कहा, 'हम इस तरह के बयान को हल्के में नहीं ले सकते।' उन्होंने कहा कि यह टिप्पणी किसी साधारण नेता की नहीं बल्कि संवैधानिक पद पर बैठे एक व्यक्ति की है।*

### *साजिश के तहत सदन को नहीं चलने दिया जा रहा : कांग्रेस*

*कांग्रेस ने कहा है कि सत्तापक्ष सोची समझी रणनीति से संसद की कार्यवाही बाधित की जा रही है और जो राज्यों का मुद्दा है उसको उठाकर साजिश के तहत सदन को नहीं चलने दिया जा रहा है। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा–ऐसा लगता है कि उन्होंने मन बना लिया है कि वे सदन नहीं चलने देना चाहते। बहुत दिन से वे हंगामा करने का कोई न कोई बहाना ढूंढ ही रहे थे। सुरजेवाला ने कहा–मोदी सरकार ने लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही को षडयंत्रकारी तरीके से स्थगित किया है ताकि दिल्ली उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के घर पर मिले नोटों के बंडल को लेकर कोई सवाल नहीं कर सके।*

### मैंने संविधान बदलने की बात नहीं कही : डीके

मामला बढ़ने पर कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने कहा, मैंने संविधान बदलने की बात नहीं कही। ये लोग गलत बातें फैला रहे हैं। हमारी राष्ट्रीय पार्टी है।

# जस्टिस वर्मा के ट्रांसफर का नोटिफिकेशन जारी

## सुनवाई से किए गए अलग

**नई दिल्ली, ( एजेंसियां )।** सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने दिल्ली हाई कोर्ट के न्यायाधीश न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा को उनके मूल न्यायालय, इलाहाबाद उच्च न्यायालय में वापस स्थानांतरित करने की सिफारिश करते हुए प्रस्ताव जारी किया है। 21 मार्च को मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने केंद्र सरकार को उनके स्थानांतरण की सिफारिशें की थी। वहीं इससे पहले इलाहाबाद उच्च न्यायालय बार एसोसिएशन ने न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा को इलाहाबाद उच्च न्यायालय में स्थानांतरित करने के सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम के फैसले पर आपत्ति भी जताई थी।

- **कॉलेजियम ने इलाहाबाद हाई कोर्ट भेजने की सिफारिश की थी**
- **नियमित प्रक्रिया के तहत बताया था ट्रांसफर**

जज यशवंत वर्मा के दिल्ली हाई कोर्ट से इलाहाबाद हाई कोर्ट ट्रांसफर किए जाने के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने पहले ही कहा था कि उनका ट्रांसफर एक नियमित प्रक्रिया के तहत किया जा रहा है। इस ट्रांसफर का जज वर्मा के घर से मिले अधजले नोटों के विवाद से कोई लेना देना नही हैं।

इस घटना पर संज्ञान लेते हुए भारत के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना ने भारतीय मुद्रा नोटों से भरी चार से पांच अधजली बोरियां मिलने की जांच के लिए तीन सदस्यीय पैनल का गठन किया है। हालांकि, मामले में न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा ने आरोपों की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि उनके घर के स्टोर रूम में न तो उन्होंने और न ही उनके परिवार के किसी सदस्य ने कभी नकदी रखी।

रजिस्ट्री की ओर से जारी आधिकारिक बयान में कहा गया, हाल ही में सामने आए घटनाक्रमों के मद्देनजर, जस्टिस यशवंत वर्मा से तुरंत प्रभाव से न्यायिक कार्य वापस लिया जाता है। भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) संजीव खन्ना ने हाई कोर्ट को निर्देश दिया था कि वे जस्टिस यशवंत वर्मा को कोई भी न्यायिक कार्य न सौंपे। जब तक कोई फैसला नहीं आ जाता है तब तक उन्हें सुनवाई से दूर रखा जाए। इस पहले खबर आई थी कि सोमवार के लिए दिल्ली हाई कोर्ट की कॉजलिस्ट में जस्टिस यशवंत वर्मा को कोर्ट में मामलों की सुनवाई के लिए डिवीजन बेंच नंबर–3 के प्रमुख के रूप में दिखाया गया है। हालांकि अब कोर्ट की तरफ से स्पष्ट हो गया है कि जस्टिस वर्मा से सुनवाई में शामिल नहीं होंगे।

**आईपीएल में आज**

TATA IPL

गुजरात विरूद्ध पंजाब (अहमदाबाद) 7.30 दोपहर से

**सार संक्षेप**

## सांसदों के वेतन पेंशन और भत्ते बढ़े

### महंगाई के मद्देनजर लिया गया निर्णय

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने संसद सदस्यों और पूर्व सदस्यों के वेतन, दैनिक भत्ते और पेंशन में आधिकारिक तौर पर बढ़ोतरी की अधिसूचना जारी की है। मोदी सरकार ने महंगाई को ध्यान में रखते हुए संसद सदस्य वेतन, भत्ते और पेंशन अधिनियम, 1954 के तहत वेतन और पेंशन में संशोधन किया है। अब वेतन और भत्ते की बात की जाए तो पहले संसद के सदस्यों को वेतन 1,00,000 रुपये मिलता था और अब यह बढ़कर 1,24,000 रुपये कर दिया गया है। इसी तरह दैनिक भत्ते में भी इजाफा हुआ है। यह 2,000 रुपये से बढ़ाकर 2,500 रुपये कर दिया गया है। संसद के सदस्यों और पूर्व सदस्यों के लिए मासिक पेंशन 25,000 रुपये से बढ़ाकर 31,000 रुपये कर दी गई है। इतना ही नहीं एडिशनल पेंशन पहले 2,000 प्रति माह थी, जिसे 2,500 प्रति महीने कर दिया गया है।

## कुणाल कामरा के दफ्तर में तोड़फोड़, शिवसेना कार्यकर्ता गिरफ्तार

**मुंबई।** स्टैंड-अप कॉमेडियन कुणाल कामरा के दफ्तर में तोड़फोड़ के मामले में 11 शिव सैनिकों को गिरफ्तार किया गया है। खार पुलिस ने इन आरोपियों को कुछ समय पहले बांद्रा कोर्ट में पेश किया, वहीं मामले में शिवसेना युवा सेना के जनरल सेक्रेटरी राहुल कनाल को भी पूछताछ के लिए नोटिस जारी किया गया है, हालांकि उन्हें अब तक गिरफ्तार नहीं किया गया है। पुलिस ने राहुल कनाल को सोमवार को खार पुलिस स्टेशन बुलाया था, जहां से वह थोड़ी देर बाद बाहर निकल गए, लेकिन उन्हें फिर से 11 बजे पूछताछ के लिए बुलाया गया।

**बिरादरी की बात**

**चूहा-सुनती हो**- महंगाई को देखते हुए सांसदों के वेतन, पेंशन और भत्तों में बढ़ोत्तरी की गई है।

**चुहिया- हां प्रिये**- महंगाई की मार झेल रही आम जनता भी माननीयों की ओर उम्मीद भरी नजरों से देख रही है।

# मुख्यमंत्री नई दिल्ली में डायमंड स्टेट अवॉर्ड से सम्मानित

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में विगत सवा वर्ष में मध्यप्रदेश सरकार ने विरासत को साथ लेकर विकास के नए आयाम स्थापित किये हैं, जिससे उन्हें संतोष है। प्रदेश सरकार गरीब, युवा, महिला और किसान कल्याण के लिए लगातार काम कर रही है।

इंदौर की हुकुमचंद मिल के श्रमिकों का कई वर्षों से लंबित भुगतान जहां एक ओर पूरा कर दिया गया है, वहीं दूसरी ओर राज्यों के साथ सौहार्दपूर्ण संबंधों के आधार पर 20 वर्ष पुरानी पार्बती–कालीसिंध–चंबल नदी जोड़ो परियोजना भी मूर्त रूप ले रही है। प्रधानमंत्री आवास योजना में प्रदेश के शहरी क्षेत्रों में साढ़े आठ लाख आवास और ग्रामीण क्षेत्रों में लगभग 36 लाख आवास में गृह प्रवेश करवाया जा चुका है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि जड़ों से जुड़े रहकर ही विकास पथ पर आगे बढ़ा जा सकता है। उन्होंने ये विचार रविवार को दिल्ली में एक निजी समाचार चैनल द्वारा आयोजित डायमंड स्टेट्स समिट कार्यक्रम में व्यक्त किए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि 2000 वर्ष पूर्व सम्राट विक्रमादित्य ने वीरता, न्यायप्रियता और दानशीलता से शासन की व्यस्थाओं का संचालन किया और विदेशी



आक्रांताओं से स्वतंत्रता दिलाकर सुशासन स्थापित किया, जो प्रदेश की गौरवशाली विरासत है। विक्रम संवत का प्रवर्तन इसी गौरवशाली परंपरा का हिस्सा है।

सम्राट विक्रमादित्य ने अपने राज्य में जनता का कर्ज माफ किया और बिना ब्याज का धन जनता को उपलब्ध कराया। उनके पुरुषार्थ के विभिन्न आयामों का उत्सव मनाने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार आगामी 12 से 14 अप्रैल तक दिल्ली में विक्रमादित्य महानाट्य का आयोजन करेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उज्जैन महाकाल और काल की नगरी है। यहां पृथ्वी 23.6 अंश पर झुकी हुई है जो इसे कालगणना के लिए सर्वोत्तम स्थल बनाती है। उज्जैन को विश्व का मीन टाइम बनाने के उद्देश्य से यहां वैदिक घड़ी की स्थापना की गई है, जो भारतीय ज्ञान की गौरवशाली परंपरा को पुर्नस्थापित करेगी। >>शेष पृष्ठ 2 पर

# कूनो नेशनल पार्क से बाहर निकले पांच चीते

**भोपाल/श्योपुर।** कूनो नेशनल पार्क में एक माह पहले बाड़े से निकालकर खुले जंगल में छोड़ी गई मादा चीता ज्वाला और उसके चार शावक जंगल की सीमा से बाहर निकल आए। सोमवार सुबह श्योपुर की विजयपुर तहसील के भैरोपुरा गांव में मादा चीता ने एक बछड़े पर हमला कर दिया। बछड़े पर हमला होते देख उसके मालिक और ग्रामीणों ने चीतों पर पत्थर मारना शुरू कर दिया। हालांकि कूनो की टीम ने मौके पर पहुंची और ग्रामीणों से ऐसा नहीं करने को कहा।

दरअसल, एक महीने पहले खुले जंगल में छोड़ी गई मादा चीता ज्वाला और उसके चार शावक शनिवार शाम को पहली बार पार्क की सीमा से बाहर आ गए थे। चीते रविवार को दोपहर बाद फिर कूनो के जंगल की ओर लौट गए थे। लेकिन रविवार रात को ये चीते वीरपुर तहसील के ग्राम श्यामपुर के पास देखे गए। वे निर्माणाधीन श्योपुर–ग्वालियर ब्रॉडगेज रेल ट्रैक से करीब एक किलोमीटर की



दूरी पर थे। सोमवार सुबह ये पांचों चीते कूनो सायफन के पास से होते हुए कूनो नदी में पहुंचे। वे निर्माणाधीन रेलवे पुल के नीचे काफी देर तक बैठे रहे। इस दौरान कूनो सायफन से गुजरने वाले राहगीरों की भीड़ चीतों को देखने के लिए जमा हो गई। >>शेष पृष्ठ 2 पर

## 23 लाख कर्मचारियों को मिलेगा पेंशन का लाभ

# एक अप्रैल से यूनिफाइड पेंशन स्कीम की शुरुआत

**नई दिल्ली, ( एजेंसियां )।** केंद्र सरकार अपने कर्मचारियों के लिए एक नई योजना यूनिफाइड पेंशन स्कीम (यूपीएस) ला रही है। इस योजना के तहत केंद्रीय कर्मचारी जो कि कम से कम 25 वर्षों से अपनी सेवा दे रहे हैं, 1 अप्रैल से यूपीएस के तहत रिटायरमेंट से पहले आखिरी 12 महीनों के अपने औसत मूल वेतन का 50 प्रतिशत पेंशन के रूप में पाने के पात्र होंगे।

सरकार अपनी इस योजना के साथ कम से कम 23 लाख केंद्रीय कर्मचारियों को रिटायरमेंट के बाद वित्तीय सुरक्षा देने की तैयारी में है। यूपीएस खासकर उन लोगों को ध्यान में रखते हुए लाई जा रही है, जिन्हें बाजार से जुड़ी पेंशन के बजाय एक स्थिर और अनुमानित आय पसंद आती है। नई योजना के तहत जिन कर्मचारियों ने 10 साल से अधिक लेकिन 25 साल से कम समय तक सेवा की है, उन्हें प्रति माह न्यूनतम 10,000 रुपए पेंशन मिलेगी। पेंशनभोगी की मृत्यु की स्थिति में उनके परिवार को पारिवारिक पेंशन के रूप में अंतिम पेंशन का 60 प्रतिशत मिलेगा। इसके अलावा, केंद्र सरकार के कर्मचारी, जो वर्तमान में राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) के तहत हैं, वे यूपीएस पर स्विच कर सकते हैं।

### योजना को हाइब्रिड मॉडल के रूप में डिजाइन किया गया

इस योजना को हाइब्रिड मॉडल के रूप में डिजाइन किया गया है, जिसमें ओल्ड पेंशन स्कीम (ओपीएस) और नेशनल पेंशन सिस्टम (एनपीएस) दोनों की विशेषताएं शामिल हैं। एनपीएस बिना किसी निश्चित भुगतान के बाजार–आधारित रिटर्न प्रदान करता है, वहीं, एनपीएस से अलग नई योजना एक गारंटीकृत पेंशन राशि सुनिश्चित करती है।

JAN JYOTI
SUPER SPECIALITY EYE HOSPITAL
अब पाइये चश्मे से छुटकारा
मात्र कुछ सेकेण्ड्स में
Teneo- 2 तकनीक से इलाज
TRANS EPI सबसे आधुनिक और सुरक्षित
आज ही विजिट करें
9165108121 janjyotieyehospital.com
1051, Gol Bazar, Near Keshwarwani College, Wright Town, Jabalpur

Excellence in Education, Excellence in Life
A.P.N. C.B.S.E.
SENIOR SECONDARY SCHOOL
(C.B.S.E. Affiliated Reg. No. 1031302 )
ADMISSION OPEN FOR SESSION 2025-26
Class Nursery to XII Science I Commerce I Humanities
Special Discount in Admission fee & School fee for the State and National Players for all the Games
राष्ट्र स्तरीय एवं प्रदेश स्तरीय सभी खेलों के खिलाड़ियों के लिये
प्रवेश शुल्क एवं मासिक शुल्क में विशेष छूट
Ph.: 0761-2676360, 8349593500, 9826587200

**रिपोर्ट**

## कंपनियां स्किल्स पर कर रहीं ज्यादा भरोसा

# 83 प्रतिशत इंजीनियरिंग डिग्रीधारी बेरोजगार

**नई दिल्ली।** वर्तमान में डिग्रियों की वैल्यू कम होती जा रही है। एक नई रिपोर्ट के मुताबिक, 83 प्रतिशत इंजीनियरिंग ग्रेजुएट्स और 46 प्रतिशत बिजनेस ग्रेजुएट्स को नौकरी या इंटर्नशिप का ऑफर नहीं मिल रहा है। दूसरी ओर, कंपनियां अब कॉलेज की प्रतिष्ठा को नजरअंदाज करते हुए स्किल्स को ज्यादा महत्व दे रही हैं। अनस्टॉप की एक रिपोर्ट के अनुसार, 73 प्रतिशत रिक्रूटर्स अब डिग्री की बजाय कैंडिडेट्स की स्किल्स पर फोकस कर रहे हैं। इससे उन युवाओं को फायदा मिल रहा है जो नए स्किल्स सीखने में रुचि रखते हैं और अपने हुनर को निखारने की कोशिश कर रहे हैं।

**फ्रीलांसिंग और साइड हसल्स का ट्रेंड**-GenZ प्रोफेशनल्स में फ्रीलांसिंग और साइड हसल्स का क्रेज तेजी से बढ़ रहा है। रिपोर्ट में बताया गया है कि 51 प्रतिशत GenZ युवा एक्स्ट्रा इनकम के लिए फ्रीलांसिंग कर रहे हैं। बिजनेस स्कूल के स्टूडेंट्स में यह आंकड़ा 59 प्रतिशत तक पहुंच गया है।

**जेंडर पे गैप की समस्या**-भले ही कुछ क्षेत्रों में वेतन



में समानता देखी गई हो, लेकिन आर्ट्स और साइंस ग्रेजुएट्स के मामले में जेंडर पे गैप अब भी मौजूद है। दो में से एक महिला प्रोफेशनल को 6 एनपीए से कम का पैकेज मिल रहा है, जबकि पुरुष सहकर्मी इससे ज्यादा कमाते हैं। हालांकि, बी-स्कूल और ई-स्कूल में वेतन में कोई बड़ा अंतर नहीं देखा गया।

**परफॉर्मेंस रिव्यू पर मतभेद**-वर्कप्लेस कल्चर में भी GenZ और रिक्रूटर्स के बीच मतभेद नजर आए। 77 प्रतिशत युवा प्रोफेशनल्स चाहते हैं कि उनका परफॉर्मेंस रिव्यू हर महीने या प्रोजेक्ट बेस्ड हो, लेकिन 71 प्रतिशत रिक्रूटर्स अब भी एनुअल या बाय-एनुअल रिव्यू को ही प्राथमिकता देते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, इंजीनियरिंग स्टूडेंट्स में अब ह्यूमन रिसोर्सेज जैसे सेक्टर को लेकर दिलचस्पी बढ़ रही है। वहीं, 2024 में एक चौथाई अंडरग्रेजुएट्स ने बिना वेतन वाली इंटर्नशिप की, जबकि 2023 में यह आंकड़ा एक-आठवां था।

**ड्रीम कंपनियां और नई पसंद**-टेक कंपनियां अब भी युवाओं की पहली पसंद बनी हुई हैं। गूगल, माइक्रोसॉफ्ट और अमेज़न इंजीनियरिंग ग्रेजुएट्स की टॉप चॉइस हैं, जबकि बिजनेस ग्रेजुएट्स के लिए गूगल, मैकिन्से और माइक्रोसॉफ्ट प्रमुख पसंद हैं। इसके साथ ही जोमैटो और मीशो जैसी न्यू-एज कंपनियां भी युवाओं को आकर्षित कर रही हैं। इस रिपोर्ट से साफ है कि अब कंपनियां स्किल-बेस्ड हायरिंग को ज्यादा महत्व दे रही हैं। ऐसे में युवाओं को चाहिए कि वे अपने स्किल्स को अपडेट करते रहें और इंडस्ट्री की जरूरतों के अनुसार खुद को तैयार करें। फ्रीलांसिंग, साइड हसल्स और नए-नए करियर ऑप्शंस को अपनाकर वे सफल करियर बना सकते हैं।


डाक पंजीयन क्रमांक एसएसपी जबलपुर/04/2020-2022 www.deshbandhump.com

# देश-विदेश

## बांग्लादेश : 7 महीने में कपड़े की 140 लोकल फैक्ट्रियां बंद

**ढाका।** बांग्लादेश का गारमेंट सेक्टर इस समय भयंकर संकट से गुजर रहा है। पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के तख्तापलट के बाद सात महीनों में 140 से ज्यादा गारमेंट फैक्ट्रियां बंद हो चुकी हैं। इसके चलते एक लाख से ज्यादा मजदूर बेरोजगार हो गए हैं। सिर्फ गाजीपुर, सावर, नारायणगंज और नर्सिंदी में 50 से ज्यादा फैक्ट्रियां पूरी तरह बंद हो चुकी हैं, जबकि करीब 40 फैक्ट्रियां अस्थायी रूप से बंद हैं। दूसरी ओर कई गारमेंट कंपनियों में मजदूरों के 2 महीने से 14 महीने तक के वेतन बकाया हैं, जिससे वे सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन कर रहे हैं। ईद के करीब आते ही स्थिति और भयावह होती जा रही है। ईद के बाद और अधिक फैक्ट्रियां बंद होने की आशंका है। इसके बावजूद, सरकार और गारमेंट मालिकों द्वारा कदम नहीं उठाया जा रहा है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### मुख्यमंत्री नई दिल्ली में.....

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जीवन के उच्च आदर्शों और नैतिकता को जीवन शैली में सम्मिलित करने के लिए प्रदेश सरकार संकल्पित है। प्रदेश में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा दिया जा रहा है। महर्षि सांदीपनि के आश्रम को तीर्थ के रूप में विकसित कर नई शिक्षा नीति के तहत शिक्षा के महत्व को रेखांकित किया जा रहा है। भगवान श्रीकृष्ण से जोड़कर आदर्श गोकुल ग्राम बनाए जा रहे हैं, जिसके माध्यम से देश के दुग्ध उत्पादन में प्रदेश की हिस्सेदारी को 9त्न से बढ़ाकर 20त्न करने का लक्ष्य है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि वर्ष 1956 में गेहूं का समर्थन मूल्य 94 रुपए प्रति क्विंटल और वर्ष 2002-03 में 600 रुपए था, जिसे आज बढ़ाकर 2600 रुपए कर दिया गया है। वर्ष 2002-03 में राज्य का बजट केवल 23 हजार करोड़ का था, जो वर्तमान में बढ़कर 4 लाख 21 हजार करोड़ का हो गया है। पूरे देश में सबसे सस्ती बिजली मध्यप्रदेश में उपलब्ध है, जो दिल्ली मेट्रो को भी प्रदाय की जा रही है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार प्रदेश को सक्षम और सम्पन्न राज्य बनाने के लिए हर संभव कदम उठा रही है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव को डायमंड स्टेट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।

### कूनो नेशनल पार्क.....

मादा चीता और शावक एक-एक कर रास्ता पार कर रहे थे, तभी उन्होंने गाय के बछड़े पर हमला कर दिया। मादा चीता और शावकों को भगाने के लिए ग्रामीण लाठी लेकर दौड़े और पत्थर मारना शुरू कर दिए। चीता ज्वाला काफी देर तक बछड़े का गला पकड़े रही। बछड़े पर हमला होते देख उसके मालिक व ग्रामीणों ने चीतों पर पत्थर मारना शुरू कर दिया। लाठी से भी भगाने का प्रयास किया। पास खड़ी कूनो की टीम ने ग्रामीणों को समझाया कि बछड़े का मुआवजा मिल जाता है, चीतों पर हमला न किया जाए। वहीं, पत्थर से हमला करने के बाद मादा चीते ने बछड़े को छोड़ दिया और शावकों के साथ भाग निकली। गौरतलब है कि मादा चीता ज्वाला व शावकों की निगरानी में 15 लोगों का दल निगरानी कर रहा है। जब सोमवार सुबह यह घटना हुई तो एक दल पीछे रह गया था और एक वहीं चीतों के आसपास ही मौजूद था। ग्रामीणों से दल ने बात की और समझाने का प्रयास किया कि आगे से ऐसा न करें।

## निविदा / नियुक्ति / जाहिरात


### कार्यालय कार्यपालन यंत्री (भवन), लोक निर्माण विभाग, मण्डला (म.प्र.)

NIT No. 08/2025/Centralized Tender/G/CE(B) JABALPUR, DATED 19.03.2025

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है।

| क्रं. | पोर्टल टेंडर क्रं. | कार्य का नाम | ठेके की अनु. लागत पी.ए.सी ( लाख में ) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्यपूर्ण करने का समय वर्षा-काल सहित | कार्यालय का नाम जहां ई.एम.डी. एवं बिड प्राप्त की जायेगी | निविदा की श्रेणी/ निविदा काल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. | 8. | 9. |
| 1. | 2024_ PWPIU_ 410946_1 | मण्डला जिले के ठेकेदार द्वारा छोड़े गए अपूर्ण शेष कार्य/परफामेंस गारंटी अंतर्गत सुधार आदि ( सिविल व विद्युत ) कार्यों हेतु जोनल निविदा ( प्रथम आमंत्रण ) | 90.00 | 90000/- | 10000/- | 12 माह वर्षाकाल सहित | मुख्य अभियंता ( भवन ) लो.नि.वि. परिक्षेत्र-जबलपुर | लोक निर्माण विभाग में नवीन श्रेणी का पंजीकरण ( प्रथम आमंत्रण ) |

1. निविदा से संबंधित बिड डॉक्यूमेंट वेबसाईट http://mptenders.gov.in पर बिना भुगतान के देखें एवं डाउनलोड किए जा सकेंगे।
2. निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑन-लाईन पोर्टल पर क्रेडिट/डेबिट/कैशकार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा।
3. निविदा प्रपत्र केवल ऑन-लाईन दिनांक 21.03.2025 समय 9.00 बजे से दिनांक 05.04.2025 समय 18.00 बजे तक खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी वेबसाईट पर देखी जा सकती है।
4. निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त वेबसाईट पर ही दर्ज किए जाएंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री (भवन)
लोक निर्माण विभाग, मण्डला (म.प्र.)

G-24706/24 स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता



मध्यप्रदेश शासन नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण
कार्यालय कार्यपालन यंत्री ( वि./यां. ) संभाग क्रमांक-2 बरगीनगर, जबलपुर ( म.प्र. ) - 482056
Email ID-eeemdv2bargidam@gmail.com

### निविदा आमंत्रण सूचना

निम्न कार्य की ऑन लाइन निविदा प्रतिशत दर ( अपेडिक्स 2.10 ) ई-प्रोक्यूरमेंट सिस्टम पोर्टल www.mptenders.gov.in पर जारी की जा रही है। निविदा की संक्षिप्त जानकारी निम्नानुसार है: -

| निविदा क्रं. | ई. निविदा क्रं. | कार्य का नाम | कार्य की अनु. राशि ( रु. में ) | धरोहर राशि ( रु. में ) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | निविदाकार की श्रेणी | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. | 8. |
| 230/तक. 2024-25 दिनांक 18.03.2025 | 2025_ NVDA_ 410569_1 | रा.अ.बा.लो.सा.परि. के 70 टन गेन्ट्री क्रेन में केबल ट्रे एवं केबल सपोर्ट एंगल में पेटिंग का कार्य। | 1,72,255.00 ( रूपये एक लाख बहत्तर हजार दो सौ पचपन ) मात्र | 3445.00 ( रू. तीन हजार चार सौ पैतालीस ) मात्र | 1000.00 ( रु. एक हजार )मात्र | प्रमुख अभियंता ( लो.नि.वि. ) भोपाल में पंजीकृत। | 30 दिन ( अनुबंध की तिथि से ) |
| 231/तक. 2024-25 दिनांक 18.03.2025 | 2025_ NVDA_ 410572_1 | रा.अ.बा.लो.सा.परि. के 13 नग आर.बी.सी. स्लूस गेट ( साईज 2.62X2.00 Mtr. ) एवं उनके हाइस्ट स्टक्चर का मानसून पूर्व रखरखाव एवं सुधार कार्य। | 2,58,273.00 ( रूपये दो लाख अंठावन हजार दो सौ तेहत्तर ) मात्र | 5165.00 ( रू. पांच हजार एक सौ पैसठ ) मात्र | 2000.00 ( रु. दो हजार )मात्र | प्रमुख अभियंता ( लो.नि.वि. ) भोपाल में पंजीकृत। | 30 दिन ( अनुबंध की तिथि से ) |
| | | कुल योग रू. | 4,30,528.00 | | | | |

निविदा प्रपत्र क्रय करने की तिथि अंतिम : 07/04/2025, 17.30 तक ( केवल ऑनलाइन )
प्राइज बीड जमा करने की तिथि अंतिम : 07/04/2025, 17.30 तक ( केवल ऑनलाइन )
निविदा की धरोहर राशि खुलने की तिथि : 09/04/2025, 10.30 से 09/04/2025, 17.30 तक ( केवल ऑनलाइन )
प्राइज बीड खुलने की तिथि : 09/04/2025, 10.31 से 09/04/2025, 17.30 तक ( केवल ऑनलाइन )

निविदा प्रपत्र को उपरोक्त वेबसाइट पर केवल ऑन लाइन क्रय किया जा सकता है। ऑन लाइन पर भुगतान डेबिट/ कैश कार्ड या इन्टरनेट बैंकिंग अकाउंट्स के माध्यम से किया जा सकता है। निविदा की विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाइट www.mptenders.gov.in का अवलोकन करें।

(शैलेन्द्र राठौर) कार्यपालन यंत्री
नर्मदा विकास (वि./यां.) संभाग क्रमांक-2 बरगीनगर, जबलपुर (म.प्र.)

G-24682/24 दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।



विज्ञापन पत्र क्रमांक/858/व.ले.लि./का.यं./लो.स्वा.यां./खण्ड/2025 सिवनी, दिनांक -18.03.2025

### कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड- सिवनी (म.प्र.)

निविदा आमंत्रण सूचना (संक्षिप्त)

निम्नलिखित कार्य की निविदा प्रक्रिया ई- प्रोक्युरमेंट ई-टेंडरिंग पद्धति से पोर्टल http://www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित हैं। निविदा का विवरण निम्नानुसार है-

| निविदा सूचना क्र./दिनांक | ई-टेण्डरिंग पद्धति क्रमांक | कार्य का नाम | कुल अनु. लागत ( रु. लाख में ) | कुल अमानती राशि ( रु. में ) | निविदा प्रपत्र का मूल्य ( रु. में ) | निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि | ऑन लाइन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | समय अवधि | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 24/नि.प्र./ 2024-25 दिनांक 18.03.2025 | 2025_ PHED_ 407948_1 | सिवनी जिले के विकासखण्ड सिवनी के विभिन्न ग्रामों में 125/ 115 मि.मी. व्यास के 120 मी. गहरे 20 नग नलकूपों का खनन कार्य। समूह क्रमांक-01 | 19.00 | 38,000.00 | 2,000.00 | 07.04.2025 | 07.04.2025 | 60 दिवस ( वर्षाकाल छोड़कर ) | म.प्र. लोक निर्माण विभाग भोपाल में केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत पंजीकृत फर्म / ठेकेदार |
| 24/नि.प्र./ 2024-25 दिनांक 18.03.2025 | 2025_ PHED_ 407949_1 | सिवनी जिले के विकासखण्ड कुरई के विभिन्न ग्रामों में 125/ 115 मि.मी. व्यास के 120 मी. गहरे 20 नग नलकूपों का खनन कार्य। समूह क्रमांक-02 | 19.00 | 38,000.00 | 2,000.00 | 07.04.2025 | 07.04.2025 | 60 दिवस ( वर्षाकाल छोड़कर ) | म.प्र. लोक निर्माण विभाग भोपाल में केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत पंजीकृत फर्म / ठेकेदार |
| 24/नि.प्र./ 2024-25 दिनांक 18.03.2025 | 2025_ PHED_ 407950_1 | सिवनी जिले के विकासखण्ड केवलारी के विभिन्न ग्रामों में 125/ 115 मि.मी. व्यास के 120 मी. गहरे 20 नग नलकूपों का खनन कार्य। समूह क्रमांक-03 | 19.00 | 38,000.00 | 2,000.00 | 07.04.2025 | 07.04.2025 | 60 दिवस ( वर्षाकाल छोड़कर ) | म.प्र. लोक निर्माण विभाग भोपाल में केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत पंजीकृत फर्म / ठेकेदार |
| 24/नि.प्र./ 2024-25 दिनांक 18.03.2025 | 2025_ PHED_ 407952_1 | सिवनी जिले के विकासखण्ड बरघाट के विभिन्न ग्रामों में 125/ 115 मि.मी. व्यास के 120 मी. गहरे 20 नग नलकूपों का खनन कार्य। समूह क्रमांक-04 | 19.00 | 38,000.00 | 2,000.00 | 07.04.2025 | 07.04.2025 | 60 दिवस ( वर्षाकाल छोड़कर ) | म.प्र. लोक निर्माण विभाग भोपाल में केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत पंजीकृत फर्म / ठेकेदार |
| 24/नि.प्र./ 2024-25 दिनांक 18.03.2025 | 2025_ PHED_ 407953_1 | सिवनी जिले के विकासखण्ड छपारा के विभिन्न ग्रामों में 125/ 115 मि.मी. व्यास के 120 मी. गहरे 20 नग नलकूपों का खनन कार्य। समूह क्रमांक-05 | 19.00 | 38,000.00 | 2,000.00 | 07.04.2025 | 07.04.2025 | 60 दिवस ( वर्षाकाल छोड़कर ) | म.प्र. लोक निर्माण विभाग भोपाल में केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत पंजीकृत फर्म / ठेकेदार |
| 24/नि.प्र./ 2024-25 दिनांक 18.03.2025 | 2025_ PHED_ 407954_1 | सिवनी जिले के विकासखण्ड धनौरा के विभिन्न ग्रामों में 125/ 115 मि.मी. व्यास के 120 मी. गहरे 20 नग नलकूपों का खनन कार्य। समूह क्रमांक-06 | 19.00 | 38,000.00 | 2,000.00 | 07.04.2025 | 07.04.2025 | 60 दिवस ( वर्षाकाल छोड़कर ) | म.प्र. लोक निर्माण विभाग भोपाल में केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत पंजीकृत फर्म / ठेकेदार |
| 24/नि.प्र./ 2024-25 दिनांक 18.03.2025 | 2025_ PHED_ 407955_1 | सिवनी जिले के विकासखण्ड लखनादौन के विभिन्न ग्रामों में 125/ 115 मि.मी. व्यास के 120 मी. गहरे 20 नग नलकूपों का खनन कार्य। समूह क्रमांक-07 | 19.00 | 38,000.00 | 2,000.00 | 07.04.2025 | 07.04.2025 | 60 दिवस ( वर्षाकाल छोड़कर ) | म.प्र. लोक निर्माण विभाग भोपाल में केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत पंजीकृत फर्म / ठेकेदार |
| 24/नि.प्र./ 2024-25 दिनांक 18.03.2025 | 2025_ PHED_ 407956_1 | सिवनी जिले के विकासखण्ड घंसौर के विभिन्न ग्रामों में 125/ 115 मि.मी. व्यास के 120 मी. गहरे 20 नग नलकूपों का खनन कार्य। समूह क्रमांक-07 | 19.00 | 38,000.00 | 2,000.00 | 07.04.2025 | 07.04.2025 | 60 दिवस ( वर्षाकाल छोड़कर ) | म.प्र. लोक निर्माण विभाग भोपाल में केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत पंजीकृत फर्म / ठेकेदार |

G-24712/24 दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है। कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड सिवनी (म.प्र.)


विशेष लेख

# जल पुरुष डॉ. मोहन यादव का संकल्प हर किसान के खेत तक पानी पहुंचाना

## सिंचाई के क्षेत्र में हासिल की अभूतपूर्व उपलब्धियां


जन्मदिवस पर विशेष

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव अक्सर कहते हैं कि प्राचीन काल में भारत में पारस पत्थर हुआ करता था, जिसके स्पर्श से लोहा सोना हो जाता था। इस पारस पत्थर का काम पानी करता है जब वह सूखे खेतों पर पहुंचता है। जल के स्पर्श से खेतों में सुनहरी फसलें लहलहाती हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के देश की धरती को शस्य श्यामला बनाने के संकल्प से ही जुड़ा हुआ है मुख्यमंत्री डॉ. यादव का संकल्प हर किसान के खेत तक पानी पहुंचाना जिससे हर खेत में सुनहरी फसलें लहलहाएं और किसान समृद्धशाली बने। इसी संकल्प को पूरा करने के लिए वे निरंतर जुटे हुए हैं और इसके परिणाम स्वरुप प्रदेश ने गत 1 वर्ष में सिंचाई के क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल की हैं।

पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेई ने दो दशक पहले देश की नदियों को जोड़कर हर खेत तक पानी पहुंचाने का सपना देखा था, जो राज्यों के बीच जल विवाद के चलते दो दशकों से अधिक समय से ठंडे बस्ते में पड़ा हुआ था। केन-बेतवा और पार्वती-कालीसिंध-चंबल जैसी महत्वाकांक्षी अंतर्राज्यीय नदी जोड़ो परियोजनाएं मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश और राजस्थान के बीच सहमति न बन पाने के कारण आगे नहीं बढ़ पा रही थीं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने केंद्र सरकार और राज्यों से निरंतर चर्चा कर इन परियोजनाओं के गतिरोध को समाप्त किया और प्रदेश ने दो बड़ी परियोजनाओं के रूप में अभूतपूर्व उपलब्धि हासिल की। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने स्वयं भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेई जी की 100वीं जयंती पर मध्यप्रदेश आकर देश की पहली नदी जोड़ो राष्ट्रीय परियोजना केन-बेतवा का शिलान्यास किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव के अथक प्रयासों का ही परिणाम है कि अब महाराष्ट्र सरकार के साथ वार्ता के बाद विश्व की सबसे बड़ी ग्राउण्ड वॉटर रीचार्ज अंतर्राज्यीय संयुक्त परियोजना ताप्ती बेसिन मेगा रीचार्ज परियोजना का अवरोध दूर हो गया है। मध्यप्रदेश शीघ्र ही महाराष्ट्र सरकार के साथ इस संबंध में करार करने की ओर बढ़ रहा है। जल्द ही केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री को भोपाल आमंत्रित कर करार की कार्यवाही की जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का कहना है कि ताप्ती मेगा रिचार्ज योजना के जरिए हम महाराष्ट्र सरकार के साथ मिलकर ताप्ती नदी की तीन धाराएं बनाकर राष्ट्रहित में नदी जल की बूंद-बूंद का उपयोग सुनिश्चित कर कृषि भूमि का कोना-कोना सिंचित करेंगे।

केन-बेतवा लिंक राष्ट्रीय परियोजना एक महत्वाकांक्षी राष्ट्रीय परियोजना है, जिसमें केन नदी पर दौधन बांध एवं लिंक नहर का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है। रूपये 44 हजार 605 करोड़ लागत की इस परियोजना के पूर्ण होने पर मध्यप्रदेश के सूखाग्रस्त बुन्देलखण्ड क्षेत्र के 08 लाख 11 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा और प्रदेश की 44 लाख आबादी को पेयजल सुविधा प्राप्त होगी। साथ ही परियोजना से 103 मेगावाट बिजली का उत्पादन भी होगा, जिसका पूर्ण उपयोग मध्यप्रदेश करेगा। इस परियोजना से मध्यप्रदेश के 10 जिले-छतरपुर, पन्ना, दमोह, टीकमगढ़, निवाड़ी, शिवपुरी, दतिया, रायसेन, विदिशा एवं सागर के लगभग 02 हजार ग्रामों के लगभग 07 लाख 25 हजार किसान परिवार लाभांवित होंगे। सूखाग्रस्त बुन्देलखण्ड क्षेत्र में भू-जल स्तर की स्थिति सुधरेगी। औद्योगीकरण, निवेश एवं पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा तथा रोजगार के अवसर भी उपलब्ध होंगे। इससे स्थानीय स्तर पर लोगों में आत्मनिर्भरता आयेगी तथा लोगों का पलायन रुकेगा। परियोजना के साकार रूप लेने पर मध्यप्रदेश के बुन्देलखण्ड क्षेत्र की तस्वीर बदलेगी।

संशोधित पार्वती-कालीसिंध-चम्बल अन्तर्राज्यीय नदी लिंक परियोजना के क्रियान्वयन के लिए मध्यप्रदेश और राजस्थान राज्यों एवं केन्द्र के मध्य 28.01.2024 को त्रिपक्षीय समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित हुआ और दोनों राज्यों एवं केन्द्र के मध्य 05.12.2024 को जयपुर में अनुबंध सहमति पत्र (मेमोरेंडम ऑफ एग्रीमेंट) हस्ताक्षरित किया गया। परियोजना की अनुमानित लागत 72 हजार करोड़ रूपये की है, जिसमें मध्यप्रदेश 35 हजार करोड़ एवं राजस्थान 37 करोड़ की हिस्सेदारी होगी। परियोजना से मध्यप्रदेश में मालवा एवं चंबल क्षेत्र के 11 जिले क्रमशः गुना, शिवपुरी, मुरैना, उज्जैन, सीहोर, मंदसौर, देवास, इंदौर, आगर-मालवा, शाजापुर एवं राजगढ़ जिलों में कुल 6.14 लाख हेक्टेयर नवीन सिंचाई एवं चंबल नहर प्रणाली के आधुनीकरण से भिंड मुरैना एवं श्योपुर के 3.62 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा सुनिश्चत की जायेगी। परियोजना से लगभग 03 हजार 150 ग्रामों की 40 लाख आबादी लाभान्वित होगी एवं इस समेकित परियोजना में मध्यप्रदेश की 19 सिंचाई परियोजनाओं को शामिल किया गया है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव का संकल्प है कि क्षिप्रा स्वच्छ और निरंतर प्रवहमान बने और सिहंस्थ 2028 में क्षिप्रा के जल में ही श्रद्धालुओं को स्नान कराया जाए। क्षिप्रा नदी के जल को शुद्ध रखने के लिए 900 करोड़ रूपये की लागत की कान्ह डयवर्सन क्लोज डक्ट परियोजना के द्वारा कान्ह नदी के दूषित जल को क्षिप्रा नदी में मिलने से रोका जायेगा। वर्ष-2028 से पहले यह योजना पूर्ण कर ली जायेगी। क्षिप्रा को वर्ष भर अविरल, प्रवहमान बनाने के लिए उज्जैन जिले की सेवरखेडी एवं सिलारखेडी (लागत लगभग 615 करोड़) योजना का कार्य भी आंरभ हो गया है। इससे आमजन एवं श्रद्धालुओं को पूरे वर्ष भर विशेष पर्वों पर उनकी धार्मिक भावनाओं के अनुरूप क्षिप्रा नदी में स्नान करने का अवसर मिलेगा। क्षिप्रा नदी पर सिंहस्थ में स्नान सुविधा के लिये क्षिप्रा नदी के दोनों तटों पर लगभग 29 किलोमीटर लंबाई में घाटों का निर्माण किया जायेगा, जिसकी राशि रू. 778.91 करोड़ की प्रशासकीय स्वीकृति दी जा चुकी है। मध्यप्रदेश के बुन्देलखण्ड क्षेत्र में भू-जल स्तर को बढ़ाने, पेयजल संकट को दूर करने एवं सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से अटल भू-जल योजना प्रारंभ की गई है। यह योजना प्रदेश के 06 जिलों के 09 विकासखण्डों में क्रियान्वित की जा रही है। इस परियोजना से चयनित क्षेत्रों में भू-जल स्तर में सुधार होने से स्थानीय किसानों को लाभ प्राप्त होगा तथा किसानों की आय बढ़ेगी। इसके अतिरिक्त जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जल प्रदाय के लिये टिकाऊ जल स्त्रोत भी उपलब्ध हो सकेंगे। बांधों की सुरक्षा भी एक महत्वपूर्ण मुद्दा है। बांधों की सुरक्षा को लेकर मध्यप्रदेश सरकार पूरी सजगता के साथ काम कर रही है। इसके लिये प्रदेश में डैम सेफ्टी रिव्यू पेनल गठित है, जो प्रतिवर्ष संवेदनशील बांधों का निरीक्षण कर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करता है। आने वाले 05 वर्षों में प्रदेश के 27 बांधों की सुरक्षा एवं मरम्मत की जावेगी। इसके लिये विश्व बैंक के सहयोग से 551 करोड़ रूपये की स्वीकृति प्राप्त की जा चुकी है।

- पंकज मित्तल


### न्यायालयः- श्रीमती अमृता मिश्रा तिवारी, प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड पाटन

आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अंतर्गत प्रकाशान बावद।
आर.सी.एस.ए.-92/2025
प्रनील दुबे ...................... वादी
// बनाम //
आम जनता एवं अन्य...प्रतिवादीगण

प्रतिवादीगण को सूचित किया जाता है कि न्यायालय श्रीमती अमृता मिश्रा तिवारी, व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड, पाटन, जिला जबलपुर के प्रकरण क्र. आर.सी.एस.ए.-92/2025 में पक्षकार प्रनील दुबे बनाम आम जनता एवं अन्य में वादी द्वारा मौजा दोनी, प.ह.नं.- 110 गनयारी, तहसील पाटन, जिला जबलपुर में स्थित जमीन खसरा नं-79, 81, 95 रकवा 0.35, 0.33, 0.85 हे. भूमि की वसीयत दिनांक 02/06/2023 भूमि स्वामी हरिओम पांडेय उर्फ ओमकृष्ण पांडेय आत्मज कृष्ण पांडेय के द्वारा वादी के पक्ष में कर दी गई है उक्त भूमि के स्वामित्व की घोषणा बावद व्यवहार वाद इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है आपको इस न्यायालय में सूचना प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये हाजिर होने के लिये समंन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी प्लीडर/अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो सकते है जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे में या शक्ति में हो प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में संलग्न करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक है तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावे। यह आज तारीख 24/03/2025 को मेरे हस्ताक्षर से ओर न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया।

टिप्पणी-उपस्थिति हेतु समंस के साथ वाद पत्र की छाया प्रति संलग्न है।

नोट- यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

स्थान-पाटन
दिनांक- 24/03/2025

न्यायाधीश- श्रीमती अमिता मिश्रा तिवारी
प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड
पाटन जबलपुर (म.प्र.)

र.नं. 3486


## हाथरस सत्संग भगदड़ मामला में 5 अप्रैल को सुनवाई

**हाथरस।** उत्तर प्रदेश के हाथरस में नारायण साकार हरि के सत्संग के दौरान मची भगदड़ मामले में हाथरस जिला न्यायालय में चल रही सुनवाई को लेकर अधिवक्ता एपी सिंह ने जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कोर्ट ने इस मामले की अगली सुनवाई के लिए 5 अप्रैल की तारीख निर्धारित की है। अधिवक्ता एपी सिंह ने कहा, हाथरस जिला न्यायालय में पिछले साल 2 जुलाई को हुई एक दुखद घटना के मामले की सुनवाई चल रही थी। सोमवार को जिला जज अलीगढ़ में निरीक्षण के लिए गए थे, जिसके कारण इस मामले की अगली सुनवाई की तारीख 5 अप्रैल तय की गई है।


### इश्तहार

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अपने पक्षकार अशोक कुमार साहू आत्मज स्व. भगवानदास साहू निवासी थापक वार्ड, पाटन, तहसील पाटन, जिला जबलपुर के निर्देशानुसार बावद ऐसी कि मेरे पक्षकार का जेष्ठ पुत्र भूपेश कुमार साहू उम्र 44 वर्ष है। मेरे पक्षकार द्वारा उसे मेरे पक्षकार की सपंत्ति में से उसका संपूर्ण हक हिस्सा प्रदान कर दिया गया है। जो इस प्रकार है- मेरे पक्षकार ने पुत्र भूपेश को शिवाजी नगर फेस-4, माढोताल, जबलपुर में विक्रय पत्र दिनाक 04/07/2016 के माध्यम से एक प्लाट 840 वर्गफुट का 9,36,720/- रूपये में खरीदकर दिया, फिर उस पर 10,00,000/- रूपये की लागत से मेरे पक्षकार ने मकान निर्माण कराया एवं उसको सोंप दिया। उसके बाद 4 एकड कृषि भूमि ग्राम रमपुरा, तहसील पाटन में उसे खरीदकर दी और उसके बाद 10,00,000/- रूपये नगद चैक और बैंक के माध्यम से सन् 2024 में उसे देकर परिवार की संपत्ति में से उसको उसका संपूर्ण हक हिस्सा दिया जा चुका है, अब भूपेश का मेरे पक्षकार और उसके परिवार की किसी भी चल अचल संपत्ति में कोई हक हिस्सा शेष नहीं बचा है। सर्वसाधारण को यह भी सूचित किया जाता है कि जो भी व्यक्ति / सरकारी/अर्धसरकारी / प्राईवेट संस्था उसके साथ किसी भी प्रकार का आर्थिक लेन देन समव्यवहार करते है तो उसके लिये भूपेश और आप स्वयं जिम्मेदार होंगे।

जबलपुर, दिनांक- 17/03/2025

कौलाश चौरसिया (अधिवक्ता)
ऑफिस / पता- 65, वार्ड नं.5, चौपाटी वार्ड, पाटन तहसील पाटन, जिला जबलपुर (म.प्र.)
मोबाईल नं 9424320065

र.नं. 3485



### न्यायालय तहसीलदार तहसील जयसिंहनगर जिला-शहडोल (म.प्र.)

रा.प्र.क्र./ /अ-6/2024-2025
समरजीत पिता तनगू गोंड़ निवासी चंदेला थाना व तहसील जयसिंहनगर जिला-शहडोल म.प्र.
बनाम
मैकू उर्फ राजकरण पिता दामोदर निवासी चंदेला
कार्यवाही अंतर्गत धारा 109, 110 म.प्र.भू-रा.संहिता 1959

#### इश्तहार

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका समरजीत पिता तनगू गोंड निवासी चंदेला थाना व तहसील जयसिंहनगर जिला शहडोल म.प्र. द्वारा ग्राम चंदेला की आराजी खसरा नं. 394, 400, 402, 403, 869/1,870, 898/1 कुल किता 7 कुल रकवा 4.262 हे. भूमियाँ बुद्धाबाई पिता धर्मू गोंड एवं मुन्नू पिता धर्मू गोंड़ लावल्द फौत होने से अपने नाम नामांतरण हेतु म.प्र.भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह न्यायालय में उपस्थित होकर नियत पेशी दिनांक 25/03/25 को स्थान तहसील जयसिंहनगर में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक व वैध प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होकर अपनी आपत्तियां प्रस्तुत कर सकते है। वाद म्याद किसी भी प्रकार की आपत्ति पर कोई विचार नही किया जायेगा।

आज दिनांक 18.03.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया है।

तहसीलदार तहसील जयसिंहनगर
जिला शहडोल (म.प्र.)


## 'हनी ट्रैप' मामले में सुप्रीम कोर्ट सुनवाई को सहमत

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय कर्नाटक सरकार के एक वरिष्ठ मंत्री और न्यायाधीशों सहित कई अन्य लोगों को कथित रूप से हनी ट्रैप में फंसाने की घटना की जांच का निर्देश देने की मांग वाली जनहित याचिका पर विचार करेगा। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ ने याचिकाकर्ता बिनय कुमार सिंह की याचिका पर सुनवाई के लिए सहमति व्यक्त करते हुए कहा कि मामले की सुनवाई सोमवार या मंगलवार को की जाएगी। धनबाद निवासी याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता बरुण कुमार सिंह ने शीर्ष अदालत से शीघ्र सुनवाई की गुहार लगाते हुए मामले का विषेश रूप से उल्लेख के बाद यह सहमति व्यक्त की गई।


DECLARATION

I, MD DAUD RAFFIQ S/o MOHAMMAD GANI hereby declare that, I have changed my name from DAUD RAFIQ S/o MOHAMMAD GANI to MD DAUD RAFFIQ S/o MOHAMMAD GANI. कृति

# देश-प्रदेश



**उवाच**

## किसानों को बना रहे भागीदार, जमीनों की कीमत बढ़ेगी

**भोपाल, देशबन्धु।** विधानसभा में नगर और ग्राम निवेश संशोधन विधेयक पारित कर दिया गया। इसके बाद सदन की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने संशोधन विधेयक पर पूरी चर्चा का उत्तर देते हुए कहा कि इस विधेयक में मुआवजा और मास्टर प्लान का कोई उल्लेख नहीं है। हम किसान को मजबूत बनाने के लिए यह विधेयक ला रहे हैं। इससे किसानों की जमीन की कीमतें बढ़ेंगी। कांग्रेस विधायक राजेंद्र कुमार सिंह ने नगर और ग्राम निवेश संशोधन विधेयक को प्रवर समिति को भेजने का प्रस्ताव दिया। उन्होंने कहा कि जमीन लेते समय मानवीय पहलू होना बहुत जरूरी है।



विधानसभा के बजट सत्र का समापन, अध्यक्ष ने कहा-

## संसदीय कार्यप्रणाली प्रगति का माध्यम बने

**भोपाल, देशबन्धु।** विधानसभा के बजट सत्र का सोमवार को समापन हो गया। अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने इस अवसर पर अपने भाषण में कहा कि सदन में सार्थक चर्चा के माध्यम से ही जनता की समस्याओं का निराकरण होता है। उन्होंने कहा कि सदन का चलना और चर्चा होना पक्ष और विपक्ष दोनों के हित में है। इससे जहां एक ओर विपक्ष को प्रश्नों, ध्यानाकर्षण और विभिन्न संसदीय माध्यमों से अपनी बात कहने का अवसर मिलता है।

श्री तोमर ने कहा कि वास्तव में हमारा लक्ष्य यही होता है कि लोकतंत्र समृद्ध हो और संसदीय कार्यप्रणाली प्रदेश और उसकी जनता की प्रगति तथा उन्नति का माध्यम बने। उन्होंने कहा कि सरकार को अपनी कार्यप्रणाली में कमियों को दूर करने के लिए बहुमूल्य सुझाव भी प्राप्त होते हैं जिससे प्रशासनिक व्यवस्था में सुधार करने और उसमें कसावट लाने में सुविधा होती है।



# किसानों को मिलेगा मुआवजा, गुड़ी पड़वा पर होगा नव वर्ष का जश्न

### मोहन कैबिनेट के अहम फैसले

- उज्जैन बनेगा काल गणना का केंद्र
- 26वीं वाइल्ड लाइफ सेंचुरी को मंजूरी
- ओलावृष्टि से प्रभावित किसानों को मुआवजा के निर्देश
- जीआईएस की प्रगति के देखने
- नगर निगमों के लिए सौर ऊर्जा प्लांट का निर्णय
- खजुराहो में वेलनेस सेंटर बनाने जमीन आवंटित

**भोपाल, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश सरकार ने सोमवार को कैबिनेट बैठक की। इस बैठक में मोहन सरकार ने जनता से जुड़े कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए। सरकार ने इस वर्ष से पूरे प्रदेश में गुड़ी पड़वा को नववर्ष के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार सभी जिलों में गुड़ी पड़वा उत्सव मनाया जाएगा। मंत्रियों को भी जिलों में जाकर इस पर्व को मनाने को कहा गया है। मंत्री ने बताया कि इंदौर और उज्जैन में पहले से ही गुड़ी पड़वा को नववर्ष के रूप में मनाया जाता रहा है। आयुर्वेद के अनुसार इस दिन नीम की पत्तियां खाने से स्वास्थ्य लाभ मिलता है, इसे बढ़ावा देने जनता से अपील की जाएगी।

मंत्री विजयवर्गीय ने बताया कि उज्जैन में विक्रमोत्सव जारी है और 12, 13 और 14 अप्रैल तक दिल्ली में सम्राट विक्रमादित्य पर महानाट्य का आयोजन होगा। सरकार उज्जैन को पुनः काल गणना का वैश्विक केंद्र बनाने की दिशा में काम कर रही है। भारतीय गणना प्रणाली की विशेषता को पुनः वैश्विक स्तर पर प्रचारित किया जाएगा। उज्जैन को समय गणना का केंद्र बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं।

सरकार ने ओंकारेश्वर में 614 वर्ग किमी क्षेत्र में नई वाइल्ड लाइफ सेंचुरी को मंजूरी दी है। यह प्रदेश की 26वीं सेंचुरी होगी। विजयवर्गीय ने बताया कि इस वन क्षेत्र में कोई वन ग्राम नहीं है, जिससे इसे विकसित करने में कोई समस्या नहीं आएगी। देश में सबसे अधिक वाइल्ड लाइफ सेंचुरी बनाने का रिकॉर्ड मध्य प्रदेश के नाम। यह सेंचुरी प्राकृतिक संपदा और जैव विविधता को बढ़ावा देगी।

मंत्री ने कहा कि



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गर्मी की शुरुआत को देखते हुए जल संरक्षण और पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। सीएम ने जल संकट से निपटने के लिए मंत्रियों को जल आपूर्ति की निगरानी के निर्देश दिए है। उन्होंने पशु-पक्षियों के लिए भी पानी की व्यवस्था करने को कहा है। साथ ही प्रदेश के कुछ जिलों में ओलावृष्टि से प्रभावित क्षेत्रों में कलेक्टरों को जल्द सर्वे कर मुआवजा देने के निर्देश दिए गए है।

सरकार ने औद्योगीकरण को गति देने के लिए प्रदेश में भूमिपूजन और निवेश प्रगति की साप्ताहिक समीक्षा शुरू की है। भिंड-चंबल सहित विभिन्न संभागों में 18 भूमिपूजन किए गए। ग्वालियर समेत अन्य जिलों में भूमिपूजन हुए हैं। प्रदेश के सभी संभाग और जिलों में निवेश प्रस्तावों की प्रगति और समीक्षा की जा रही है। मंत्री ने कहा कि अगले एक वर्ष में पूरे प्रदेश में औद्योगीकरण को मजबूत करने का लक्ष्य।

सरकार नगर निगमों और नगर पालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए चार बड़े सोलर प्लांट लगाने जा रही है। मंत्री ने बताया कि नगर निगमों का सबसे बड़ा खर्च वेतन और बिजली का बिल है। सोलर प्लांट से जल योजनाओं की बिजली लागत घटेगी और सरप्लस बिजली विक्रय हो सकेगी। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की समूह जल योजनाओं के लिए भी सौर ऊर्जा का उपयोग होगा। इसको लेकर विभाग ने कैबिनेट से अनुमति मांगी थी, जिसे कैबिनेट ने स्वीकृति दे दी।

मंत्री ने कहा कि खजुराहोयुनेस्को वर्ल्ड हेरिटेज साइट है, वहां होटल इंडस्ट्री निवेश को लेकर रूचि दिखा रही है। पिछले तीन से चार साल में पर्यटनों की संख्या दोगुनी हुई है। राजगढ़ी कोठी को ओबेरॉय ग्रुप में हैरिटेज होटल बनाया है। अब उससे लगी 19 एकड़ भमि ओबेरॉय ग्रुप ने वेलनेससेंटर बनाने के मांगी थी, जिसे कैबिनेट ने शासकीय दर पर आवंटित करने का निर्णय लिया है।

## अहमदाबाद में बुलेट ट्रेन साइट पर हादसा, 25 ट्रेनें प्रभावित

**अहमदाबाद।** अहमदाबाद के पास बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट स्थल पर एक हादसे के कारण भारी मुसीबत हो गई जिसके कारण कई ट्रेनें रद्द करनी पड़ी हैं। यहां निर्माण के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला सेगमेंटल लॉन्चिंग गैंट्री गलती से अपने स्थान से फिसल गया और इससे आसपास की रेलवे लाइन प्रभावित हुई, जिससे कई ट्रेनों की आवाजाही बाधित हुई है। नेशनल हाई स्पीड रेल कॉरपोरेशन ने कहा कि रविवार को रात करीब 11 बजे वटवा में हुई इस घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है, न ही इससे यहां बने ढांचे को कोई नुकसान हुआ है।

हालांकि, इस घटना से रेल यातायात प्रभावित हुआ, जिसके कारण कम से कम 25 ट्रेनें रद्द कर दी गईं, जबकि 15 अन्य को आंशिक रूप से रद्द कर दिया गया, पांच को रीशेड्यूल किया गया और छह को डायवर्ट किया गया है।


**नगर पालिक निगम, जबलपुर जोन क्र.-07 अधारताल जबलपुर म.प्र.**
क्र./सं.अधि./07/M./E.N.P.No/ - 208
2024-2025 दिनांक 24/03/2025
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि क्रेता श्री रमा गोविंद तिवारी, पिता- स्व. श्री रामनिरंजन तिवारी भवन क्रमाक 3235 संपत्ति कर/ पिन नं. 1000431431 जलकर पिन नं. 2604525, पर विक्रेतागण/ पंजीकृत गृहस्वामी - श्री रामनिरंजन तिवारी, पिता- स्व. श्री रामाधार तिवारी वार्ड निर्मलचंद जैन वार्ड , निर्मित भूतल 828 व.फु. आर.सी.सी., विक्रयपत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक पर दर्ज प्रविष्टि के स्थान/ क्रय भाग पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है, जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर संभागीय कार्यालय क्रमांक 07 में प्रमाण एवं दस्तावेजों के साथ आपत्ति प्रस्तुत करें। कृति
कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-7,अधारताल नगर निगम जबलपुर



**गुमा**
मेरा नाम अभिषेक सिंह है और मैं महाराजपुर मैं रहता हूं, मेरा एक बैग जिसमे कि मेरे जरूरी दस्तावेज ( मेरी मार्कशीट और transfer सर्टिफिकेट ) थे वो कल कही रास्ते में आनंद नगर से अधारताल में गिर गया है , जिस किसी सज्जन को वो मिले कृपा करके मुझे प्रदान करें।
**अभिषेक सिंह**
**महाराजपुर, अधारताल जबलपुर**
**8349887757**
कृति



**न्यायालय तहसीलदार तहसील आधारताल, जबलपुर**
रा.प्र.क्र.-1649/अ-6/2024-2025
जबलपुर, दिनांक 14.03.2025
**आम इश्तहार**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक नीलेश सोनी अन्य पिता राजाराम सोनी, निवासी- न्यू जगदम्बा कॉलोनी के द्वारा मौजा लक्ष्मीपुर, ब्लॉक नम्बर....., डायवर्ट खसरा नम्बर-207/33 स्थित भूमि में से रकवा 1000 वर्गफुट भूमि, जो राजस्व रिकॉर्ड में राजन सालुंके पिता व्ही.एन. सालुंके के नाम से दर्ज है। आवेदक के द्वारा अपना नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज कराने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 28.03.2025 तक इस न्यायालय में स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।
जारी दिनांक 14.03.2025
**पेशी दिनांक 28.03.2025**
न्यायालय की मुद्रा | तहसीलदार अधारताल, जबलपुर
Birothia



**नाम परिवर्तन सूचना**
मैं बबीता जैन पति विवेक जैन निवासी 93, सदर बाजार गली न. 6 केन्ट, जबलपुर म.प्र. सत्यनिष्ठा पूर्वक कथन करती हूँ मेरे आधार कार्ड, पेन कार्ड और वोटर आईडी में सभी जगह बबीता जैन नाम दर्ज है वो ही मेरा सही नाम है। वान्या जैन मेरा घर का नाम है।
**गलत नाम : वान्या जैन**
**सही नाम : बबीता जैन**



**नाम परिवर्तन सूचना**
मैं इरशाद अहमद (Irshad Ahmed) निवासी- म.नं. 1553, ठक्कर ग्राम नूरानी मस्जिद के पास नफीसगंज जबलपुर म.प्र. पिन 482002 घोषणा करता हूँ कि मेरा नाम इरशाद अहमद जो कि पुराने पासपोर्ट में था जिसे बदलकर अब मैं इरशाद अहमद अंसारी (Irshad Ahmed Ansari) कर रहा हूँ मेरा आधार कार्ड नं. 6132 8992 4125 है व पैन कार्ड, बैंक पासबुक में भी और स्कूल मार्कशीट में भी इरशाद अहमद अंसारी (Irshad Ahmed Ansari) दर्ज है अब से मुझे इरशाद अहमद अंसारी (Irshad Ahmed Ansari) इस नये नाम से जाना व पहचाना जाये।
पुराना नाम- इरशाद अहमद (Irshad Ahmed)
नया नाम- इरशाद अहमद अंसारी (Irshad Ahmed Ansari)
पिता- मुबीन अहमद अंसारी



**CHANGE OF NAME & DOB**
I, GOAAWARI JENA is legally MOTHER of Army No- JC-389730W, Rank- SUB, Name- NAROTTAM JENA Unit- MB AREA SIG COY (Corps of Signals) Home - Address - Vil - PATANAPADA, Post- SANTARAGADIA, Teh- NILGIRI, Dist- BALASORE, State- ODISHA, Pin- 756042., I, have changed my name GOAAWARI JENA to GODABARI JENA and date of birth 01/07/1951 to 01/01/1952 Vide Affidavit No. 33AA 622901 before Notary, Jabalpur M.P.
INCORRECT NAME GOAAWARI JENA
INCORRECT DOB - 01/07/1951
CORRECT NAME GODABARI JENA
CORRECT DOB - 01/01/1952
कृति



**CHANGE OF NAME & DOB**
I, KAPILENORA JENA is legally Father of Army No- JC-389730W, Rank- SUB, Name- NAROTTAM JENA Unit- MB AREA SIG COY (Corps of Signals) Home - Address - Vil - PATANAPADA, Post- SANTARAGADIA, Teh- NILGIRI, Dist- BALASORE, State- ODISHA, Pin- 756042., I, have changed my name KAPILENORA JENA to KAPILENDRA JENA and date of birth 01/07/1947 to 03/05/1952 Vide Affidavit No. 33AA 622902 before Notary, Jabalpur M.P.
INCORRECT NAME KAPILENORA JENA
INCORRECT DOB - 01/07/1947
CORRECT NAME KAPILENDRA JENA
CORRECT DOB - 03/05/1952
कृति



**न्यायालय - आयुक्त कर्मचारी क्षतिपूर्ति अधिनियम श्रम न्यायालय कोर्ट क्रं. 67, जिला एवं सत्र न्यायालय जिला जबलपुर म.प्र.**
प्रकरण क्रमांक 48/2025/F (M) 48/2021/F
**सूचना-पत्र**
उपरोक्त प्रकरण क्रमांक 48/wc Act/2025/ Fetal (Miss) में सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मृतक स्व. सुघराम/ सुखराम यादव की मृत्यु नियोक्ता नियोजक/ ठेकेदार नाईस एग्रो इंडस्ट्रीज के नियोजन के दौरान दुर्घटना में दिनांक 14/01/2021 को मृत्यु हो गई है। नियुक्ता/ बीमा कं. ओरियण्टल इंश्योरेंस कंपनी लिमि. ने क्षतिधन राशि रू. 5,00,000/- (पांच लाख रू. मात्र) न्यायालय में जमा है- उपरोक्त जमा क्षतिधन राशि के वितरण हेतु आश्रितों की जांच व साक्ष्य हेतु दिनांक 19.03.2025 नियत की गई है। उपरोक्त प्रकरण में मृतक स्व. सुघराम/ सुखराम यादव के जो भी व्यक्ति कर्मचारी क्षतिपूर्ति अधि. 1923 की धारा 2 (डी) के अंतर्गत आश्रितों की श्रेणी में आते हों वे दिनांक 22/04/2025 को 11.00 बजे इस न्यायालय में उपस्थित होकर आश्रित होने सम्बंधी प्रार्थना पत्र पेश करे साथ ही पहचान संबंधी दस्तावेज परिचय पत्र, आधार कार्ड, परिवार पत्र बैंक की पास बुक, ग्राम पंचायत या स्थानीय निकाय का प्रमाण पत्र पेश करे तथा आश्रितों के फोटो शासकीय अधिकारी व नोटरी से प्रमाणित करवा कर पेश करे नाबालिग बच्चे हों तो उनकी स्कूल की अंकसूची साथ लावें।
आज दिनांक ....... को मेरे हस्ताक्षर व मुद्रा के अधीन जारी किया गया।
(डॉ. मनोज कुमार) आयुक्त कर्मचारी क्षतिपूर्ति श्रम न्यायालय, जबलपुर म.प्र.



**न्यायालय तहसीलदार तह. गोरखपुर, जिला-जबलपुर**
**आम इश्तहार**
रा.प्र.क्र. 3427/अ-6/2024-25
जबलपुर, दिनांक 10.03.2025
एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम तिलवारा प.ह.नं. 07 तहसील गोरखपुर-1 जिला जबलपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदक बसंत विश्वकर्मा पिता स्व. दीनानाथ विश्वकर्मा निवासी म.नं. 71 त्रिपुरी वार्ड के द्वारा ग्राम तिलवारा स्थित भूमि खसरा नंबर 76/1/1, रकवा 0.0741 हेक्टेयर भूमि पर फौती नामांतरण दर्ज किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किये जाने से प्रकरण विचाराधीन है।
तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति लिखित में मय दस्तावेज पेशी दिनांक 26/3/25 तक इस न्यायालय में स्वयं उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के द्वारा पेश कर सकता है। पेशी अवधि व्यतीत हो जाने पर प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।
यह इश्तहार न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।
जारी दिनांक : 18/03/25
पेशी दिनांक : 26/03/25
तहसीलदार गोरखपुर, जबलपुर
र.नं.- 3489



फौती
**न्यायालय तहसीलदार रांझी जबलपुर**
रा.प्र.क्रं/1992/अ-6/2024-2025
**आम इश्तहार**
आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक तेज सिंह राजपूत / स्व. उमाचरण राजपूत नि. डॉ. अरोरा के पीछे घमापुर ने नजूल ब्लाक नं. 111 प्लाट नं. 20 निर्मित रकवा 505 व.फु./ अवि. हिस्सा ..../ व.फु./हे. विक्रय पत्र/ हक त्याग/ वसीयतनामा/ दानपत्र/ वारसान हक/ दिनांक ...... मृत्यु दिनांक 17.04.1988/ 16.07.2014 को हो जाने के कारण वारसान हक/ क्रय उपरांत नाम दर्ज किये जाने का आवेदन पत्र ....... खसरा की छायाप्रति प्रस्तुत किया है। प्रकरण में आवेदक द्वारा संलग्न नजूल संधारण खसरा/ पटवारी/ डायवर्सन खसरा अनुसार नजूल ब्लाक नं. 111 प्लाट नं. 20 निर्मित रकवा/रकवा 505 व.फु./ अवि. हिस्सा ... व.फु. हे. ग्राम बेलबाग प.ह.नं. ... खसरा नं. ...... रकवा 505 व.फु./ हे. उमाचरण वल्द उत्तम सिंह सा. बेलबाग के नाम दर्ज है। अतः किसी व्यक्ति विशेष या संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति स्वयं या अपने अभिभावक के माध्यम से दिनांक 01/04/2025 को इस न्यायालय तहसील रांझी जबलपुर में प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्तिकर्ता की आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।
इश्तहार आज दिनांक 13/03/2025 को मेरे हस्ताक्षर न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।
जारी दिनांक 13/03/2025
पेशी दिनांक 01/04/2025
तहसीलदार, रांझी, जबलपुर
र.नं.- 3492



**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रांझी जबलपुर**
रा.प्र.क्रं/2252/अ-6/2024-2025
**आम इश्तहार**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक छोटेलाल अग्रवाल पिता रामेश्वर रामदयाल अग्रवाल निवासी- 303 प्रगति नगर तिलहरी, जबलपुर द्वारा ग्राम तिलहरी प.ह.नं. 23 न.ब. 231 ख.नं. 261, 298/3 रकवा 3050 वर्गफुट/हेक्टे. भूमि रजिस्टर्ड विक्रय पत्र/ वसीयतनामा/ सहमति पत्र/ फौती के आधार पर शासकीय अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है। अतः उक्त भूमि आवेदक/ आवेदिका के नाम दर्ज किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति/ एतराज हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति इस न्यायालय के कक्ष क्र. 32 में तारीख पेशी के पूर्व पेश कर सकता है। समयावधि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। न्यायालय की मुहर एवं हस्ताक्षर से आज दिनांक 24/03/25 को जारी।
जारी दिनांक : 24/03/2025
पेशी दिनांक : 07/04/2025
अतिरिक्त तहसीलदार रांझी, जबलपुर
र.नं.- 3494



**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार अधारताल, जिला- जबलपुर**
रा.प्र.क्रं/4366/अ-6/2024-20245
जबलपुर, दिनांक 20.03.25
**आम इश्तहार**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक राजकुमारी प्रजापति पति वीरेन्द्र प्रसाद निवासी डगडोआ पोस्ट पन्नी जिला रीवा के द्वारा मौजा करमेता ब्लाक नं. ... प्लाट नं. ... स्थित भूमि खसरा नं. 244/29 में से रकवा 2500 वर्गफुट भूमि जो आवेदक के द्वारा विक्रेता वीरेन्द्र प्रसाद पिता वी.पी. प्रजापति नि. 3151 माढ़ोताल शहर जबलपुर से रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक .... से क्रय किया जाना लेख किया है।
तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 01.04.25 तक इस न्यायालय में स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।
आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।
जारी दिनांक- 20/03/2025
पेशी दिनांक- 01/04/2025
अतिरिक्त तहसीलदार अधारताल जबलपुर
र.नं. 3488



**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार तहसील गोरखपुर, जबलपुर**
रा.प्र.क्रं/2375/अ-6/2024-25
**इश्तहार**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, सुमन चौधरी पति हेमराज चौधरी निवासी- ई-20 विजय नगर रांझी, जबलपुर तहसील गोरखपुर द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 20/11/2012 के माध्यम से मौजा कुंगवा न.ब. 499 प.ह.नं. 19/34 खसरा नम्बर 115/7/1 रकवा 4500 वर्गफुट विक्रेता श्रीमती पारूल मलिक पति श्री सचिन मलिक निवासी 56, आदर्श नगर, जबलपुर से क्रय की गई भूमि पर राजस्व अभिलेखों में अपना नाम दर्ज कराने पंजीकृत विक्रय पत्र, वसीयतनामा/ बटवारानामा/ हस्तांतरण पत्र/ हक त्यागपत्र/ दानपत्र/ फौती दर्ज कर नामांतरण एवं नक्शा बटांक की छाया प्रति संलग्न कर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अतः उपरोक्त नामांतरण/ बटवारा स्वीकृत किये जाने में यदि किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह लिखित आपत्ति पेशी दिनांक 3/4/2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। समयाविधि पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
न्यायालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 20/3/2025 को जारी।
जारी दिनांक- 20/03/2025
पेशी दिनांक- 03/04/2025
अतिरिक्त तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी, गोरखपुर, जबलपुर
र.नं. 3491



**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार तहसील गोरखपुर, जबलपुर**
रा.प्र.क्रं/2373/अ-6/2024-25
**इश्तहार**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, (1) रामकुमार पटैल पिता नर्मदा प्रसाद पटैल (2) रीता पटैल निवासी 4 खेतीकला ग्राम बिलपुरा तहसील तेंदूखेड़ा द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 20/11/2012 के माध्यम से मौजा कुंगवा न.ब. 499 प.ह.नं. 19/34 खसरा नम्बर 115/7/1 रकवा 1125 वर्गफुट विक्रेता श्रीमती पारूल मलिक पति श्री सचिन मलिक निवासी 56, आदर्श नगर, जबलपुर से क्रय की गई भूमि पर राजस्व अभिलेखों में अपना नाम दर्ज कराने पंजीकृत विक्रय पत्र, वसीयतनामा/ बटवारानामा/ हस्तांतरण पत्र/ हक त्यागपत्र/ दानपत्र/ फौती दर्ज कर नामांतरण एवं नक्शा बटांक की छाया प्रति संलग्न कर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अतः उपरोक्त नामांतरण/ बटवारा स्वीकृत किये जाने में यदि किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह लिखित आपत्ति पेशी दिनांक 3/4/2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। समयाविधि पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
न्यायालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 20/3/2025 को जारी।
जारी दिनांक- 20/03/2025
पेशी दिनांक- 03/04/2025
अतिरिक्त तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी, गोरखपुर, जबलपुर
र.नं. 3491



**नाम सुधार सूचना**
मैं श्रीमति किरण मेहरा उम्र 47 वर्ष पति स्व. कृष्ण दास महार 1006 आमनपुर मदन महल जबलपुर म.प्र. निम्नलिखित कथन करती हूँ कि:-Adhar Card No. 6809 9199 5043
1- यह कि मैं म.प्र. की स्थाई निवासी हूं और उपरोक्त पते निवास कर रही हूँ
2- यह कि मेरा सरनेम मेहरा है तथा जाति भी मेहरा हैं, जो कि अनुसूचित जाति में आती हैं। मेरा सरनेम मेहरा मेरे समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्रो में दर्ज हैं
3- यह कि शादी के पूर्व भी मेरा नाम कुमारी किरण मेहरा पुत्री श्री संतोष कुमार मेहरा था।
4-यह कि जहाँ-जहाँ मेरे नाम के साथ मेरा सरनेम महार दर्ज हो वहाँ -वहाँ मेरे नाम के साथ मेरा सरनेम मेहरा दर्ज कर, पूरा नाम सरनेम किरण मेहरा किया जावें।
**शपथकर्ता**
**श्रीमति किरण मेहरा**



**नगर पालिक निगम, जबलपुर जोन क्रं.-07 अधारताल जबलपुर (म.प्र.)**
क्र./सं.अधि./07/M./E.N.P.No/ - 209
2024-2025 दिनांक 24/03/2025
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि क्रेता योगिता गजराज सिंह / पिता बचन सिंह मरावी, बचन सिंह मरावी पिता सुमरत सिंह ने भवन क्रमाक सी-2/ख.नं. 255/2/1 का भाग संपत्ति कर/ पिन नं. 2000128192 पर विक्रेतागण/ पंजीकृत गृहस्वामी - श्रीमति बिन्नू बाई यादव पति श्री रामनाथ सिंह वार्ड निर्मलचंद जैन वार्ड, विक्रय प्लाट रकवा 962 व.फु. पर विक्रयपत्र, के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक पर दर्ज प्रविष्टि के स्थान/ क्रय भाग पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है, जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर संभागीय कार्यालय क्रमांक 07 में प्रमाण एवं दस्तावेजों के साथ आपत्ति प्रस्तुत करें।
र.नं. 3495
कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्र.-7,अधारताल नगर निगम जबलपुर



फौती
**न्यायालय तहसीलदार रांझी जबलपुर**
रा.प्र.क्रं./192/अ-6/2024-2025
**आम इश्तहार**
आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक यशवंत राजपूत/मेवा लाल राजपूत नि.- 2551 बिछेव तिराहा ट्रांसफारमर के सामने वार्ड ने नजूल ब्लॉक नं. 134 प्लाट नं. 2/40 निर्मित रकवा/ रकवा 1565 व.फु./अवि.हिस्सा... व.फु./हे. विक्रय पत्र/हक त्याग/ वसीयतनामा/दानपत्र/ वारसान हक/ दिनांक.... मृत्यु दिनांक 21.10.2004, 12.03.2019 को हो जाने के कारण वारसान हक/ क्रय उपरांत नाम दर्ज किये जाने का आवेदन पत्र... खसरा की छायाप्रति प्रस्तुत किया है। प्रकरण में आवेदक द्वारा संलग्न नजूल संधारण खसरा/पटवारी/डायवर्सन खसरा अनुसार नजूल ब्लॉक नं. 134 प्लाट नं. 2/40 निर्मित रकवा/रकवा 1565 व.फु./अवि. हिस्सा... व.फु. हे./ग्राम घमापुर प.ह.नं... खसरा नं... रकवा 1565 व.फु./हे... मेवालाल वल्द भोलाराम सा. करिया पाथर के नाम दर्ज हैं। अतः किसी व्यक्ति विशेष या संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति स्वयं या अपने अभिभावक के माध्यम से दिनांक 27.03.2025 को इस न्यायालय तहसील रांझी जबलपुर में प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्तिकर्ता की आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी। इश्तहार आज दिनांक 11.03.2025 को मेरे हस्ताक्षर न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।
जारी दिनांक 11.03.2025
पेशी दिनांक 27.03.2025
तहसीलदार रांझी जबलपुर
र.नं. 3480



**न्यायालय तहसीलदार तहसील आधारताल, जबलपुर**
रा.प्र.क्रं./1649/अ-6/2024-2025
जबलपुर, दिनांक 14.03.25
**आम इश्तहार**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक नीलेश सोनी अन्य पिता राजाराम सोनी निवासी जगदम्बा कालोनी के द्वारा मौजा लक्षीपुर ... ब्लॉक नंबर... प्लॉट नंबर 207/33 स्थित भूमि खसरा नंबर... में से रकवा 1000 वर्गफुट भूमि जो राजस्व रिकार्ड में राजन सालुंके पुत्र व्ही.एन. सालुंके के नाम से दर्ज है। आवेदक के द्वारा अपना नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज कराने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। तत्संबंध में जिसी किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 28.03.25 तक इस न्यायालय में स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्रस्तुत दावा/ आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।
आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।
जारी दिनांक 14.03.2025
पेशी दिनांक 28.03.2025
तहसीलदार आधारताल जबलपुर
र.नं. 3484



**न्यायालय तहसीलदार तहसील आधारताल, जबलपुर**
रा.प्र.क्रं./......./अ-6/2024-2025
जबलपुर, दिनांक 21.03.25
**आम इश्तहार**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अशोक कुमार धवन वगैरह पिता स्व. केदारनाथ धवन निवासी पंजाब बैंक कॉलोनी जबलपुर म.प्र. के द्वारा मौजा जबलपुर नजूल ब्लॉक नंबर..... प्लाट नंबर... स्थित भूमि खसरा नंबर 02 में से रकवा 2800 वर्गफुट भूमि पर स्व. केदारनाथ धवन की मृत्यु दिनांक 13.06.1977 को हो जाने के कारण वर्तमान राजस्व अभिलेखों में नाम दर्ज किये जाने हेतु विक्रय पत्र/फौती/ वसीयतनामा के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र सहित अन्य दस्तावेज संलग्न कर आवेदन प्रस्तुत किया गया है। तत्संबंध में जिसी किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 8.4.25 तक इस न्यायालय में स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्रस्तुत दावा/ आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।
जारी दिनांक- 21.03.2025
पेशी दिनांक- 8.04.2025
तहसीलदार आधारताल जबलपुर
र.नं. 3482



**कार्यालय, संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्र.- सभा. अधि./13/मुख्यालय 2024-25/एम/293 दिनांक 24.03.2025
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अंकिता बहरानी पिता श्री राजकुमार बहरानी ने मकान नं. 213 का भाग वार्ड पं. भवानी प्रसाद तिवारी भूतल 127.65 व.फु. विक्रय पत्र, खसरे की नकल के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक- 13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
र.नं. 3490
राजस्व निरीक्षक संभागीय अधिकारी, संभाग क्रं.-13 मुख्यालय नगर निगम, जबलपुर



**कार्यालय, संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्र.- सभा. अधि./13/मुख्यालय 2024-25/एम/294 दिनांक 24.03.2025
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री जय सिंह चौहान पिता श्री करन सिंह चौहान ने मकान नं. 610 वार्ड सुभद्रा कुमारी चौहान भूतल 161 व.फु. प्रथम तल 161 विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक- 13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
र.नं. 3486
राजस्व निरीक्षक संभागीय अधिकारी, संभाग क्रं.-13 मुख्यालय नगर निगम, जबलपुर



**In The Court of XVIII, Civil Judge Class- I, District Court, Jabalpur presiding Officer:**
राकेश भीड़े
आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम सक्सेशन प्रकरण क्रमांक
(MJC SUC/ 0000017/2023)
जाकिर हुसेन ...........आवेदक
Vs
इमरान खान रंगरेज .........अनावेदक
Process Id-/2025
पेशी दि.:-28/04/2025
प्रेषिती-( 1 ) आम जनता पता- जबलपुर म.प्र.
( 1 ) आम जनता
आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक जाकिर हुसेन पता ने मृतक स्व. श्री अरफान खान रंगरेज निवासी 1958, भानतलैया झुडआ कुंआ खेरमाई वार्ड जबलपुर की मॉनिटरी बेनिफिट राशि एवं अनुकम्पा नियुक्ति राशि/संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 28 अप्रैल 2025 को नियत है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक होने संबंधी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 28 अप्रैल 2025 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा। यह आज तारीख 12 मार्च 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।
न्यायालय की मुद्रा
टिप्पणी: उपस्थिति एवं प्रकाशन नोटिस के साथ आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम 1925 की छायाप्रति संलग्न है।
कृपया ध्यान दें:-
1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।
(राकेश भिड़े)
18 वां सिविल न्यायाधीश, (वरिष्ठ खण्ड) जबलपुर (म.प्र.)
र.नं. 3493



**In The Court Of VIII Civil Judge Class-I, District Court, Jabalpur**
Presiding Officer: अंकिता शाही
आवेदन पत्र अन्तर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकारी अधिनियम सक्सेशन प्रकरण क्रमांक
(MJC SUC/0000045/2025)
पिंकी गुप्ता .......................आवेदक
Vs
सुषमा गुप्ता...............अनावेदक
Process Id-/2025
पेशी दिनांक - 05/05/2025
प्रेषिती-
( 1 ) आम जनता पता- जबलपुर म.प्र.
( 2 ) आम जनता
आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक पिंकी गुप्ता पता निवासी- गली नं. 6 फ्लैट नं. 101, स्वर्ण सरोवर अपार्टमेंट, जिला जबलपुर म.प्र. ने मृतक 1. रामबहादुर गुप्ता, 2. बोधा बाई गुप्ता निवासी 461/1, गुलउआ चौक गढ़ा, जबलपुर की प्रबंधक महोदय द्वारा मुख्य डाक घर गढ़ा, जबलपुर में जमा राशि प्राप्ति हेतु राशि/संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/ संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 05 मई 2025 को नियत है।
यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/ संरक्षक होने संबंधी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 05 मई 2025 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहे। सूचना उपरांत यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा। यह आज तारीख 19 मार्च 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।
न्यायालय की मुद्रा-
टिप्पणी:-प्रकाशन व उपस्थिति हेतु नोटिस के साथ आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम 1925 की छायाप्रति संलग्न।
कृपया ध्यान दें:
1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।
(श्रीमती अंकिता शाही)
अष्टम सिविल न्यायाधीश (वरिष्ठ खण्ड) जबलपुर (म.प्र.)
र.नं. 3483



**कार्यालय संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र जबलपुर**
**भवन नामांतरण हेतु सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल द्वारा निर्मित कांचघर कॉलोनी जबलपुर स्थित भवन क्रमांक श्व-11 श्री नंदकिशोर झा पिता स्व. श्री पुन्नु लाल झा को आंवटित है। आवंटी श्री नंदकिशोर झा पिता स्व. श्री पुन्नु लाल झा का निधन दिनांक 19.09.2000 को हो गया है एवं उनकी पत्नि श्रीमति सोना देवी झा पति स्व. श्री नंदकिशोर झा पिता कि मृत्यु दिनांक 15.11.2022 को हो चुकि है। उनके पुत्र श्री संजीव झा पिता स्व. श्री नंदकिशोर झा के द्वारा मृत्यु प्रमाण पत्र एवं शपथपत्र अन्य आवश्यक दस्तावेजों के साथ उक्त भवन के नामांतरण हेतु आवेदन / दस्तावेज इस कार्यालय में प्रस्तुत किये हैं, उसके आधार पर संपत्ति के नामांतरण की कार्यवाही इस कार्यालय में प्रचलन में है यदि किसी व्यक्ति / संस्था को उक्त भवन नामांतरण बाबत् आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने से 15 दिवस के अंदर लिखित एवं वैद्य आपत्ति सप्रमाण स्वयं उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात् नामांतरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। जिस पर किसी की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।
कृति
सम्पदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र जबलपुर



**आम सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री अरूण कुमार प्रजापति पिता स्व श्री बाबूलाल प्रजापति के द्वारा श्रीमती त्रिवेणी गर्ग पति राजकुमार गर्ग निवासी पाटन रोड शासकीय विद्यालय के पास करमेता जिला जबलपुर वालों की मालकियत काबिज संपत्ति / दुकान खसरा नं. 469/95, सीट नं. 4 व 5 प्लाट नं. पी/6/34 रकबा 13 फुट बाई 34 यानि 442 वर्गफुट है संपत्ति को मेरे पक्षकार के द्वारा क्रय करने हेतु अनुबंध पत्र निष्पादित किया जा चुका है जिसका निकट भविष्य में बैनामा होना शेष है उक्त संपति के संबंध में यदि किसी व्यक्ति, फर्म, बैंक, शासकीय, अर्धशासकीय संस्था, निकाय आदि को कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेज सहित प्रकाशन दिनांक से 7 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें समय सीमा पश्चात आपत्ति मान्य नही होगी और मेरे पक्षकार द्वारा उक्त संपत्ति को स्वयं या अपने पुत्रों के पक्ष में विक्रय पंजीयन / रजिस्ट्री करा लिया जावेगी।
जबलपुर दिनांक :
आशीष प्रजापति (अधिवक्ता)
म.प्र. उच्च न्यायालय
ऑफिस निवास- 1082, आचार्य विनोवा भावे वार्ड बम्बादेवी मंदिर, जबलपुर (म.प्र.)
मो.- 9111175453, 9301555223
र.नं. 3496



**कार्यालय संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र जबलपुर**
**भवन नामांतरण/ हस्तांतरण हेतु सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भवन क्र. जूनियर एल.आई.जी-148 मदर टेरेसा कालोनी जबलपुर श्री राम शरन पटेल पिता स्व. श्री राम सेवक पटेल के नाम आवंटित है, जिसका विक्रय विलेख दिनांक 07.09.2012 को आवंटी के पक्ष में निष्पादित हो चुका है। उक्त भवन श्री राम शरन पटेल पिता स्व. श्री राम सेवक पटेल ने पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 26.03.2013 के माध्यम से श्रीमती हेमलता यादव पति श्री राजू यादव को विक्रय किया है। श्रीमती हेमलता यादव पति श्री राजू यादव द्वारा उक्त भवन उनके नाम लीज हस्तांतरण/नामांतरण हेतु दस्तावेज/आवेदन इस कार्यालय में प्रस्तुत किये हैं। यदि किसी व्यक्ति / संस्था को उपरोक्त लीज हस्तांतरण / नामांतरण/ (भवन / भूखण्ड) बाबत् आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने से 15 दिवस के अंदर लिखित एवं वैद्य आपत्ति सप्रमाण प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात हस्तांतरण / नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी एवं भविष्य में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति / दावा मान्य नहीं होगा।
कृति
सम्पदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र जबलपुर



**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.11 नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्र.- सं.क्र.11/19-20/
दिनांक 24/03/2025
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री आदित्य सिंह पिता श्री दीपक सिंह ने वार्ड क्रमांक 67 वार्ड का नाम रानी अवंती बाई वार्ड के भवन क्रमांक सी-1 शिवार्थ एलेन्जा चौथामील के पास तिलहरी सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1003275334 पर निर्मित भूतल 730 व.फु. आरसीसी, प्रथम तल 1696 व.फु. आरसीसी, द्वितीय तल 1445 व.फु. आरसीसी पर निम्न दस्तावेज प्रपत्र विक्रय पत्र/ वसीयतनामा के आधार पर निगम में दर्ज मेसर्स सिग्मा बिल्डकॉन द्वारा पार्टनर जसूजा एवं सुरेश पी सिंह पिता स्व. श्री लाल का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
र.नं. 3497
संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.-11 नगर निगम, जबलपुर



**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.11 नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्र.- सं.क्र.11/19-20/
दिनांक 23/03/2025
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती मंजू दासगुप्ता पत्नी श्री शौटीर किशोर दासगुप्ता ने वार्ड क्रमांक 67 वार्ड का नाम रानी अवंती बाई वार्ड के भवन क्रमांक बी-414 कटारिया थीमपार्क तिलहरी सम्पत्ति के पिन क्रमांक 46702501, 1000380889, डोर टू डोर क्रमांक 1000173738 पर चतुर्थ तल 1200 व.फु. पर निम्न दस्तावेज प्रपत्र विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज राजदीप सिंह ठाकुर पिता स्व. श्री हरिप्रताप सिंह ठाकुर का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
र.नं. 3491
संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.-11 नगर निगम, जबलपुर

जबलपुर, मंगलवार 25 मार्च 2025
संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# कटाक्षों से घबराती सरकार

सत्ता जब अनैतिक तरीके से पायी और चलायी जाये तो उससे उपजा अपराध भाव सियासतदानों को एक हास्य कलाकार से भी डरा देता है। फिर उसकी आवाज़ दबाने के लिये कानून की बजाय राज्य अपनी मशीनरी तथा संगठन की ताकत का बेजा इस्तेमाल करता है। कुछ ऐसा ही हुआ है रविवार को मुंबई के खार स्थित हैबिटेट कॉमेडी क्लब में, जहां प्रसिद्ध हास्य कलाकार कुणाल कामरा का शो हुआ था जिसमें उन्होंने मौजूदा राजनीति पर करारे व्यंग्य कसे थे और किसी का भी नाम लिए बिना नेताओं की अवसरवादिता पर कटाक्ष किया था। इससे नाराज़ शिवसेना नेता और महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के कार्यकर्ताओं ने आयोजन स्थल में जमकर तोड़-फोड़ की, साथ ही कामरा के खिलाफ मामला दर्ज कर दिया गया है और उन्हें देश भर में कहीं भी न घूमने-फिरने की चेतावनी दी जा रही है।

कामरा के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 353(1)(बी) और 356(2) (मानहानि) के तहत मामला दर्ज किया गया है। वैसे कुणाल के जिस मज़ाक पर शिंदे गुट के शिवसैनिक नाराज़ हैं व एफआईआर दर्ज है उसमें न तो उप मुख्यमंत्री का नाम लिया गया है और न ही पार्टी के किसी नेता का उल्लेख है। उल्लेखनीय है कि करीब तीन वर्ष पहले शिवसेना और एनसीपी, इन दोनों दलों में जो फूट पड़ी थी, उस पर कुणाल कामरा ने यह कहकर तंज कसा था कि 'शिवसेना से शिवसेना निकल गयी और एनसीपी से एनसीपी निकल गयी।' साथ ही उन्होंने शिंदे को संकेतों में गद्दार कहा।


राज्य की भाजपा-शिवसेना (शिंदे गुट) व एनसीपी (अजित पवार गुट) की सरकार तथा पार्टी कार्यकर्ताओं को कुणाल की कॉमेडी ऐसी नागवार गुजरी कि उन्होंने आयोजन स्थल में जमकर तोड़फोड़ की। जिसके बाद 11 उपद्रवी गिरफ्तार हुए हैं। उधर पुलिस ने शिवसेना विधायक व पार्टी प्रवक्ता मुरजी पटेल की शिकायत के आधार पर कुणाल कामरा के खिलाफ को एफआईआर दर्ज की। इतना ही नहीं, मुम्बई महानगरपालिका का एक दस्ता क्लब को जमींदोज़ करने हेतु भेजा गया। मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने कामरा की कॉमेडी को 'अपमानजनक' बतलाते हुए कहा कि 'यह सहन नहीं किया जायेगा।' जबकि शिवसेना विधायक और मंत्री प्रताप सरनाइक का कहना है कि तोड़फोड़ जैसे काम का वह सरकार में होने के नाते समर्थन नहीं करते, लेकिन मंत्री होने से पहले वे शिवसैनिक हैं और जो हमारे नेता का मज़ाक उड़ाएगा उसे शिवसैनिक छोड़ेंगे नहीं। इस घटना पर शिवसेना कार्यकर्ताओं का खून उबाल मार रहा है और नेता उसे जायज ठहरा रहे हैं। पार्टी प्रवक्ता ने चेतावनी दी है कि कुणाल को महाराष्ट्र ही नहीं हिन्दुस्तान भर में कहीं भी घूमने-फिरने नहीं दिया जायेगा। ठाणे से शिवसेना सांसद नरेश म्हस्के का कहना है कि 'कामरा एक अनुबंधित कॉमेडियन हैं। मगर उन्हें सांप की पूंछ पर पैर नहीं रखना चाहिए था। एक बार जब नुकीले दांत बाहर आते हैं तो परिणाम भयंकर होते हैं।' म्हस्के ने आरोप लगाया कि 'कामरा ने उद्धव ठाकरे से पैसे लिए हैं और एकनाथ शिंदे को निशाना बना रहे हैं।' उन्होंने कहा कि 'हम यह सुनिश्चित करेंगे कि वे देश में कहीं भी घूम न सकें। हम दिवंगत बालासाहेब ठाकरे के शिवसैनिक हैं। अगर हम उनका अनुसरण करने लगे तो कामरा को देश छोड़ना पड़ेगा।'

गौरतलब है कि कुणाल कामरा समकालीन परिघटनाओं और राजनीति को अपने व्यंग्य के विषय बनाते हैं। एक मायने में उन्हें साहसी व चैतन्य कलाकार माना जाता है जो देश-विदेश की घटनाओं पर अपने तरीके से अपनी राय जाहिर करते हैं। स्टैंडअप कॉमेडी के अलावा वे सोशल मीडिया के जरिये भी सक्रिय रहते हैं। स्वाभाविक है कि उन्हें इस नाते कई लोगों की नाराज़गी का सामना करना पड़ता है। अनेक प्रसिद्ध हस्तियों से वे उलझ भी चुके हैं। 2020 में इंडिगो की एक फ्लाइट में उनकी मुलाकात सत्ता समर्थक माने जाने वाले एंकर अर्नब गोस्वामी से जब हुई तो उन्होंने गोस्वामी की पत्रकारिता पर तीखे सवाल किये। इसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल भी किया। अर्नब गोस्वामी ने कामरा की किसी भी बात का जवाब नहीं दिया तो कॉमेडियन ने यह कहकर उनका मज़ाक उड़ाया कि वे सबसे सवाल तो पूछते हैं लेकिन खुद की बारी आयी तो चुप्पी साध गये। हालांकि इसका उन्हें खामियाजा भुगतना पड़ा। उन्हें कई एयरलाइंस ने अलग-अलग अवधियों के लिये बैन कर दिया था। कुछ ने आजीवन प्रतिबन्ध लगा रखा है।

ओला इलेक्ट्रिक के मुख्य कार्यकारी अधिकारी भाविश अग्रवाल से उनकी सोशल मीडिया पर भिड़ंत होती रहती है। भाविश ने जब ओला गीगा फैक्ट्री की एक फोटो शेयर की तो उसके जवाब में कामरा ने ओला इलेक्ट्रिक स्कूटरों की फोटो डाल दी थी और कंपनी की सेवाओं पर सवाल खड़े किये थे। 2022 में हरियाणा के गुरुग्राम में उनके शो को बजरंग दल और विश्व हिन्दू परिषद ने रद्द करा दिया था। खुद को 'वीएचपी से बड़ा हिंदू' बतलाते हुए कामरा ने वीएचपी को लिखे पत्र में नाथूराम गोडसे की निंदा करने हेतु ललकारा था। एक बार उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का छेड़छाड़ से एडिटेड वीडियो जारी कर दिया था। हालांकि उन्होंने उसे हटा दिया था पर वे सरकार और भारतीय जनता पार्टी की नज़रों में आ गये थे। बाल संरक्षण आयोग ने भी उन्हें इसके लिये चेतावनी जारी की थी। वर्ष 2020 में सुप्रीम कोर्ट पर टिप्पणी करने से उनके खिलाफ अवमानना की कार्रवाई की तैयारी थी।

कुणाल कामरा के साथ जो हो रहा है वह दरअसल एक असहिष्णु तथा आलोचना को सहन न करने वाले नेताओं के द्वारा सरकार चलाने का प्रतिफल है। भाजपा व शिवसेना तथा उनके जैसी पार्टियों के नेता, जो स्वयं अपने विरोधियों की निन्दा करने के लिये शालीनता तथा मर्यादाओं की तमाम सीमाएं लांघ जाते हैं, खुद के विरूद्ध एक भी शब्द सुनने को राजी नहीं होते। यह रवैया अलोकतांत्रिक तो है ही, घबराये व अपराध भाव से ग्रस्त सियासत की भी मानसिकता है। याद रहे कि हाल ही में लेक्स फ्रिडमैन के साथ अपने चर्चित पॉडकास्ट में प्रधानमंत्री मोदी ने आलोचना करने के पक्ष में बयान दिया था, लेकिन उनके अपने नेता और सहयोगी इसके खिलाफ आचरण कर रहे हैं और श्री मोदी फिर से चुप लगाकर बैठे हैं।

# न्यायपूर्ण परिसीमन की लड़ाई!



राजेंद्र शर्मा

> यह समस्या का आदर्श समाधान नहीं है। सत्ताधारी पार्टी का कुल मिलाकर जो रुख नजर आता है, उसके चलते ही विपक्ष को, एक बचाव उपाय के रूप में ही यह रुख अपनाना पड़ा लगता है। वर्ना होना तो यही चाहिए था कि इस दिशा में किसी भी तरह के कदम उठाने से पहले, केंद्र सरकार सभी राजनीतिक शक्तियों के साथ खुली चर्चा कर, गैर-हिंदी राज्यों की चिंताओं का समाधान खोजती।

है रानी की बात नहीं है कि नरेंद्र मोदी सरकार ने अपनी करनियों और अकरनियों से इस देश की राजनीतिक व्यवस्था में उत्तर और दक्षिण के पुराने विभाजन को फिर से भड़का दिया है। जैसाकि हमने इससे पहले एक लेख में जिक्र किया था, इस विभाजन को बढ़ाने का काम मौजूदा केंद्र सरकार की भाषा नीति और शिक्षा रीति-नीति ने किया है। केंद्र सरकार के, शिक्षा के लिए तमिलनाडु राज्य के फंड उल्लेखनीय पैमाने पर रोकने ने इस टकराव को तेज किया और केंद्र सरकार के इसके ऐलान ने इस टकराव को विस्फोटक बिंदु पर पहुंचा दिया कि 2020 की राष्ट्रीय शिक्षा नीति और विशेष रूप से त्रिभाषा फार्मूले को जब तक तमिलनाडु लागू नहीं करता है, उसको रुका हुआ फंड नहीं दिया जाएगा। तमिलनाडु सरकार ने, जो त्रिभाषा फार्मूले को तमिलनाडु समेत गैर-हिंदीभाषी इलाके पर हिंदी थोपने की कोशिश के रूप में देखती है, न सिर्फ फंड रोकने के डंडे के बल पर केंद्र की शिक्षा नीति तथा भाषा नीति थोपने की इन कोशिशों को ठुकरा दिया बल्कि अवज्ञापूर्ण रुख अपनाते हुए, केंद्र की इस मनमानी का हर कीमत पर विरोध करने का भी ऐलान कर दिया।

इसी दौरान, मोदी सरकार के इरादों को लेकर गंभीर आशंकाओं से भड़के एक और मुद्दे ने, उत्तर-दक्षिण के विवाद को और उग्र बना दिया है। यह मुद्दा है, आने वाले समय में होने वाली जनगणना के बाद, होने वाले परिसीमन या जन-प्रतिनिधित्व की इकाई के रूप में लोकसभाई क्षेत्रों के पुनर्सीमांकन का। जन प्रतिनिधित्व की व्यवस्था में संतुलन बनाए रखने के लिए आवश्यक समायोजन की व्यवस्था करते हुए, देश के संविधान में इसका प्रावधान किया गया था कि हरेक दस साला जनगणना के बाद, उसके आधार पर संसदीय क्षेत्रों का पुनर्सीमांकन किया जाए, ताकि इस दौरान आए जनसांख्यिकीय बदलावों को हिसाब में लिया जा सके। इन बदलावों के लिए दो अलग-अलग स्तरों पर, परिसीमन के जरिए परिवर्तन किए जाते हैं। राज्यों के स्तर पर यानी राज्यों के अंदर परिवर्तन और राज्यों के बीच में परिवर्तन। इसी आधार पर, दशकीय जनगणना को आधार बनाकर, पहला परिसीमन 1952 में हुआ था और उसके बाद 1963 तथा 1973 में परिसीमन हुआ था और इसके जरिए लोकसभा की सीटों की संख्या क्रमशः 494, फिर 522 और फिर 543 तय की गयी थी।

बहरहाल, 1976 में एक संविधान संशोधन के जरिए, परिसीमन की प्रक्रिया को 25 साल के लिए स्थगित कर दिया गया और लोकसभा की सीटों की संख्या को तब तक के जहां का तहां रोक दिया गया। इसके पीछे विचार यह था कि जिन राज्यों में आबादी ज्यादा बढ़ रही थी, उन्हें इसी के बल पर लोकसभा सीटों की संख्या में बढ़ोतरी के जरिए प्रोत्साहित नहीं किया जाए। बहरहाल, इसके बाद यानी 2001 की जनगणना के बाद भी दक्षिण भारतीय राज्यों के कड़े विरोध के सामने, अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार को भी सीटों की कुल संख्या के लिहाज से परिसीमन पच्चीस साल और यानी 2026 तक रोके रखने और सीटों की संख्या जहां की तहां बनाए रखने का कदम उठाना पड़ा था। इसके बाद, परिसीमन आयोग का गठन तो किया गया, लेकिन उसे जनगणना के आंकड़ों के आधार पर राज्यों की सीमाओं के अंदर ही सीमित परिसीमन करना था।

2026 के बाद होने वाले इसी पूर्ण परिसीमन ने दक्षिण भारतीय राज्यों और अन्य गैर-हिंदीभाषी राज्यों की भी इसकी आशंकाओं को भड़का दिया है कि यह परिसीमन, लोकसभा की उनकी सीटों की संख्या के रूप में, उनका राजनीतिक वजन घटाने का औजार बनने जा रहा है। इसका कारण आसानी से समझा जा सकता है। आबादी में वृद्धि की दर कम करने के मामले में, दक्षिण भारतीय राज्यों और उत्तर भारतीय राज्यों के बीच अब भी बहुत भारी अंतर बना हुआ है। यह अंतर बेशक घटा है, फिर भी उल्लेखनीय रूप से बड़ा बना हुआ है और इन पचास वर्षों में आबादी वृद्धि दरों से आबादियों के बीच का फासला बहुत ज्यादा बढ़ गया है।

ऐसे हालात में यदि आबादी के आधार पर ही परिसीमन किया जाता है, तो संसदीय प्रतिनिधित्व के अनुपात के लिहाज से गैर-हिंदी प्रदेशों का राजनीतिक वजन उल्लेखनीय तरीके से घट जाएगा और हिंदी भाषी क्षेत्र का राजनीतिक वजन उसी अनुपात में बढ़ जाएगा। ऐसा होने में आज केंद्र में सत्ता में बैठे संघ-भाजपा को राजनीतिक फायदा नजर आ रहा है क्योंकि गैर-हिंदी क्षेत्र ही उनका मजबूत राजनीतिक गढ़ है, जबकि खासतौर पर दक्षिणी भारत में उनकी ताकत बहुत ज्यादा नहीं है। इस संबंध में वर्तमान सत्ताधारियों की नीयत को लेकर संदेह इसलिए और भी बढ़ जाते हैं कि उनके पसंदीदा प्रोजैक्ट के रूप में बनाये गए नये संसद भवन में, जिसकी संकल्पना में किसी व्यापक राजनीतिक परामर्श का कोई दखल नहीं था, भविष्यदृष्टि के नाम पर लोकसभा में 800 से ज्यादा सीटों की व्यवस्था रखी गयी है। यह इसका स्पष्ट संकेत करता है कि वर्तमान सरकार, परिसीमन के फलस्वरूप लोकसभा की सीटों में उल्लेखनीय बढ़ोतरी होने का अनुमान लगाकर चल रही है। और जैसाकि हमने पीछे कहा, आबादी पर आधारित परिसीमन के जरिए सीटों की बढ़ोतरी का अर्थ होगा, हिंदी-भाषी क्षेत्र का संसदीय वजन उल्लेखनीय रूप से बढ़ जाना और विशेष रूप से दक्षिण का वजन उसी अनुपात में घट जाना।

इस सिलसिले में विशेष रूप से दक्षिण भारतीय राज्यों की गंभीर आशंकाओं तथा चिंताओं को एक हद तक शांत करने की कोशिश में, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कुछ ही हफ्ते पहले, तमिलनाडु के अपने एक दौरे के क्रम में यह आश्वासन दिया था कि यह सुनिश्चित किया जाएगा कि परिसीमन से किसी भी राज्य की सीटें घटेंगी नहीं बल्कि सभी की सीटों में बढ़ोतरी होगी। उन्होंने ''आनुपातिक आधार पर'' सीटें तय किए जाने का भरोसा दिलाया था। लेकिन, शाह का यह आश्वासन भी गैर-हिंदी राज्यों की आशंकाओं को दूर करने के लिहाज से नाकाफी ही साबित हुआ है। इसकी सबसे बड़ी वजह यही है कि शाह के आश्वासन से यह स्पष्ट नहीं है कि ''अनुपात के आधार पर'' से उनका ठीक-ठीक आशय क्या है? मुद्दा यह नहीं है कि हिंदी राज्यों की सीटें बढ़ जाएंगी और गैर-हिंदी राज्यों की सीटें घट जाएंगी। मुद्दा यह है कि सीटों की संख्या में बढ़ोतरी किस आधार पर होगी। अगर यह बढ़ोतरी चालू आबादी के आधार पर की जाती है, तो कुल मिलाकर गैर-हिंदी राज्यों की सीटों का अनुपात, उसके वर्तमान अनुपात से घट जाएगा।

गैर-हिंदी राज्य लोकसभा की कुल सदस्य संख्या में अपने वर्तमान अनुपात को बनाए रखे जाने की मांग कर रहे हैं और अमित शाह और उनके संगी, इसी का आश्वासन देने के लिए तैयार नहीं हैं। जाहिर है कि वे आबादी पर आधारित परिसीमन के अनार्जित फायदे हाथ से जाने नहीं देना चाहते हैं।

इसी पृष्ठभूमि में 22 मार्च को चेन्नै में मुख्यमंत्री एम के स्टालिन की पहल पर, प्रस्तावित परिसीमन से चिंतित राज्यों के नेताओं का जमावड़ा हुआ। इस मुद्दे पर तमिलनाडु की, अपवादस्वरूप भाजपा को छोड़कर अन्य सभी राजनीतिक पार्टियों को एकजुट करने के बाद, स्टालिन ने और वृहत्तर राजनीतिक एकता के लिए पहल की है। यह पहल कोआर्डीनेशन कमेटी फॉर फेअर डिलिमिटेशन नाम के मंच के माध्यम से की गयी है। यह इस मंच की पहली ही बैठक थी जिसमें तमिलनाडु, केरल, तेलंगाना तथा पंजाब के मुख्यमंत्रियों के अलावा कर्नाटक के उप-मुख्यमंत्री और ओडिाा की मुख्य विपक्षी पार्टी, बीजू जनता दल के सुप्रीमो, नवीन पटनायक और तेलंगाना की प्रमुख विपक्षी पार्टी, बीआरएस के शीर्ष नेताओं ने हिस्सा लिया।

इस बैठक ने एक स्वर से यह मुद्दा उठाया है कि आबादी के अनुपात के आधार पर राज्यों का लोकसभा का प्रतिनिधित्व तय करना, विशेष रूप से दक्षिण भारत के उन राज्यों को दंडित करना होगा, जिन्होंने राष्ट्रीय आबादी नीति के पालन में और अन्य अनेक मानकों पर प्रगति में, हिंदी-भाषी राज्यों के मुकाबले बहुत बेहतर प्रदर्शन किया है। उन पहलुओं से अच्छा प्रदर्शन करने वाले राज्यों को सजा देना और खराब प्रदर्शन करने वाले राज्यों को सीटों या उनके अनुपात में बढ़ोतरी के रूप में ईनाम दिया जाना, तो न्यायपूर्ण परिसीमन नहीं है। बैठक ने सर्वानुमति से मांग की है कि लोकसभा की सीटों की संख्या की बढ़ोतरी पर पचास साल से चली आ रही रोक, और 25 वर्ष के लिए बढ़ा दी जाए।

बेशक, यह समस्या का आदर्श समाधान नहीं है। सत्ताधारी पार्टी का कुल मिलाकर जो रुख नजर आता है, उसके चलते ही विपक्ष को, एक बचाव उपाय के रूप में ही यह रुख अपनाना पड़ा लगता है। वर्ना होना तो यही चाहिए था कि इस दिशा में किसी भी तरह के कदम उठाने से पहले, केंद्र सरकार सभी राजनीतिक शक्तियों के साथ खुली चर्चा कर, गैर-हिंदी राज्यों की चिंताओं का समाधान खोजती। राज्यों के लोकसभा सीटों के अनुपात को यथावत बनाए रखते हुए, लोकसभा सीटों की संख्या बढ़ाने और राज्यों के अंदर चुनाव क्षेत्रों का पुनर्सीमांकन करने के जरिए, राजनीतिक प्रतिनिधित्व के पीछे आबादी के असंतुलन को भी कम किया जा सकता था, जो समस्या को 25 और साल के लिए टालने से कहीं बेहतर होता। लेकिन, चूंकि सत्ताधारी पार्टी से अन्य राजनीतिक पार्टियों को विश्वास में लेने की किसी को उम्मीद ही नहीं, समस्या को फिलहाल टाल देना ही बेहतर विकल्प नजर आता है। उम्मीद की जानी चाहिए कि सत्ताधारी पार्टी, कम से कम अब गैर-हिंदी भाषी क्षेत्र की चिंताओं को समझेगी, सुनेगी और भाषा के प्रश्न की तरह, इस मामले में अपने हठ से, उत्तर-दक्षिण की फॉल्ट लाइन को और उग्र बनाने से बाज आएगी।

**( लेखक साप्ताहिक पत्रिका लोक लहर के संपादक हैं। )**

# आग जो कभी लगी नहीं और छिपा हुआ धन जो कभी मिला नहीं

■ के रवींद्रन

> भारत की न्यायपालिका में व्यवस्थागत दोष रेखाएं नयी नहीं हैं, लेकिन उन्हें नज़रअंदाज़ करना मुश्किल होता जा रहा है। फैसले सुनाने में देरी, अस्पष्ट न्यायिक नियुक्तियां, जवाबदेही की कमी और भ्रष्टाचार के आरोपों ने कानूनी व्यवस्था से मोहभंग की भावना को बढ़ाने में योगदान दिया है। न्यायपालिका, जिसे न्याय चाहने वालों के लिए उम्मीद का आखिरी गढ़ माना जाता है।

यह कहना गलत नहीं होगा कि दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश यशवंत वर्मा के घर से नकदी का एक बड़ा जखीरा मिलने से सभी सदमे में हैं। इस अप्रत्याशित घटना ने न्यायपालिका के भीतर भ्रष्टाचार और ईमानदारी के बारे में असहज सवाल खड़े कर दिये हैं, जिसे अक्सर न्याय और नैतिक सदाचार का संरक्षक माना जाता है। जबकि यह घटना अपने आप में निंदनीय है, लेकिन इससे भी बड़ी बात यह है कि यह प्रणालीगत सड़ांध की ओर इशारा करती है- एक ऐसी गहरी और खतरनाक वास्तविकता जिसे बहुत लंबे समय से अनदेखा किया गया है या अनदेखा किया जा रहा है।

पैसे के छिपे हुए भंडार जो शायद कभी नहीं मिल पाएंगे, और वे अपारदर्शी गलियारे जहां न्याय का वितरण माना जाता है, बहुत गहरी अस्वस्थता की ओर इशारा करते हैं। यह घटना सिर्फ़ एक जज या अवैध रूप से अर्जित धन के एक भंडार के बारे में नहीं है, बल्कि यह भारत की न्यायिक प्रणाली की मूल संरचना में मौजूद परेशान करने वाली दरारों को दर्शाती है।

इस खुलासे के बाद सुप्रीम कोर्ट की ओर से तत्काल प्रतिक्रिया संस्थान के सतर्क और अक्सर स्व-नियमन के प्रति गैर-प्रतिबद्ध दृष्टिकोण की विशेषता थी। शुरुआती रिपोर्टों में निर्णायक कार्रवाई का संकेत दिया गया था, जिससे उम्मीद जगी थी कि सर्वोच्च न्यायालय न्यायिक भ्रष्टाचार के खिलाफ़ आखिरकार एक कड़ा रुख अपना सकता है। हालांकि, जैसे-जैसे दिन बीतता गया, यह स्पष्ट होता गया कि प्रतिक्रिया वास्तविक से ज़्यादा प्रतीकात्मक होगी, जो न्यायपालिका के असुविधाजनक विवादों को दरकिनार करने के इतिहास के अनुरूप होगी। भ्रष्टाचार का सीधे सामना करने की यह अनिच्छा एक व्यापक पैटर्न का हिस्सा है। कदाचार के आरोप, यहां तक कि जब सर्वोच्च न्यायिक पदों पर बैठे लोगों पर निर्देशित होते हैं, तो अक्सर इंकार, विक्षेपण या चुप्पी के साथ सामना किया जाता है। न्यायपालिका की प्रतिष्ठा को धूमिल करने का डर जवाबदेही और पारदर्शिता की तत्काल आवश्यकता को खत्म कर देता है।

पिछले कुछ वर्षों में, कई प्रमुख हस्तियों ने न्यायपालिका में भ्रष्टाचार की ओर ध्यान आकर्षित किया है, लेकिन उनकी चेतावनियां मोटे तौर पर अनसुनी रही हैं। वरिष्ठ अधिवक्ता शांति भूषण से लेकर उनके बेटे प्रशांत भूषण तक, साहसी आवाज़ों ने न्यायिक प्रणाली के अंधेरे पक्ष को उजागर करने की कोशिश की है। सर्वोच्च न्यायिक मंचों के समक्ष लगाये गये उनके आरोपों ने आक्रोश को जन्म दिया है, लेकिन शायद ही कभी सार्थक सुधार हुआ हो। न्यायपालिका की अपने घर को साफ करने की स्पष्ट अनिच्छा एक संस्थागत जड़ता को दर्शाती है जो न्याय की नींव को ही खतरे में डालती है। भ्रष्टाचार के आरोपों को नज़रअंदाज़ या दबाकर, न्यायपालिका जनता के भरोसे को खत्म करने का जोखिम उठाती है-एक ऐसा भरोसा जो कानून के शासन के प्रभावी ढंग से काम करने के लिए ज़रूरी है।

यशवंत वर्मा का मामला विशेष रूप से परेशान करने वाला है क्योंकि यह न्यायिक निष्पक्षता के आदर्श को कमज़ोर करता है। उनके आवास में मिली नकदी की हर गड्डी न्याय की संभावित विफलता का प्रतिनिधित्व करती है – एक ऐसा मामला जिसका फ़ैसला कानूनी तर्कों के गुण-दोष के आधार पर नहीं बल्कि छिपे हुए वित्तीय प्रोत्साहनों के आधार पर किया गया हो सकता है। इस तरह का भ्रष्टाचार न्यायिक प्रक्रिया को विकृत करता है, खतरनाक मिसाल कायम करता है जो मुकदमेबाजों की भावी पीढ़ियों को परेशान कर सकता है। जब फैसले रिश्वत या व्यक्तिगत लाभ से प्रभावित होते हैं, तो पूरी कानूनी व्यवस्था से समझौता हो जाता है, और कानून के समक्ष समानता का सिद्धांत निरर्थक हो जाता है।

भारत की न्यायपालिका में व्यवस्थागत दोष रेखाएं नयी नहीं हैं, लेकिन उन्हें नज़रअंदाज़ करना मुश्किल होता जा रहा है। फैसले सुनाने में देरी, अस्पष्ट न्यायिक नियुक्तियां, जवाबदेही की कमी और भ्रष्टाचार के आरोपों ने कानूनी व्यवस्था से मोहभंग की भावना को बढ़ाने में योगदान दिया है। न्यायपालिका, जिसे न्याय चाहने वालों के लिए उम्मीद का आखिरी गढ़ माना जाता है, अब कई लोग इसे समाधान के बजाय समस्या का हिस्सा मानते हैं। यह धारणा लोकतंत्र में विशेष रूप से हानिकारक है, जहां न्यायपालिका संवैधानिक मूल्यों को बनाये रखने और नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

न्यायिक भ्रष्टाचार को संबोधित करने में प्रमुख चुनौतियों में से एक जवाबदेही के लिए प्रभावी तंत्र की अनुपस्थिति है। भारत में न्यायाधीशों को काफी स्वायत्तता प्राप्त है, जो राजनीतिक हस्तक्षेप से उनकी स्वतंत्रता बनाये रखने के लिए आवश्यक है। हालांकि, स्व-नियमन के संदर्भ में व्यक्त की गयी इस स्वायत्तता ने बाहरी निगरानी की कमी को भी जन्म दिया है, जिससे भ्रष्टाचार को पनपने के लिए उपजाऊ जमीन मिल गयी है। न्यायाधीशों के खिलाफ शिकायतों की जांच करने की आंतरिक प्रक्रियाएं अक्सर अपारदर्शी और अपर्याप्त होती हैं, और गोपनीयता की एक व्यापक संस्कृति है जो गलत न्यायाधीशों को जवाबदेह ठहराना मुश्किल बनाती है।

न्यायिक भ्रष्टाचार को उजागर करने का प्रयास करने वाले व्हिसलब्लोअर अक्सर प्रतिशोध का सामना करते हैं, जिससे पारदर्शिता और भी हतोत्साहित होती है। भ्रष्टाचार का सामना करने के लिए न्यायपालिका की अनिच्छा भारतीय सार्वजनिक जीवन में व्याप्त दंड से मुक्ति की व्यापक संस्कृति से और भी जटिल हो जाती है। भ्रष्टाचार केवल न्यायपालिका तक ही सीमित नहीं है; यह एक प्रणालीगत समस्या है जो सरकार की सभी शाखाओं को प्रभावित करती है। हालांकि, संविधान के संरक्षक के रूप में न्यायपालिका की भूमिका भ्रष्टाचार में इसकी मिलीभगत को विशेष रूप से गंभीर बनाती है। जब न्यायाधीशों पर स्वयं भ्रष्टाचार का संदेह होता है, तो वे भ्रष्टाचार के लिए उत्तरदायी नहीं होते हैं।

ऐसा करने से यह संदेश जाता है कि कोई भी वास्तव में जवाबदेह नहीं है और न्याय की खोज निरर्थक है। यह निराशावाद पूरी कानूनी व्यवस्था की वैधता को कमज़ोर करता है और कानून के शासन को कमज़ोर करता है। न्यायपालिका में सुधार करना आसान नहीं होगा, लेकिन अगर भारत को अपनी लोकतांत्रिक साख बनाये रखनी है तो यह ज़रूरी है।

एक संभावित समाधान न्यायाधीशों के खिलाफ़ शिकायतों की जांच करने और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए एक स्वतंत्र निकाय की स्थापना है। इस निकाय को अन्य देशों में समान संस्थानों पर आधारित किया जा सकता है, जो न्यायिक स्वतंत्रता को बनाये रखते हुए न्यायिक भ्रष्टाचार को रोकने में सफल रहे हैं। इसके अतिरिक्त, न्यायिक प्रक्रिया में अधिक पारदर्शिता, जिसमें अदालती कार्रवाई की लाइव-स्ट्रीमिंग और न्यायाधीशों की संपत्ति का प्रकाशन शामिल है, न्यायपालिका में जनता का विश्वास बहाल करने में मदद कर सकता है।

एक और महत्वपूर्ण कदम न्यायपालिका में भ्रष्टाचार को उजागर करने वाले व्हिसलब्लोअर की सुरक्षा के लिए कानूनी ढांचे को मजबूत करना है। गलत कामों को सामने लाने में व्हिसलब्लोअर महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, लेकिन उन्हें अक्सर उत्पीड़न और धमकियों का सामना करना पड़ता है। उन्हें कानूनी सुरक्षा और सहायता प्रदान करने से अधिक लोग न्यायिक कदाचार के बारे में जानकारी देने के लिए आगे आने के लिए प्रोत्साहित होंगे।

## आपके पत्र

### हमारी सोच से आगे महिलाएं, वैचारिकता बदलने की दरकार

निश्चित तौर पर भारत में महिलाओं की मुक्ति तथा सशक्तिकरण का प्रश्न स्वतंत्रता एवं भारत की मुक्ति के साथ अनिवार्य रूप से जुड़ गया हैद्यनिश्चित तौर पर हर रात की सुबह होती है, और सुबह चमकदार और उजाले से भरपूर होती है। स्वतंत्र काल से जुड़ी हुई महिला सशक्तिकरण की यात्रा आज तक अनवरत जारी है। अब महिलाओं को कमजोर या असक्त समझने की भूल मत करिए और अपने विचारों को नयेपन की खिड़की से ताजी हवा आने दीजिए। महिलाओं को सुविधाएं मिले या ना मिले अधिकार मिले या ना मिले वे अपने प्रयासों से समाज में धीरे-धीरे अपना अहम स्थान बनाते जा रही हैं। आज भी महिलाएं सामाजिक-राजनीतिक-आर्थिक एवं सांस्कृतिक सभी मोर्चों और सवालों पर पुरुषों के समकक्ष संघर्ष करती नजर आ रही है। आज राष्ट्र निर्माण में नारी अपनी भूमिका से न केवल परिचित है बल्कि उसकी गंभीर जिम्मेदारी का निर्वहन करने के लिए भी तत्पर व सक्षम है। वर्तमान में भारत विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। भारत विकास की दर आज बड़ी से बड़ी वैश्विक शक्ति से टक्कर लेने की जद पर है। विकास की गाथा में देश की आधी आबादी यानी महिलाओं की भूमिका बढ़ती जा रही है। अनेक सामाजिक आर्थिक विसंगतियों के बावजूद आज हर मोर्चे पर महिलाएं पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी होती दिखाई दे रही है। यह आत्मविश्वास उन्हें सदियों के संघर्ष के बाद हासिल हुआ है, प्राचीन काल में अपाला तथा गोसा जैसी विदुषी महिलाओं ने अपनी कीर्ति पताका फैलाई थी, भारतीय समाज में उन्हें सम्मान और बराबरी का दर्जा दिया गया है ,परंतु मध्यकाल में भारत अपनी संकुचित दृष्टि का शिकार हो गया था महिलाओं को घर की चारदीवारी में रहना पड़ा। इसी के साथ कैद हो गई थी उनकी योग्यता, ऊर्जा, शक्ति, आकांक्षाएं और व्यक्तित्व विकास की संभावनाएं। भारत एवं भारत के बाहर विदेशों में भारतीय मूल की ऐसे सैकड़ों महिलाएं हैं जिन्होंने भारत देश का नाम रोशन किया है उनके नाम की सूची बड़ी लंबी है। उनका उल्लेख न करते हुए समग्र रूप से उनका नमन करते हुए यह बताना चाहूंगा कि महिलाएं निरंतर उच्च पदों पर आसीन हो रही हैं इन सब के साथ सबसे पुराने बजट तथा घर के अर्थशास्त्र को संभालने की भूमिका का भी कुशलतापूर्वक सदियों से प्रबंधन करती आ रही है इसके साथ ही वे अपनी शैक्षणिक योग्यता में निरंतर सुधार कर रही है। जनसंख्या गणना के आंकड़े भी इसकी पुष्टि करते हैं, महिलाएं जहां शिक्षा, प्रशासन,मेडिकल क्षेत्र, इंजीनियरिंग, स्पेस रिसर्च, विज्ञान टेक्नोलॉजी और उद्यानिकी, एग्रीकल्चर, सेरीकल्चर और तमाम क्षेत्रों में असाधारण रूप से शिक्षा प्राप्त कर प्रगति कर रही हैं और उच्च पदस्थ होकर कार्यों का कुशलता से संपादन कर रही हैं। सामाजिक कुरीतियों के विरोध में समाज को आगाह करने और उसका विरोध करने में भी महिलाएं पीछे नहीं है, फिर चाहे वह शनि सिंगनापुर हाजी अली दरगाह या तीन तलाक के मामले में इनकी सजगता ने सामाजिक परिवर्तन लाया है। सरकार भी इनकी इस भूमिका को स्वीकार करते हुए थल जल और वायु सेना में युद्धक की भूमिका मैं इनकी नियुक्ति कर रही है। हम यदि राजनीतिक क्षेत्र की चर्चा करें तो पंचायती स्तरों पर महिला प्रधानों ने गंभीर परिवर्तन के प्रयास किए, किंतु हमें यहां हमेशा स्मरण रखना चाहिए कि देश के आर्थिक विकास में अभी भी महिलाओं को वह भागीदारी व सम्मान नहीं मिल पा रहा है जिसके लिए वह पूर्णरूपेण हकदार है। अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन ने अपनी एक रिपोर्ट में बताया कि श्रम बल भागीदारी में महिलाओं की भागीदारी 25प्रतिशत से भी कम हो गई है।

**-संजीव ठाकुर**



## ललित सुरजन की कलम से

### तेजस्वी बिहार

*'19 नवंबर को नीतीश मंत्रिमंडल को शपथ ग्रहण में अनेक दलों व विभिन्न प्रदेशों के प्रतिनिधि गुलदस्ते लेकर पहुंचे। इस अवसर पर डॉ. फारूख अब्दुल्ला ने जो टिप्पणी की उसे अलग से रेखांकित करना होगा। एक समय था जब स्वयं डॉ. अब्दुल्ला तीसरे मोर्चे के बड़े नेता के रूप में उभर रहे थे। उन्हें शायद विश्वास हो गया था कि वे एक दिन प्रधानमंत्री अवश्य बनेंगे। यह सपना टूटा तो वे राष्ट्रपति बनने की दौड़ में शामिल हो गए। इसका जिक्र देश के आला खुफिया अधिकारी ए. एस. दुल्लत ने अपनी हाल में प्रकाशित आत्मकथा 'कश्मीर: द वाजपेयी ईयर्स' में किया है। इन्हीं डॉ. अब्दुल्ला ने पटना में नीतीश कुमार की हौसला अफजाई की कि वे आने वाले समय में प्रधानमंत्री बन सकते हैं। उन्होंने कोई नई बात नहीं की लेकिन जिस मौके पर की उसमें एक बार फिर नीतीशजी की महत्वाकांक्षा को नए पंख मिल सकते हैं। नीतीश कुमार राजनीति के उतार-चढ़ावों को भली-भांति जानते हैं और फिलहाल उम्मीद यही रखना चाहिए कि वे भावावेश में कोई निर्णय नहीं लेंगे।'*

**( देशबन्धु में 26 नवंबर 2015 को प्रकाशित )**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2015/11/blog-post_27.html

## पावन प्रसंग

### तुलसीदासजी के साहित्य में नारी पात्र

तुलसीदास के कालजयी महाकाव्य रामचरितमानस में नारी के प्रति असीम सम्मान को प्रकट किया गया है। असंगत अर्थों और अतार्किक तथ्यों के कारण कतिपय लोग उनके साहित्य में नारी के प्रति असम्मान दिखाना चाहते हैं, परंतु ऐसा है नहीं। तुलसीदास जी और सूरदास जी का भारतीय संस्कृति की रक्षा में अनुपम योगदान है। इन दोनों महान कवियों ने राम और कृष्ण को उस समय भारतीय जनमानस में भगवान के रूप में स्थापित किया, जब अनेकों सामाजिक विरोधाभास भारतीय मन-मस्तिष्क को व्यथित कर रहे थे।

युगीन आवश्यकता के रूप में इन दोनों कवियों ने राम और कृष्ण की स्तुति में ग्रंथ लिखे और इन महापुरुषों के * साथ कई अलौकिक बातें बताईं। बाद में कुछ और लोगों के द्वारा प्रक्षेप कर इन ग्रंथों को विकृत किया। कुछ आलोचकों के अनुसार, इन दोनों कवियों के कारण राम और कृष्ण तो पूजनीय हो गए, लेकिन भारतीय धर्म का वैज्ञानिक स्वरूप विकृत हो गया। तुलसीदास जी पर आरोप है कि उन्होंने नारी को 'ताड़न' की अधिकारी कहा है। इस बात को कितने ही लोगों ने अपने-अपने लेखों में उद्धृत किया है और नारी जाति की अवमानना करने के लिए बार-बार तुलसीदासजी को उद्धृत किया है। फलस्वरूप समाज में यह धारणा रूढ़ हो गई कि तुलसीदास जी नारी जाति के प्रति सम्मानित भाव नहीं रखते थे। इस विकृत धारणा से नारी जाति पर कई प्रकार के अत्याचार हुए।

स्मरण रहे कि किसी कवि या लेखक का अपने ग्रंथ का कोई प्रतिपाद्य विषय अनिवार्यतः होता है। प्रतिपाद्य विषय अपने तर्कों, तथ्यों एवं विचारों से समृद्ध होता है। इसके अभाव में विषय महत्वहीन हो जाता है। यदि वह अपने प्रतिपाद्य विषय से भटकता है या पहले तो उसके पक्ष में तर्क देता है और बाद में अपने ही तर्कों का खंडन करता है तो दो बातें हो सकती हैं- पहली उस कवि अथवा लेखक में चिंतनशीलता का अभाव है। दूसरी यह भी संभव है कि उसके ग्रंथ में किसी अन्य ने अपना मत जोड़कर उसे विकृत कर दिया हो। विद्वान लोग प्रक्षेपों की इन्हीं युक्तियों के आधार पर ही व्याख्या करते हैं।

अब तुलसीदास जी के रामचरितमानस को आप लें और देखें कि उन्होंने नारी जाति के लिए अन्यत्र भी ऐसे तथ्यों का समावेश किया या एक ही स्थान पर ऐसा कहा है? अन्य स्थानों पर हम देखते हैं कि तुलसीदास जी ने नारी को पुरुष की पूरक ही माना है। वेद के शब्दों में उसे पत्ति की संरक्षिका व पोषणक ही स्वीकार किया है।

उन्होंने सामयिक परंपरा के अनुसार पोष्या को दासी शब्द से उद्धृत किया है, लेकिन दासी का अर्थ कहीं भी ताड़ना की अधिकारी के रूप में प्रयुक्त नहीं हुआ है। भक्त भगवान का दास है तो इसका अभिप्राय यह नहीं कि वह भगवान की ताड़ना अर्थात दंड का अधिकारी हो जाती है, बल्कि इसका अभिप्राय है कि वह ईश्वर की करुणा का, तारन का, त्राण का अधिकारी हो गया है, ऐसा माना जाता है। ऐसा कहा जाता है कि तुलसीदास जी ने नारी को तारन का अधिकार कहा है। ताड़न शब्द तारन के स्थान पर प्रक्षिप्त हो गया है। वैसे भी हिंदी का 'र' 'ड़' में और 'ड' 'र' में स्थान-स्थान पर परिवर्तित हो जाता है।

इस विषय को अब रामचरितमानस में तुलसीदास जी के नारी जाति के प्रति दृष्टिकोण पर विचार करते हैं।

बालकांड (121) में भगवान श्रीराम के जन्म लेने के कारणों पर प्रकाश डालते हुए तुलसीदास कहते हैं कि भगवान श्रीराम असुरों को मारकर देवताओं को राज्य देते हैं और अपनी बांधी हुए वेद-मर्यादा की रक्षा करते हैं। यहां पर ध्यान देने की बात यह है कि राम वेद-मर्यादा का निरूपण करते हैं, अतः राम वेद-मर्यादा के रक्षक सिद्ध हुए। वेद पत्नी की मर्यादा का निरूपण करते हुए स्पष्ट करता है-

त्वं सम्राज्ञ्येधि पत्युरस्तं परेत्य (अथर्ववेद- 14/1/43) अर्थात पति के घर जाकर पत्नी घर की महारानी हो जाती है। पत्नी को गृहस्वामिनी कहने की परंपरा भारत में आज तक है। यह परंपरा वेद की ही देन है। सदियों से हम इस व्यवस्था में जी रहे हैं और इसे ही मान रहे हैं।

**- अखण्ड ज्योत्ति**

# विश्व क्षय दिवस के अवसर पर जिले की 176 टीबी मुक्त पंचायतों को किया गया पुरस्कृत




**जबलपुर, देशबन्धु।** विश्व क्षय दिवस के अवसर पर होटल कल्चुरी रेसीडेंसी में आज नगर अध्यक्ष श्री रत्नेश सोनकर के मुख्यातिथ्य में गरिमामय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अभिषेक गहलोत ने की। विशिष्ट अतिथि के तौर पर श्रीमती रचना भोला, श्री अभय सिंह ठाकुर थे। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजय मिश्रा ने टीबी मुक्त अभियान के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वर्ष 2024-25 के दौरान जिले की कुल 176 टीबी मुक्त पंचायतों को राज्य स्तर से नामित किया गया है, उक्त पंचायतों को विश्व क्षय दिवस 2025 के अवसर पर पुरूस्कृत किये जाने के लिये विकासखण्डवार मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत एवं बीएमओ को आवश्यक मैडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदाय किये गये, जिन्हे अगले हफ्ते विकासखण्ड स्तरीय कार्यक्रमों में सर्व संबंधित पंचायतों के जन प्रतिनिधियों एवं गणमान्य को देकर पुरूस्कृत किया जायेगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान वर्ष में सबसे अधिक टीबी मुक्त पंचायतें विकासखंड पाटन की 30 रहीं, फिर क्रमशः ब्लॉक कुंडम की 28, मझौली की 24, शहपुरा की 24, बरगी की 22, सिहोरा की 12 एवं पनागर की 9 पंचायतों को टीबी मुक्त घोषित किया जा चुका है, इस तरह से इस वर्ष जबलपुर जिले की कुल 176 ग्राम पंचायतें टीबी मुक्त हो चुकी हैं। उन्होंने निक्षय मित्र के योगदान के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि रत्नेश सोनकर ने सभी विभाग के कार्य की सराहना की तथा आपसी समन्वय से प्राप्त हुई उपलब्धि के लिए सभी को शुभकामनाएं दी और आगे जिले की समस्त ग्राम पंचायत टीबी मुक्त हो इस के लिये सभी को अधिक ईमानदारी से काम करने को कहा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री गहलोत ने इस अवसर पर सभी के किए गए प्रयासों की सराहना की तथा संबंधित पंचायत को शुभकामनाएं दीं और अगले वर्ष सम्पूर्ण जबलपुर जिले को जल्दी ही टीबी मुक्त करने के लिए सभी से एकजुट होकर इसी तरह आपसी समन्वय से कार्य करने की आशा व्यक्त की।

इस जिला स्तरीय कार्यक्रम में जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ विनीता उप्पल, अर्बन नोडल अधिकारी डॉ एस एस दाहिया, जिला क्षय अधिकारी डॉ संतोष सिंह ठाकुर, समस्त विकासखंड से मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत एवं ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर्स, डीपीसी सुनील शर्मा, पीएमडीटी कोऑर्डिनेटर सीमांत ढिमोले, नारायण सोनी, विकास श्रीवास्तव और समस्त एनटीईपी स्टाफ उपस्थित थे।

# आज से शहीद स्मारक गोलबजार में लगेगा पुस्तक मेला

**जबलपुर, देशबन्धु।** स्कूली बच्चों को रियायती दरों पर पुस्तकें, कॉपियां, गणवेश एवं अन्य शैक्षणिक सामग्री उपलब्ध कराने जिला प्रशासन द्वारा गोलबाजार स्थित शहीद स्मारक में 25 मार्च से 5 अप्रैल तक पुस्तक एवं गणवेश मेला का आयोजन किया जाएगा। पुस्तक मेला का शुभारम्भ शाम 6 बजे प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह करेंगे। बारह दिनों का यह पुस्तक मेला शनिवार एवं रविवार को दोपहर 12 से रात 10 बजे तक तथा शेष दिवसों में शाम 4 से रात 10 बजे तक खुला रहेगा।

कलेक्टर दीपक सक्सेना की पहल पर लगातार दूसरे वर्ष लगाए जा रहे पुस्तक मेले के आयोजन की सभी तैयारियां पूरी की जा चुकी हैं। मेले में एक ही स्थान पर सभी निजी स्कूलों की पाठ्य पुस्तकें, कॉपियाँ, यूनिफार्म, स्कूल बैग एवं अन्य सभी जरूरी शैक्षणिक सामग्री रियायती दरों पर विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध रहेंगी। इसके लिए मेले में लगभग 50 स्टॉल लगाए जा रहे हैं। ज्ञात हो कि कलेक्टर दीपक सक्सेना की अगुवाई में जिला प्रशासन द्वारा पिछले वर्ष भी निजी स्कूलों, प्रकाशकों और पुस्तक विक्रेताओं की साठ-गाँठ से विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को राहत दिलाने पुस्तक मेला का आयोजन

**लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह शाम 6 बजे करेंगे मेला का शुभारंभ**

किया गया था। जिसकी प्रदेश के साथ-साथ देश भर में चर्चा हुई थी और इसे काफी सराहा गया था। प्रदेश में पहली बार जबलपुर में लगाए गए इस पुस्तक मेला के सफल आयोजन को नजीर मानकर अन्य जिलों द्वारा भी पुस्तक मेला लगाने की शुरुआत की गई थी। जिला प्रशासन द्वारा इस बार के पुस्तक मेला को और अधिक वृहद स्वरुप दिया गया है।



# आदिवासियों की जल जंगल जमीन से बेदखली बंद करो : मांग

**जबलपुर, देशबन्धु।** गढ़ा गोंडवाना संरक्षण संघ द्वारा आज एक प्रेस वार्ता घंटाघर काफ़ी हाउस मे आयोजित की गई, जिसमे आदिवासियों को उनके जल जंगल जमीन के अधिकारों से वंचित करने के सरकार के अघोषित प्रयासों का पुरजोर विरोध किया गया । भारतीय संविधान मे आदिवासियों के अधिकार जो 5 वीं और 6 वीं अनुसूची मे 243, 244 अनुच्छेद मे वर्णित है, तथा पेसा एक्ट के उल्लंघन की तत्काल रोक की मांग की गई है। संघ के संभागीय अध्यक्ष किशोरीलाल भलावी ने पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि आज आदिवासियों मे बहुत रोष है, और खासतौर से हीरन बैगा आदिवासी की हत्या से आदिवासी समाज बहुत आहत है।

संभागीय अध्यक्ष भलावी ने आगे कहा की गरीब आदिवासी को महंगे हथियार कौन दे रहा है, इस बात की जांच होनी चाहिए । आदिवासी को यदि जंगल से बाहर कर दिया गया तो वो मर जाएगा , और सरकार जो जंगल को 60 साल के लिए निजी हाथों मे लीज पर दे रही है, इससे तो आदिवासी समाज ही समाप्त हो जाएगा। निरीह आदिवासी की हत्या से आदिवासी समाज मे ये आशंका बढ़ती जा रही है कि, इस तरह की हत्या कहीं सम्पूर्ण आदिवासियों को समाप्त करने की साजिश का हिस्सा तो नहीं। इस पत्रकार वार्ता के माध्यम से राज्य एवम केंद्र सरकार को प्रिंट एवम इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से ये मांग की जाती है कि आदिवासियों के साथ होने वाले अन्याय को तत्काल रोका जाए अन्यथा संघ न्याय के लिए उच्च न्यायालय और सर्वोच्च न्यायालय मे जानें हेतु बाध्य होगा। पत्रकार वार्ता मे किशोरीलाल भलावी , एड बालकिशन चौधरी,, नेम सिंह मरकाम,उत्तम सिंह ताराम आदि शामिल रहे।



# अभा क्षत्रिय महासभा युवा और करणी सेना ने किया सांसद का पुतला दहन

**जबलपुर, देशबन्धु।** समाज वादी पार्टी के राज्यसभा सांसद राम जी लाल ने संसद में क्षत्रिय कुल शिरोमणी राणा सांगा के खिलाफ अशोभनीय टिप्पणी किए जाने पर विजय नगर में पुतला दहन किया गया, प्रहलाद सिंह राजपूत, शिवेंद्र सिंह गौर, कमल सिंह ठाकुर, दीपक सिंह चौहान, बंशीधर सिंह, वरुण सिंह बैस, दीपक सिंह राजपूत, अंशुल सिंह, बंटी ठाकुर, शैलेन्द्र सिंह, पप्पू चौहान, अरुण पवार, सुरजीत सिंह, सौरभ चौहान, विवेक सिंह, आदि उपस्थित रहे।

## सीएम हेल्पलाइन के प्रकरण नॉन अटेंडेंट होने पर लगेगा जुर्माना : सीईओ जिला पंचायत

**जबलपुर, देशबन्धु।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक गहलोत की अध्यक्षता में लंबित पत्रों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस दौरान अपर कलेक्टर नाथूराम गोंड सहित सभी संबंधित अधिकारी मौजूद थे। बैठक में उन्होंने सभी विभागों की सीएम हेल्प लाइन की एक-एक कर समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों के निराकरण प्राथमिकता से करें। उन्होंने कहा कि कोई भी प्रकरण नॉन अटेंडेंट न रहे और न ही निम्न गुणवत्ता से बंद हों। यदि कोई नॉन अटेंडेंट प्रकरण रहे तो पेनाल्टी के रूप में संबंधित विभाग के अधिकारी को निर्देशित किये कि प्रति केस 1 हजार रुपये रेडक्रॉस में जमा करें। साथ ही कहा कि 50 दिन से अधिक के प्रकरणों को पहले निराकृत करें।

# पंजाबी समाज का 33 वां युवक-युवती परिचय सम्मेलन 19 एवं 20 अप्रैल को, व्यवस्थाओं हेतु समितियों का गठन




**जबलपुर, देशबन्धु।** पंजाबी हिन्दू एसोसिएशन के तत्वाधान में दो दिवसीय 33 वां युवक युवती परिचय सम्मेलन 19 अप्रैल एवं 20 अप्रैल की तैयारियों को लेकर एक बैठक आयोजित की गई जिसमें जबलपुर शहर के पंजाबी समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने परिचय सम्मेलन की तैयारियों को लेकर बैठक में अपने अपने विचार व्यक्त किए।

पंजाबी हिन्दू एसोसिएशन के वरिष्ठ संरक्षक पूर्व मंत्री चन्द्र कुमार भानोत के मार्गदर्शन में बैठक का आयोजन किया गया बैठक की अध्यक्षता संस्था अध्यक्ष नरेन्द्र पालमलिक ने की तथा अपने उदबोधन में बताया कि पंजाबी समाज विभिन्न शहरों में निवासरत है जिसको लेकर यह बैठक आयोजित की गई है कि सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता आसपास के जिलो में शहरों एवं गांव में रहने वाले पंजाबी समाज के लोगों को परिचय सम्मेलन की आवश्यकता को बताते हुए उन्हें एक जुट कर एक मंच पर उपस्थित होकर सम्मेलन को और भव्य बनाया जाये। पंजाबी हिन्दू एसोसिएशन के वरिष्ठ संरक्षक पूर्व मंत्री चन्द्र कुमार भानोत के मार्गदर्शन में बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक की अध्यक्षता संस्था अध्यक्ष नरेन्द्र पालमलिक ने की तथा अपने उदबोधन में बताया कि पंजाबी समाज विभिन्न शहरों में निवासरत है जिसको लेकर यह बैठक आयोजित की गई है कि सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता आसपास के जिलों शहरों एवं गांव में रहने वाले पंजाबी समाज के लोगों को परिचय सम्मेलन की आवश्यकता को बताते हुए उन्हें एक जुट कर एक मंच पर उपस्थित होकर सम्मेलन को और भव्य बनाया जाये। संस्था सचिव उमेश खुराना एवं जनसंपर्क अधिकारी उमेश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि परिचय सम्मेलन में भोपाल, रायपुर, नागपुर, दिल्ली, कोटा, ग्वालियर सहित अनेक शहरों के पंजाबी समाज के पदाधिकारी अपने-अपने शहरों के विवाह योग्य युवक-युवतियों के बायोडाटा लेकर उपस्थित रहेंगें समाज के सदस्यों को अपने परिवार के लिए विवाह योग्य पुत्र पुत्रियों के लिए उपयुक्त वरवधु तलाशने के लिए यह सम्मेलन बहुत उपयोगी साबित होगा।

बैठक में दो दिवसीय परिचय सम्मेलन की तैयारियों को लेकर विभिन्न समितियों का गठन किया गया। जिसमें स्वागत समिति, आवासीय व्यवस्था, बाहरी संस्थाओं के प्रतिनिधियों के आवागमन की व्यवस्था, पंजीयन काउंटर, पूछताछ काउंटर, वाहन व्यवस्था, मंच व्यवस्था, क्लॉक रूम व्यवस्था, कार्डो की उदघोषणा, जोड़ियों का मिलान, विभिन्न ग्रुप के स्टाल, मेडिकल व्यवस्था, सांस्कृतिक कार्यक्रम भोजन व्यवस्था सहित युवा समिति एवं महिला समिति के पदाधिकारियों को अलग अलग व्यवस्थाएं सौंपी गयी। बैठक में नरेन्द्र पालमलिक, उमेश खुराना, आरके कपूर, उमेश शर्मा, इन्द्र बिरमानी, नरेश ग्रोवर, संजय अरोरा, राजीव ओबेराय, सुशील आनंद, नरेन्द्र धमीजा, प्रदीप वाधवा, सुधीर मेहता, प्रमोद मरवाहा, उषा खुराना, आशीष खुराना सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# स्कूली बच्चों ने मंच पर एक से एक बढ़कर प्रस्तुतियां दी



**जबलपुर,देशबन्धु।** स्मॉल वंडर्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल जबलपुर द्वारा आयोजित नवरंग 2.0 का रविवार 23 मार्च 2025 को सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। वार्षिक परीक्षाओं की समाप्ति और नए सत्र के आगाज के पूर्व शाला में कला ,संस्कृति मनोरंजन, स्वादिष्ट भोजन एवं अनेकों आकर्षण से सराबोर फन फेयर नवरंग 2.0 जिसमें पारिवारिक माहौल में शाला परिवार के कलाकारों द्वारा मनमोहन प्रस्तुतियो ने दर्शक- दीर्घा का मन मोह लिया। नवरंग की इस शाम के मुख्य अतिथि जिला पुलिस अधीक्षक माननीय सूर्यकांत शर्मा रहे जिनके गरिमामय आतिथ्य ने कार्यक्रम को गौरवान्वित बना दिया। शाला के पेट्रन श्री शेखर अग्रवाल, श्री सुनील अग्रवाल, चेयरपर्सन श्रीमती नंदनी अग्रवाल, डायरेक्टर श्रीमती पूनम अग्रवाल, डिप्टी डायरेक्टर सुश्री आरुषि अग्रवाल, एडवाइजर श्रीमती संगीता ग्रोवर, प्रिंसिपल श्री विलियम्म डायस, वाइस प्रिंसिपल श्री अनिल रजक, हेडमिस्ट्रेस श्रीमती मोना चौकसे, ने शिक्षकों और विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया ।

# फसल कटाई में मिला गेहूं के 73 क्विंटल प्रति हेक्टेयर उत्पादन



**जबलपुर, देशबन्धु।** जिले के विकासखण्ड पाटन के ग्राम कुकरभुका में गेहूँ के फसल कटाई प्रयोग में मिले नतीजों ने कृषि अधिकारियों सहित मौके पर मौजूद रहे सभी किसानों को आश्चर्य चकित कर दिया। फसल कटाई का यह प्रयोग आज कृषक अर्जुन पटेल के खेत में किया गया था और इसमें गेहूँ का 73 क्विंटल प्रति हेक्टेयर उत्पादन प्राप्त हुआ, जो सामान्य से काफी अधिक है ।

फसल कटाई प्रयोग के दौरान मौजूद रहे उप संचालक कृषि डॉ एस के निगम ने बताया कि कृषक अर्जुन पटेल द्वारा अपने खेत में गेहूँ के डीबीडब्ल्यू-377 ब्रीडर बीज की रेज्ड बेड पद्धति से बोनी की गई थी। डॉ निगम के मुताबिक अर्जुन पटेल के खेत में फसल कटाई प्रयोग पाँच मीटर लम्बे और पाँच मीटर चौड़े हिस्से में किया गया था और इसमें 18 किलो 424 ग्राम गेहूँ के उत्पादन प्राप्त हुआ। उन्होंने बताया कि फसल कटाई प्रयोग में प्राप्त इन आंकड़ों का विश्लेषण करने पर गेहूँ का प्रति हेक्टेयर उत्पादन 73 क्विंटल आता है, जबकि परंपरागत पद्धति से फसल लेने पर प्रति हेक्टेयर 40 से 45 क्विंटल गेहूँ का उत्पादन ही प्राप्त होता है।

उप संचालक कृषि के मुताबिक कृषक श्री पटेल द्वारा गेहूँ का ब्रीडर बीज भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद करनाल से लाया गया और 30 किलो प्रति एकड़ बीज रेज्ड बेड पद्धति से बोया गया। रेज्ड बेड पद्धति में 30 किलो प्रति एकड़ बीज की आवश्यकता होती है, जबकि परंपरागत विधि से 80 से बोनी में 100 किलो बीज लगता है। उप संचालक कृषि ने बताया कि रेज्ड बेड पद्धति में एक पौधे में 15 से 16 कल्ले आते हैं और फसल गिरती भी नहीं है, जबकि परंपरागत विधि से गेहूँ में तीन से चार कल्ले ही आते हैं तथा फसल गिर जाने की संभावना होती है। अनुविभागीय कृषि अधिकारी पाटन डॉ इंदिरा त्रिपाठी के अनुसार फसल बुवाई की रेज्ड बेड पद्धति यथास्थिति नमी संरक्षण के लिए अपनाई जाती है।

# जबलपुर एवं मदनमहल स्टेशन के प्लेटफार्म में ऑटो चालकों की धमाचौकड़ी से यात्री परेशान

**जबलपुर, देशबन्धु।** पमरे के उच्च अधिकारियों की लापरवाही और उदासीनता के कारण दिनों दिन अनुशासनहीनता बढ़ती ही जा रही है। मुख्य रेलवे स्टेशन और मदनमहल स्टेशन में ट्रेनों के आने के पूर्व से ही ऑटो चालकों का दिनों दिन जमावाड़ा देखा जा रहा है। इनकी आड़ में कुछ असामाजिक तत्व व जेब कतरे भी प्लेटफार्म में प्रवेश कर लेते हैं। जेब कतरे तो मौका देखकर यात्रियों को धक्का देते हुए जेब तक काट लेते हैं। इस प्रकार की घटना आए दिन होती रहती है। ऑटो चालकों द्वारा प्लेटफॉर्म में प्रवेश किये जाने से बेचारे कुलियों को भी काम नहीं मिलता है। यह ऑटो चालक प्लेटफार्म के अलावा कोचों से भी सामान उतारकर ऑटो तक ले जाते हैं।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मुख्य रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नम्बर 6 में कुलियों को काम ही नहीं मिलता है। एस्केलेटर एवं लिफ्ट के कारण आजकल कुलियों को काम ही नहीं मिलता है। जरा भी गुंजाइश रहती है तो वह मौका ऑटो चालकों को मिल जाता है।

इसी प्रकार मदनमहल स्टेशन में भी जनशताब्दी दुर्ग भोपाल अमरकंटक एक्सप्रेस के समय प्लेटफार्म नम्बर 1 एवं 4 में आए दिन देखा जा रहा है।

यहां इस बात का उल्लेख करना आवश्यक है कि दोनों स्टेशनों में शासकीय रेलवे पुलिस जीआरपी एवं रेलवे सुरक्षा बल आरपीएफ के आधुनिकता के अनुसार कार्यालय हैं। इनमें कर्मचारियों की भी पदस्थापना होने के बावजूद ऑटो चालकों की धमाचौकड़ी होना एक बड़े आश्चर्य का विषय माना जा रहा है।

पमरे के शीर्ष अधिकारी इस संबंध में कार्रवाई करेंगे और यात्रियों को राहत दिलाएंगे इसकी सभी को उम्मीद है।

# विश्व क्षय रोग दिवस के उपलक्ष्य में मेडिकल कॉलेज में जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



**जबलपुर, देशबन्धु।** विश्व क्षय दिवस के उपलक्ष्य में टीबी उन्मूलन के प्रति जागरूकता पैदा करने नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल कॉलेज में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में मेडिकल कॉलेज के स्कूल ऑफ एक्सीलेंस इन पल्मोनरी मेडिसिन की अगुआई में पीजी छात्रों, चिकित्सा शिक्षकों, नर्सों एवं तृतीय और चतुर्थ वर्ग कर्मचारियों ने हिस्सा लिया।

कार्यक्रम में अधिष्ठाता डॉ नवनीत सक्सेना ने प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किये, उनका मार्गदर्शन किया तथा टीबी पर अपने अनुभव साझा किये। वरिष्ठ चिकित्सक एवं विभागाध्यक्ष डॉ संजय भारती, डॉ अविनाश जैन, डॉ शुभम् मिश्रा, डॉ आकाश गजेंद्र ने भी अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम का संचालन डॉ सोनिया सोलोमन एवं डॉ रुद्रिका भटेले ने किया। डॉ राघव ने टीबी उन्मूलन में आ रही कठिनाइयों तथा टीबी हेल्थ वर्कर मीना एवं सोनिया ने टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के क्रियान्वयन पर प्रकाश डाला।

नोडल क्षय अधिकारी डॉ बृज बिहारी पटेल ने टीबी उन्मूलन के प्रति मेडिकल कॉलेज एवं स्कूल ऑफ एक्सीलेंस इन पल्मोनरी मेडिसिन की प्रतिबद्धता दोहरायी।

कार्यक्रम में वी शाइन फाउंडेशन की ओर से आस्था दीक्षित, नमिता शर्मा, सविता दुबे, डॉ अनुराग उपस्थित रहे।

# अभी तक 16200 करदाताओं ने जमा किये 83 करोड़ रूपये

**जबलपुर, देशबन्धु।** नगर निगम की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ करने तथा लक्ष्य के अनुरूप राजस्व आय बढ़ाने के उद्देश्य से निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव लगातार वसूली अभियान की समीक्षा कर रहीं हैं और राजस्व अमले को निर्देश भी दे रहीं हैं। निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के निर्देश पर निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति के लिए उपायुक्त पी.एन. सनखेरे एवं राजस्व की टीम लगातार मैदान में उतरकर करदाताओं से बकाया करों की राशि जमा करने सम्पर्क बनाकर रखे हैं।

उपायुक्त श्री सनखेरे ने बताया कि आज 4170 करदाताओं ने 1 करो? 41 लाख रूपये की राशि निगम खजाने में जमा की है। उन्होंने बताया कि सम्पत्ति कर में 2500 करदाताओं ने 1 करोड़ 16 लाख रूपये, डोर टू डोर में 800 करदाताओं ने 7 लाख रूपये एवं जल शुल्क के रूप में 870 करदाताओं ने 18 लाख रूपये की राशि निगम खजाने में जमा की है।

श्री सनखेरे ने बताया कि अभी तक 16200 करदाताओं ने 83 करोड़ रूपये की राशि जमा की है, निर्धारित लक्ष्य 130 करोड़ रूपये है, शेष अभी 47 करोड़ रूपये की राशि करदाताओं से वसूल की जाना है। उन्होंने बताया कि करदाताओं के पास बकाया करों की राशि जमा करने अब मात्र 7 दिन शेष है, 31 मार्च के बाद 1 अप्रैल से करों की राशि दो गुना कर दी जायेगी जो आगामी वित्तीय वर्ष में आने वाली लोक लदालत में भी छूट नहीं मिलेगी। उन्होंने बताया कि निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने करदाताओं की सुविधा के लिए समस्त कैश काउण्टरों को सुबह 09:00 बजे से खोलने के निर्देश दिये है। उन्होंने बताया कि एम.आई.सी. सदस्य एवं राजस्व प्रभारी डॉ. सुभाष तिवारी के द्वारा भी लगातार राजस्व विभाग की समीक्षा की जा रही है, तथा लक्ष्य प्राप्ति के लिए सभी अधिकारियों को सख्ती के साथ वसूली के लिए निर्देश भी दिये हैं। निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने करदाताओं से अपील की है कि 31 मार्च के पूर्व अपनी करों की राशि जमा कर नगर निगम की अप्रिय कार्यवाही से बचें तथा निगम विकास में सहयोग प्रदान करें। उन्होंने कहा कि 1 अप्रैल से राशि दो गुना हो जायेगी जिसमें आने वाली लोक अदालत में भी राहत नहीं मिलेगी।



# मां कर्मा जयंती पर निकली शोभायात्रा




## त्याग,भक्ति,वात्सल्य एवं करुणा की देवी हैं भक्त माता कर्मा – प्रभात साहू

**जबलपुर, देशबन्धु।** साहू समाज की आराध्य देवी संत शिरोमणि भक्त कर्मा माता जयंती के अवसर पर निकाली गई शोभायात्रा से पूरा जबलपुर जय मां कर्मा के जयकारे से गुंजायमान हुआ। इस अवसर पर साहू समाज द्वारा निकाली गई भव्य शोभायात्रा का स्वागत भारतीय जनता पार्टी के बरिष्ठ नेता पूर्व महापौर प्रभात साहू की उपस्थिति में कार्यकर्ताओं द्वारा पुष्पवर्षा करते हुए अभिवादन किया गया।

कर्मा माता की पूजा अर्चना कर समस्त समाजिक बंधुजनों को कर्मा माता जयंती की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए पूर्व महापौर व पूर्व महानगर अध्यक्ष प्रभात साहू ने कहा कि त्याग भक्ति वात्सल्य एवं करुणा की देवी भक्त माता कर्मा हैं, जिन्होंने जनदुखियों के दुख हरने के लिए अपनी भक्ति की शक्ति से भगवान श्रीकृष्ण को प्रसन्न कर अपने हाथों से बनाई खिचड़ी खिलाई और सब संतन का भगवान श्री कृष्ण के आशीर्वाद से दुख हर लिए। जिला साहू समाज जबलपुर के सचिव वीरेंद्र साहू ने कहा कि ममता त्याग की प्रतिमूर्ति मां कर्मा है जिनके जीवन चरित्र ने संपूर्ण मानव समाज को सेवा की नई दिशा दिखाई, संत माता कर्मा साहू समाज की आराध्य देवी है और साथ ही सभी समाज के लिए आराध्य देवी हैं, संत सभी समाज उत्थान के लिए कार्य करते हैं समस्त क्षेत्रवासियो व साहू समाज को कर्मा जयंती की बधाई जिसमे नगर वैश्या सभा अध्यक्ष राधेश्याम साहू, पूर्व पार्षद सुबोध साहू,जिला अध्यक्ष उदयमान साहू,सचिव वीरेंद्र साई रवि साहू, सुधीर साहू, बात्री साहू समाज अध्यक्ष चौधरी मुकेश साहू, हरीश साहू, एडवोकेट अर्जुन साहू पार्षद राहुल साहू, विनोद साहू, गगन साहू,दीपक साहू,धीरज साहू,मोनू साहू,रमेश साहू कटंगी से नगर परिषद अध्यक्ष अमिताप साहू, कमलेश साहू, रविकांत साहू, इंजी. दीपक साहू भेडाघाट से राष्टीय कार्यवाहक अध्यक्ष संजय साहू, रामखिलावन साहू प्रदीप साहू, ब्रजेश साहू त्रिमूर्ति नगर से रुप लाल साहू,आलोक साहू, हेमराज साहू आदि साहू समाज के पदाधिकारियों सहित सैकड़ों की संख्या में महिला-पुरुष और बच्चे शामिल हुए।

## मंच पर कलाकार बच्चे की तरह खेलें

**जबलपुर, देशबन्धु।** विवेचना थिएटर ग्रुप के तत्वावधान में नाट्य वर्कशॉप की शुरुआत हुई। वर्कशॉप में नाट्य निर्देशक एवं शिक्षक प्रसन्ना ने युवाओं से सीधा संवाद किया। उन्होंने कहा कि अभिनेता को अभिनय नहीं करना है, बल्कि मंच पर बच्चे की तरह खेलना चाहिए। संयोजक हिमांशु राय ने बताया कि कार्यशाला 25 मार्च को रानी दुर्गावती कलीवीथिका में सुबह 10.30 बजे से जारी रहेगी, वहीं शाम 7 बजे प्रसन्ना की नई पुस्तक एक्टिंग एंड बियॉन्ड का विमोचन किया जाएगा।

## समारोह में मिले पूर्व छात्र

**जबलपुर।** शासकीय आयुर्वेदिक कॉलेज एवं चिकित्सालय का रीयूनियन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में 1978 से 2004 बैच तक के 120 छात्रों ने सहभागिता की। कार्यक्रम में पूर्व छात्रों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से हुनर दिखाया।

# श्रीराम नवमी शोभायात्रा में कौशल्या रूप में शामिल होंगी मातृशक्ति

## सनातन धर्म महासभा महिला मंडल की बैठक संपन्न




**जबलपुर, देशबन्धु।** श्रीहरि नारायण के आशीर्वाद से कौशल्या रूप में मातृशक्ति को प्रभु श्रीराम बाल स्वरूप में प्राप्त हुए। संस्कारधानी में सनातनियों को संगठित होकर श्रीराम लला सरकार के पावन जन्मोत्सव पर श्री सनातन धर्म महासभा जबलपुर के तत्वावधान में श्रीमद् जगतगुरु नरसिंह पीठाधीश्वर डॉ स्वामी नरसिंह देवाचार्य जी महाराज के सानिध्य में 6 अप्रैल को सायं 6 बजे श्रीराम नवमी के अवसर पर 45 वीं विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा में मातृशक्ति की सक्रियता से भागीदारी के लिए नरसिंह मंदिर में सनातन धर्म महासभा महिला मंडल की वृहद बैठक का आयोजन श्रीमती माया राकेश सिंह की अध्यक्षता में किया गया । महासभा की संयोजक सुनीता चावला अंजू भार्गव, नम्रता भाटिया, कुसुम चौबे नीता नारंग कहा कि सभी पारंपरिक परिधान गुलाबी रंग की साड़ी पहनकर, महिला मंडल सपरिवार उपस्थिति सुनिश्चित करें। भजन कीर्तन,हरिनाम संकीर्तन करते हुए शोभायात्रा में मातृशक्ति चलें।

बैठक में सुजाता सिंह, राज चौपरा, रूपा राव, नंदिता महाजन, मीना कुशवाहा, शिवकली मालवीय, गीता पांडे, पूजा श्रीराम पटेल, प्रिया संजय तिवारी, कविता दुबे, नीतू दुबे, कृष्णा संजय यादव, मीना नामदेव सभी अपने बच्चों को साथ लेकर ही आयें क्योंकि मां ही बच्चों की प्रथम गुरु होती हैं। सीमा सिंह जुग्गी, कविता शर्मा, सीमा शर्मा, डॉ कल्पना मिश्रा, एकता शर्मा,मीरा दुबे, संध्या दुबे, इंदुलता प्यासी, बिन्दु, अनीता मिश्रा, एड प्रज्ञा वर्मा, डॉ कल्पना मिश्रा, कविता दुबे, मिथिलेश महासभा के अध्यक्ष श्याम साहनी अशोक मनोध्याय विदेश भांपकर, संदीप मिश्रा राजेंद्र यादव ने सभी बहनों का आभार व्यक्त किया।

## हुनर हार्ट में मिला महिला उद्यमिता की राह



**जबलपुर, देशबन्धु।** हुनर से रोजगार तक के सपनों की उड़ान को पूरा करने के लिए महिलाओं ने मेले में सहभागिता की। किसी ने ज्वेलरी कलेक्शन का स्टॉल लगाया, तो किसी ने लजीज व्यंजनों की खुशबू से परिसर महकाया। मुख्यालय एमबी एरिया आवा के तत्वावधान में हुनर हाट का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि आवा की जोनल अध्यक्ष राजलक्ष्मी शेखावत रहीं। आयोजन में महिलाओं उद्यमियों की प्रतिभा दर्शाने के लिए हस्तनिर्मित वस्त्रों और वस्तुओं का कलेक्शन शामिल किया गया।

## फैशन राउंड में रैम्प वॉक पर सधे कदम

**जबलपुर, देशबन्धु।** माता गुजरी कॉलेज में एमएससी फाइनल ईयर, बीएससी थर्ड और फोर्थ की छात्राओं का फेयरवेल आयोजित हुआ। कार्यक्रम में जूनियर और सीनियर छात्राओं ने ग्रुप डांस और म्यूजिक की परफॉर्मेंस दी। छात्राओं ने रैम्प वॉक कर फैशन का जलवा दिखाया। कार्यक्रम में मिस फेयरवेल कौशिकी गौतम व आस्था शर्मा, मिस रेडियंस अनुपमा लाल, मिस फोटोजेनिक सोनाली गुल्हानी, मिस वर्सेटाइल शिवानी जावरे, मिस एलिगेंट नेहा पटेल, मिस सनशाइन स्माइल तृप्ति पांडे, फन एंड जॉय की एक्टिविटी के लिए बैलून डांस और सरप्राइज गेम्स खेले गए।



## चुनौतियां पार कर सोच बदल रहीं महिलाएं



**जबलपुर, देशबन्धु।** महाकोशल बधिर संघ के तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय बधिर महिला दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण और सुरक्षा पर वक्ताओं ने वक्तत्व दिया। वक्ताओं ने समाज में बधिर महिलाओं के सामने आने वाली चुनौतियों पर विशेष जोर दिया। महिलाओं को आत्मरक्षा, कानूनी अधिकार और सामुदायिक समर्थन के बारे में शिक्षित किया गया। आयोजन में गंगा राव, नीतू परवानी, चाहत दौलतानी, ओमप्रकाश राव, विनय कोचर, प्रमोद नायर मौजूद थे।

## भक्त शिरोमणि मां कर्मा बाई का आरती पूजन अर्चन संपन्न




**जबलपुर, देशबन्धु।** भगवान जगन्नाथ जी की भक्त शिरोमणि कर्मा बाई की 1009 वीं जयंती के अवसर पर साहू समाज ने निकाली विशाल शोभायात्रा का म प्र साहू समाज ने लार्डगंज चौक पर पूजन अर्चन आरती कर पुष्प वर्षा प्रसाद वितरण कर भव्य स्वागत किया। स्वागत वंदन में जगदीश साहू, दालचंद साहू, सुन्दरलाल साहू, राजेन्द्र साहू, प्रतिभा विध्येश भापकर,गीता साहू, जागृति साहू, रुपाली, मोना, रंजना प्रकाश, दीपक, तनिष्क साहू, आर्यन साहू सहित सामाजिक जनों की उपस्थिति रही।

## दैनिक राशिफल

**मंगलवार 25 मार्च 2025 का पंचांग विक्रम संवत् 2081, शक संवत 1946 हिजरी 1445। चैत्र कृष्ण पक्ष की एकादशी, नक्षत्र-श्रवण।**

**मेष** – आज मन व्याकुल रहेगा और शरीर में आलस्य छाया रहेगा। स्वास्थ्य कुछ नरम-गरम हो सकता है। काम में सफलता देर से मिलेगी।

**वृषभ** – सरकार विरोधी काम और एक्टिविटी से दूर रहने की सलाह आपको दी जाती है। नए काम की शुरुआत ना करें। स्वास्थ्य भी बिगड़ सकता है।

**मिथुन** – आज का दिन सुख और शांतिपूर्वक गुजार सकेंगे। दैनिक कामों में कुछ ज्यादा ही व्यस्त रह सकते हैं। मन को प्रसन्न रखने के लिए आप मनोरंजन का सहारा लेंगे। क-

**कर्क** – व्यवसाय स्थल पर वातावरण अनुकूल रहेगा। मायके से अच्छे समाचार प्राप्त होंगे। पारिवारिक वातावरण भी अनुकूल रहेगा। विरोधियों को लाभ प्राप्त नहीं हो पाएगा।

**सिंह** – प्रणय प्रसंग के लिए आज का दिन अनुकूल है। फिर भी गुस्से पर संयम रखें। पेट से संबंधित रोगों से कोई कष्ट हो सकता है। दोपहर के बाद परिवार में आनंद और उल्लास का वातावरण रहेगा।

**कन्या** – आज शारीरिक ताजगी का आपमें अभाव रहेगा। किसी बात की चिंता से काम में मन नहीं लगेगा। धनहानि होने की आशंका है।

**तुला** – नए काम की शुरुआत करने के लिए दिन अच्छा है। प्रिय व्यक्ति के साथ हुई मुलाकात आनंददायी रहेगी।

**वृश्चिक** – निर्धारित काम न होने के कारण हताशा का अनुभव होगा। किसी भी महत्वपूर्ण काम का डिसीजन आज ना लें। पारिवारिक वातावरण में क्लेश रहेगा।

**धनु** – आज का दिन आप के लिए शुभ फलदायी है। आज भाग्य आपका साथ देगा और आर्थिक रूप से आपको फायदा होगा। शारीरिक और मानसिक रूप से आप उत्साही तथा प्रफुल्लित बने रहेंगे।

**मकर** – कोर्ट कचहरी के मामलों से आज दूर रहें। मन में किसी बात को लेकर आज चिंता रह सकती है। आपके नकारात्मक विचार काम पर सीधा प्रभाव डालेंगे।

**कुंभ** – आज के दिन की शुरुआत लाभदायी है। सामाजिक और आर्थिक क्षेत्र में आप प्रगति करेंगे। किसी नए व्यक्ति से रिश्ता बन सकता है।

**मीन** – आपके विचारों में आज दृढ़ता अधिक नहीं होगी। व्यापार में भागीदारी के काम से लाभ होगा। नौकरी में पदोन्नति के योग हैं।

**म.**

## हाफ़िज़ साहेबान का इस्तकबाल

**जबलपुर ।** शबे कद्र के मौके पर 27 मार्च जुमेरात रात 10 बजे चार खम्बा मे हज़रत मौलाना डॉक्टर मुशाहिद रज़ा कादरी साहब मुफ़्ती-ए-आज़म म.प्र. की सरपरस्ती मे तरावीह की नमाज़ अदा कराने वाले सभी हाफ़िज़ साहेबान का इस्तकबाल मदनी मिल्लत सेवा समिति के तत्वावधान मे किया जाएगा । समिति के सरपरस्त मतीन अंसारी, अध्यक्ष आसिफ़ इकबाल, अफ़रोज़ अंसारी, गुड्डू बाबा, कुतबुददीन, शोएब भाई आदि ने शिरकत करने की अपील की है ।

**गुलजार हैं मीना बाजार** – वही दूसरी ओर मुस्लिम बहुल इलाकों में मीना बाजार सजे हुए हैं और देर रात तक खरीददारी का दौर भी चल रहा है

## गवर्नमेंट साइंस कॉलेज में शिविर का समापन एवं परिचर्चा




**जबलपुर, देशबन्धु।** गवर्नमेंट साइंस कॉलेज में सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन एवं पुरस्कार वितरण किया गया। मुख्य अतिथि विधायक अशोक रोहाणी थे। कार्यक्रम में नेहा परस्ते, प्रशांत मरावी, नवीन लक्ष्मीकांत, अनामिका को राष्ट्रीय स्तर पर महाविद्यालय का नाम गौरवांवित करने के लिए ट्रॉफी एवं मेडल प्रदान किए गए। स्वयंसेवकों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। शिविर में गतिविधियों में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले स्वयंसेवकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जनभागीदारी समिति अध्यक्ष माइकल प्रदीप कपूर, सरपंच विक्रम कंबोज, प्रभारी प्राचार्य डॉ. शिखा सक्सेना, डॉ. रचना सांचा, पलक नामदेव भागीरथ, डॉ. आशीष कुमार, डॉ. रमेश शुक्ला, डॉ. मुक्तेश्वर सिंह, डॉ. जया वाजपेयी, डॉ. सुमन प्रभाकर, डॉ. निमिषा कौर भामरा, डॉ. अपर्णा अवस्थी, डॉ. अर्चना द्विवेदी मौजूद रहीं।

**विश्व वन एवं जल दिवस पर परिचर्चा**- इसी कड़ी में साइंस कॉलेज में विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के अंतर्गत विश्व वन एवं जल दिवस पर परिचर्चा हुई। आयोजन में रसायनशास्त्र विभाग के प्राध्यापक डॉ. मनीष शर्मा ने विश्व वन एवं जल दिवस की महत्ता समझाई। इसमें स्टूडेंट शशांक ने जल स्त्रोतों की वृद्धि करने एवं जल शुद्धि के लिए जागरुकता फैलाने का संदेश दिया। मुकेश परस्ते ने जल गुणवत्ता की जांच ग्रामीण इलाकों में भी जाने की बात रखी। डॉ. आनंद प्रताप सिंह ने वनों के महत्व, उनकी खाद्य सुरक्षा को जीवन का स्त्रोत बनाया। प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. जया वाजपेयी, वीरेन्द्र साकेत मौजूद थे।

# बुंदेली गीतों पर झूमीं महिलाएं, दिखा पारम्परिक रंग

**जबलपुर, देशबधु।** होली के बुंदेली गीतों की प्रस्तुति से रंग जमाया। किसी ठेठ बुंदेली गीत गाए गए, तो कहीं होली का घूंघट नृत्य किया गया। कला, संस्कृति और पारम्परिक बुंदेली संभ्यता को बढ़ावा देने के लिए महिलाओं ने थीम के अकॉर्डिंग पोशाक धारण की। नई सोच हमारी कल्पना महिला मंडल का होली महोत्सव का आयोजन किया गया। आयोजन बुंदेलखण्ड थीम पर हुआ। इस दौरान महिलाओं को फनी टाइटल दिए गए। होली क्वीन और बेस्ट ड्रेस एनर्जेटिक डांस के लिए क्लब प्रेसिडेंट डॉ. कल्पना मिश्रा ने प्राइज डिस्ट्रिब्यूट किए।

**गायकों की मंडलियों ने जमाया रंग**- कार्यक्रम में बुंदेली नृत्य और गायन मंडलियों ने किया। कलाकारों ने विलुप्त हो रहे गीतों का गान किया। कार्यक्रम में श्रद्धा चतुर्वेदी, स्नेहा उपाध्याय, कल्पना सिंह, रिया पटेल, गुरप्रीत वर्मा, चाहत पचौरी, संचित, संगीता पांडे, भारती त्रिवेदी, ममता, मनोज चौरसिया की टीम ने बुंदेलखण्डी गीतों से समां बांधा। इस मौके पर नीति दीक्षित, जागृति मिश्रा, पूजा वाजपेयी, स्वीटी बल्ला, अन्नू सिंह, सुनयना मौजूद रहीं।



क्लब कल्चर- नई सोच हमारी कल्पना महिला मंडल का कार्यक्रम

## निधन

**ईश्वर अल्लाह तेरो नाम सबको सद्गति दे भगवान**

**श्रीमती कैलाशवती शर्मा**- वत्सला अपार्टमेंट कैरव्ज के पास सिविल लाइन निवासी श्री सुखदयाल शर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती कैलाशवती शर्मा (98) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सिया रानी**- गली नं. 1 इंद्रा नगर गुप्तेश्वर निवासी श्री खुशीराम की धर्मपत्नी श्रीमती सिया रानी (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री संजीव सरकार**- बंगाली कॉलोनी प्रेमसागर पुलिस चौकी के पास निवासी श्री संजीव सरकार (56) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री पूरन चौधरी**- बाबा टोला ठक्कर ग्राम निवासी श्री पूरन चौधरी (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती सावित्री बाई**- ज्योति नगर गढ़ा निवासी श्रीमती सावित्री बाई (95) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री किशोरी लाल रैकवार**- कछियाना लालमाटी निवासी श्री किशोरी लाल रैकवार (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती गंगा बाई उईके**- पटेल नगर महाराजपुर निवासी श्री रामराव उईके की धर्मपत्नी श्रीमती गंगा बाई उईके (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री मिश्री लाल सोनकर**- भरतीपुर बड़ी ओमती निवासी श्री मिश्री लाल सोनकर (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती कलावती वर्मा**- जयप्रकाश नगर अधारताल निवासी श्री लक्ष्मण प्रसाद वर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती कलावती वर्मा (94) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री रविशंकर विश्वकर्मा**- एनकेजे कटनी निवासी श्री रविशंकर विश्वकर्मा (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री राम गोपाल नेमा**- श्रीराम कॉलेज के पास निवासी श्री राम गोपाल नेमा (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री प्रमोद कुमार शुक्ला**- गढ़ा स्थित लाल हवेली के पास निवासी श्री प्रमोद कुमार शुक्ला (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री रघुनाथ सिंह**- बड़ा पत्थर रांझी निवासी श्री रघुनाथ सिंह (95) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से महिला बैंक कर्मी की मौत

## केंट के वायएमसीए चौराहा पर हादसा

**जबलपुर,देशबन्धु।** केंट थाना क्षेत्रांतर्गत वायएमसीए चौराहा में सोमवार सुबह अज्ञात भारी वाहन ने एक्टिवा सवार महिला बैंक कर्मी को टक्कर मार दी। जिसके कारण महिला बैंक कर्मी सिर में बल सड़क पर गिर गयी। जिसके कारण उसकी घटनास्थल पर मौत हो गयी। पुलिस ने सूचना मिलने पर शव को पंचनामा कार्यवाही के बाद पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ के संबंध में पतासाजी प्रारंभ कर दी है।

केंट पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार कंचनपुर अधारताल निवासी मनीषा पटेल उम्र 31 वर्ष गौर स्थित बैंक में कार्यरत है। महिला बैंक कर्मी रोजाना की तरह आज सुबह अपनी एक्टिवा गाडी से बैंक जा रही थी। वायएमसीए चौराहा से आगे सुबह लगभग 7 बजे पीछे से आए भारी वाहन ने उनकी एक्टिवा गाड़ी को टक्कर मार दी। वाहन की टक्कर लगते ही महिला उछलकर सामने की ओर गिरी थी। जिससे उसके सिर पर गंभीर चोटें आई थी और उनकी घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गयी। राहगीरों ने घटना के संबंध में पुलिस को सूचित किया।

पुलिस ने सूचना मिलने पर तत्काल घटनास्थल में पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। महिला के पास मिले दस्तावेज के आधार पर पुलिस ने परिजनों से संपर्क कर घटना के संबंध में उन्हें जानकारी प्रदान की। पुलिस ने मर्ग कायम कर प्रकरण को



विवेचना में लिया है। पुलिस ने भारी वाहन तथा उसके चालक के संबंध में पतासाजी कर रही है। पुलिस रोड पर लगे सीसीटीवी फुटेज एकत्र किए है, जिसे देखकर वाहन का पता लगाया जा सकेगा।

# घर में सजी थी जुआ फड़ पांच गिरफ्तार, 85 हजार जब्त

**जबलपुर,देशबन्धु।** घर में सजी जुआ फड में दबिश देकर पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपियों के पास से 85 हजार 5 सौ रुपये जब्त करते हुए उनके खिलाफ जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही की। विजय नगर थाना प्रभारी वीरेंद्र सिंह पवार से प्राप्त जानकारी के अनुसार सनातन चौक के पास स्थित कुलदीप गुप्ता का मकान में जुआ फड़ संचालित होने की सूचना प्राप्त हुई थी।

सूचना पर क्राइम ब्रांच एवं थाना विजयनगर की संयुक्त टीम द्वारा मकान में दबिश दी गयी। पुलिस ने दबिष के दौरान सचिन जैन उम्र 60 वर्ष निवासी रामपुर, प्रदीप जैन निवासी राधागोविन्द काम्पलेक्श दीक्षितपुरा, आनंद भट्ट निवासी फूटाताल बढ़ई मोहल्ला हनुमानताल, प्रकाश नामदेव निवासी पारिजात बिल्डिंग पीएनबी बैंकके बाजू में कोतवाली , अभिषेक जैन निवासी पंजाब बैंक कालोनी गणेश टेंट हाउस के पास कोतवाली को जुआ खेलते हुए गिरफतार किया। पुलिस टीम को देखकर कुलदीप गुप्ता फरार हो गया था। पुलिस ने आरोपियों के पास से ताश के 52 पत्ते एवं 85 हजार 300 रूपये की जप्त किये।

# हाईकोर्ट में जस्टिस श्रीधरन से संभाला पदभार

## कुल न्यायाधीशों की संख्या 34 हुई

**जबलपुर,देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत ने सोमवार को जस्टिस अतुल श्रीधरन को शपथ ग्रहण कराई। इसी के साथ उन्होंने पदभार संभाल लिया। वे जम्मू-कश्मीर व लद्दाख हाईकोर्ट से पुनः मूल हाईकोर्ट यानी मध्य प्रदेश हाईकोर्ट स्थानांतरित होकर आए हैं। वकालत करते हुए अतुल श्रीधरन मप्र हाईकोर्ट में 2016 में न्यायाधीश के रूप में पदस्थ हुए थे। अप्रैल 2023 में उनका स्थानांतरण जम्मू-कश्मीर व लद्दाख हाईकोर्ट किया गया था। उनके वापस मप्र हाईकोर्ट आने के साथ ही यहां न्यायाधीशों की संख्या बढ?र 34 हो गई है। हालांकि कुल स्वीकृत पद 53 के मुकाबले अब भी 19 न्यायाधीशों के पद रिक्त हैं। शपथ ग्रहण समारोह में महाधिवक्ता प्रशांत सिंह, एमपी स्टेट बार के चेयरमैन राधेलाल गुप्ता, डिप्टी सॉलिसिटर जनरल पुष्पेंद्र यादव, हाईकोर्ट बार अध्यक्ष धन्य कुमार जैन, हाईकोर्ट एडवोकेट्स बार के सचिव निखिल तिवारी, सीनियर एडवोकेट शोभा मेनन ने जस्टिस श्रीधरन के व्यक्तित्व-कृतित्व को रेखांकित किया।

# शराबी पति आये दिन करता है मारपीट

**जबलपुर,देशबन्धु।** रांझी थाने में मानेगांव तुलसीनगर निवासी 33 वर्षीय रश्मि गिरी ने शिकायत दर्ज करायी की उनका पति आये दिन शराब पीकर उनके साथ मारपीट करता है। पीड़िता ने बताया कि उसकी शादी वर्ष 2018 में ऋषि पुरी गोस्वामी के साथ हिन्दू रीति-रिवाज से हुई थी। शादी के बाद से ही पति शराब पीकर आये दिन गालीगलौज कर शरीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित करता है। बीती देररात भी गिलास मांगकर उसके पति ने उसके साथ मारपीट की। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

# कार की टक्कर से बुलेट सवार घायल

**जबलपुर,देशबन्धु।** सिविल लाईन थाना क्षेत्रातंर्गत सतपुड़ा क्लब के पास बीती रात टाटा नेक्शन कार क्रमांक एमपी 20 जेडएच-0426 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बुलेट सवार को टक्कर मार दी। जिससे बुलेट में सवार घमापुर लालमाटी निवासी 17 वर्षीय मंजीत सिंह ठाकुर बुलेट सहित गिर गया और उसे चोटे आ गई। वहीं उसकी मोटर साइकिल भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

# एक घर से लैपटाप तो दूसरे से निर्माणाधीन सामग्री चुरा ले गये चोर



## मदन-महल व माढ़ोताल क्षेत्र में वारदात

**जबलपुर,देशबन्धु।** मदनमहल माली मोहल्ले के एक घर से अज्ञात चोर कीमती लैपटाप चुरा ले गये। इसी तरह माढ़ोताल कठौंदा के निर्माणाधीन मकान से कीमती सामग्री चोरों ने पार कर दी। दोनों मामलों की शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर उन्हें जांच में लिया है।

मदनमहल पुलिस ने बताया कि माली मोहल्ला रानीपुर निवासी 19 वर्षीय वैभव तिवारी टीव्हीएस वर्कशॉप में काम करता है। सुबह वह अपना लैपटाप सोफा में रखकर अपने काम पर चला गया था। रात्रि करीब साढ़े आठ बजे वह वापस आया तो देखा कि उसका लैपटाप गायब था, जिसे कोई अज्ञात चोर चुरा ले गया। इसी प्रकार माढ़ोताल पुलिस ने बताया कि कठौंदा आदि नगर निवासी 60 वर्षीय राजकुमार चौकसे खेती किसानी करते है। बीती रात करीब आठ बजे वह अपने निर्माणाधीन मकान पर गये।

जहां गेट का ताला खोलकर अंदर पहुंचे तो देखा कि मकान में रखे फिटिंग तार, स्ट्राटर, नल व बल्व नहीं थे। कोई अज्ञात चोर गेट कूदकर उक्त सामग्री चुरा ले गया। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर दोनों मामलों को विवेचना में लिया है।

## घमापुर चांदमारी क्षेत्र की घटना, जांच में जुटी पुलिस

# ताला तोड़कर देवरानी-जेठानी के जेवर चुरा ले गये चोर

**जबलपुर,देशबन्धु।** घमापुर थानातंर्गत चांदमारी शुक्ला होटल के समीप निवासी बाल्मीक परिवार के सूने घर का ताला तोड़कर अज्ञात चोर सोने-चांदी के जेवर व नगदी चुरा ले गये।

चोरी की वारदात दिनदहाड़े उस वक्त घटित हुई, जब देवरानी-जेठानी दोनों अपनी बच्ची के काम से घर से बाहर गई हुई थी। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है। पुलिस ने बताया कि चांदमारी शुक्ला होटल के समीप निवासी 27 वर्षीय पूजा बाल्मीक कढ़ाई का काम करती है।

विगत दिवस दोपहर को वह अपनी बेटी को अच्चे मियां का बाड़ा स्कूल लेने के लिये गई थी। वहीं उनकी देवरानी नेहा बाल्मीक जोन ऑफिस बच्ची का आधार कार्ड के काम से गई थी। पौने दो बजे दोनों वापस लौटी तो देखा कि घर के दरवाजे के ताले टूटे हुए थे और पूरा सामान बिखरा पड़ा था। आलमारी में रखे सोने की पांचाली, बच्चे के बाले, हाय चंद्रमा, नथनी, चांदी की हाफ करधन, पायल, कंगल व देवरानी नेहा के घर से सोने का मंगलसूत्र, नगदी करीब बीस हजार रुपये गायब थी। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

# मंदसौर गोलीकांड मामले में मप्र शासन को सुको ने जारी किये नोटिस

## पारस सकलेचा की विशेष अनुमति याचिका हाईकोर्ट के आदेश को दी है चुनौती

**जबलपुर,देशबन्धु।** मंदसौर गोली कांड की जांच के लिए बने जैन आयोग की रिपोर्ट को विधानसभा के पटल पर रखे जाने की मांग को लेकर पूर्व विधायक पारस सकलेचा ने सुप्रीम कोर्ट में विशेष अनुमति याचिका दायर की है। सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश संदीप दास व न्यायाधीश विक्रम मेहता की युगलपीठ ने इस सिलसिले में मध्य प्रदेश शासन को नोटिस जारी कर चार सप्ताह में जवाब देने का आदेश दिया है। दरअसल, छह जून 2017 को पिपलिया मंडी, मंदसौर में पार्श्वनाथ चौपाटी पर आंदोलनरत किसानों पर पुलिस द्वारा गोली चलाने से पांच किसानों की मृत्यु हो गई थी। गोलीकांड की घटना की सीबीआई जांच तथा जिम्मेदार अधिकारियों पर प्रकरण दर्ज करने की मांग को लेकर पारस सकलेचा ने हाईकोर्ट की इंदौर बेंच में याचिका दायर की थी।

न्यायाधीश पीके जायसवाल तथा न्यायाधीश वीरेन्द्र सिंह की युगलपीठ ने शासन द्वारा जैन आयोग का गठन किए जाने के आधार पर याचिका को निरस्त कर दिया था । गोलीकांड की जांच के लिए 12 जून 2017 को शासन ने जैन आयोग का गठन किया। जैन आयोग ने अपनी रिपोर्ट 13 जून 2018 को राज्य शासन को सौंपी थी। जैन आयोग की रिपोर्ट को चार वर्ष बाद भी विधानसभा के पटल पर न रखे जाने पर पारस सकलेचा ने हाई कोर्ट की इंदौर बेंच में याचिका दायर कर प्रार्थना की थी कि शासन को आदेश करें कि वह जैन आयोग की रिपोर्ट पर कार्यवाही कर उसे विधानसभा के पटल पर रखे।

पारस सकलेचा ने न्यायालय से कहा था कि जांच आयोग अधिनियम 1952 की धारा 3 (4) के तहत जांच आयोग की रिपोर्ट प्राप्त होने के छह माह के अंदर उस पर कार्रवाई कर विधानसभा के पटल पर रखना शासन का दायित्व है। हाईकोर्ट के न्यायाधीश विवेक रूसिया की अध्यक्षता वाली युगलपीठ 14 अक्टूबर 2024 को पारस सकलेचा की याचिका को निरस्त करते हुए कहा था कि घटना को छह सात वर्ष हो जाने पर उसकी रिपोर्ट को विधानसभा के पटल पर रखने का कोई आधार नजर नहीं आ रहा है । हाईकोर्ट के आदेश के विरुद्ध पारस सकलेचा ने आठ, जनवरी 2025 को सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की। याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता विवेक तंखा व सर्वम रीतम खरे के तर्क सुनने के बाद सुप्रीम कोर्ट ने राज्य शासन को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है।

# कोटवार के विरुद्ध कठोर कार्रवाई पर लगाई रोक

**जबलपुर,देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट की जस्टिस अनुराधा शुक्ला की एकलपीठ ने अंतरिम आदेश के जरिए कोटवार के विरुद्ध आगामी आदेश तक किसी भी तरह की कठोर कार्रवाई पर रोक लगा दी है। मामला सेवा भूमि विक्रय के आरोप से संबंधित है। इसे लेकर पटवारी ने एफआईआर दर्ज कराई है। आवेदक सागर निवासी मुन्नालाल अठ्या की ओर से अधिवक्ता मोहनलाल शर्मा व शिवम शर्मा ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि आवेदक ने के पूर्वजों को जमींदारी प्रथा के जमाने में सेवा भूमि प्रदाय की गई थी। इस सेवाभूमि पर 100 वर्ष से अधिक अवधि से आवेदक के पूर्वज और वर्तमान में आवेदक कृषि कार्य कर परिवार का भरण-पोषण करता आया है। जिस पटवारी ने सेवा भूमि बेचने का आरोप लगाकर एफआईआर दर्ज कराई है, पूर्व में आवेदक एक प्रकरण में उसके विरुद्ध गवाही दे चुका है। दरअसल, इसीलिए दुर्भावनावश कार्रवाई का तरीका अपनाया गया है। सुनवाई पश्चात न्यायालय ने उक्त निर्देश दिये।

# यूकां कचरा निस्तारण में नीरी भी कार्य कर रहा

## एनजीटी ने सुनाया अपना सुरक्षित किया गया आदेश

## याचिकाकर्ता हाईकोर्ट में आपत्ति पेश करने स्वतंत्र

**जबलपुर,देशबन्धु।** नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने अपने आदेश में कहा कि पीथमपुर में यूनियन कार्बाइड के कचरा निस्तारण में राष्ट्रीय पर्यावरण अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान, (नीरी) भी कार्य कर रहा है। यह संपूर्ण प्रक्रिया को हाईकोर्ट की निगरानी में गति दी जा रही है। यदि याचिकाकर्ता को कोई आपत्ति हो तो वह हाईकोर्ट जाने स्वतंत्र है।




एनजीटी ने उक्त व्यवस्था देते हुए नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच, जबलपुर के अध्यक्ष डॉ. पीजी नाजपांडे व सामाजिक कार्यकर्ता रजत भार्गव की जनहित याचिका का निराकरण कर दिया। इससे पूर्व मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण मंडल की ओर से एनजीटी में जानकारी पेश करते हुए अवगत कराया गया कि यूका कचरा निस्तारण उपरांत परिणामों पर नीरी के वैज्ञानिक नियमानुसार अनुसंधान कर रहे हैं। उनके परीक्षण को गंभीरता से लेकर मार्गदर्शन अनुरूप प्रक्रिया को गति दी जा रही है। एनजीटी के न्यायाधीश शिव कुमार सिंह व एक्सपर्ट मेम्बर डॉ. अफरोज अहमद की युगलपीठ के समक्ष इस मामले की सुनवाई के दौरान जनहित याचिकाकर्ताओं का पक्ष अधिवक्ता प्रभात यादव ने रखा था।

उन्होंने दलील दी थी कि यूकां कचरा विनष्टीकरण को लेकर पीथमपुर के निवासियों में भय फैला हुआ है। जिस कारण अपेक्षाकृत स्वतंत्र जांच एजेंसी नीरी से जांच कराकर मप्र प्रदूषण नियंत्रण मंडल की जांच के निष्कर्षों से तुलना आवश्यक है। साथ ही दोनों जांच रिपोर्ट हिंदी व अंग्रेजी दोनों भाषाओं में प्रकाशित की जानी चाहिए। पूर्व में दायर जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान राज्य शासन की ओर से अंडरटेकिंग दी गई थी कि यदि कोई शंका या समस्या हो तो वैज्ञानिकों के जरिए उसका निराकरण सुनिश्चित कराया जाएगा। चूंकि ऐसा नहीं किया गया, अतरू नए सिरे से जनहित याचिका दायर करनी पड़ी है। समाचार पत्रों में प्रकाशित खबरों के अनुसार पीथमपुर के लोगों में आशंका व्याप्त है। वे प्रदूषण नियंत्रण मंडल की रिपोर्ट के प्रति अविश्वास जता रहे हैं। ऐसे में अन्य स्वतंत्र एजेंसी नीरी से जांच कराई जानी चाहिए। इस सिलसिले में राज्य शासन को निर्देश जारी किए जाने की मांग याचिका में की गई थी। जिस पर एनजीटी ने अपना फैसला सुरक्षित कर लिया था, जिसे सुनाते हुए न्यायालय ने उक्त निर्देश दिये।

# ऐशबाग टीआई को मिली अग्रिम जमानत

## बहुचर्चित फर्जी कॉल सेंटर रिश्वतकांड में

**जबलपुर,देशबन्धु।** भोपाल के बहुचर्चित फर्जी कॉल सेंटर रिश्ते कांड मामले में तत्कालीन थाना प्रभारी जितेन्द्र गढ़वाल को हाईकोर्ट से अग्रिम जमानत का लाभ मिल गया है। हाईकोर्ट जस्टिस एम एस भट्टी ने पाया कि फरार एएसआई पवन रघुवंशी के मेमोरेंडम के आधार पर थाना प्रभारी को आरोपी बनाया गया था। आरोपी थाना प्रभारी ने उक्त एएसआई की कार्य प्रणाली की शिकायत डीसीपी से करी थी।

गौरतलब है कि विगत 5 मार्च को फर्जी कॉल सेंटर मामले में तीन आरोपियों को बचाने के लिए एएसआई पवन रघुवंशी को चार लाख 95 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए पकड़ा गया था। आरोपी एएसआई ने अपने मेमोरेंडम में बताया था कि वह थाना प्रभारी जितेन्द्र गढ़वाल के निर्देश पर रिश्वत ले रहा था। आरोपी एएसआई पुलिस अभिरक्षा से फरार हो गया था। ऐशबाग थाने में तत्कालीन थाना प्रभारी जितेन्द्र गढ़वाल सहित अन्य के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया था। जिला न्यायालय के द्वारा तत्कालीन थाना प्रभारी की अग्रिम जमानत याचिका दायर खारिज कर दी गयी थी।

जिसके बाद तत्कालीन थाना प्रभारी ने अग्रिम जमानत के लिए हाईकोर्ट की शरण ली थी। अग्रिम जमानत आवेदन की सुनवाई के दौरान एकलपीठ को बताया गया कि प्रकरण में मुख्य आरोपी एएसआई पवन रघुवंशी सहित पार्षद अंशुल जैन,प्रधान आरक्षक धर्मेंद्र,फर्जी कॉल सेंटर के मास्टर माइंड अफजल खान का साले मोइन खान फरार चल रहे है।

आवेदन टीआई ने फरवरी माह में एएसआई की अनैतिक गतिविधियों की शिकायत फरवरी माह में की गयी थी। जिसके कारण एएसआई के खिलाफ कार्यवाही की गयी थी। घटना के दो दिन पूर्व भी आवेदन ने डीसीपी से प्रकरण में मुख्य आरोपी एएसआई की शिकायत की थी। रिश्वत लेते पकड़े जाने पर उसने बदला लेने के लिए मेमोरेंडम में आवेदन का नाम लिया था। एकलपीठ ने सुनवाई के बाद आवेदक को अग्रिम जमानत का लाभ प्रदान कर दिया। आवेदक की तरफ से अधिवक्ता पंखुड़ी विश्वकर्मा ने पैरवी की।

# रीवा में खनन से होने से वाले प्रदूषण पर जवाब तलब

## वन विभाग के पीएस सहित अन्य को नोटिस

**जबलपुर,देशबन्धु।** रीवा में खनन गतिविधि के कारण होने वाले प्रदूषण और पर्यावरणीय नुकसान को लेकर राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) में जनहित याचिका दायर की गई है। मामले पर प्रारंभिक सुनवाई के बाद जस्टिस शिव कुमार सिंह व एक्सपर्ट मेम्बर डॉ. अफरोज अहमद की युगलपीठ ने मुख्य सचिव, पर्यावरण एवं वन विभाग के प्रमुख सचिव, केन्द्रीय एवं राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल, कलेक्टर व अन्य को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के निर्देश दिये है। रीवा निवासी अनूप सिंह की ओर से अधिवक्ता अमित सिंह सेंगर ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि अल्ट्राटेक कंपनी के प्रोजेक्ट संचालन के लिए करीब 6 सौ एकड़ क्षेत्र में खनन का काम होता है। नियमानुसार 33 फीसदी क्षेत्र ग्रीन बेल्ट एरिया के रूप में विकसित करना होता है, जोकि नहीं किया गया। स्प्रिंकल से छिडकाव नहीं होता है। आसपास के निवासियों के मकान, स्कूल, कृषि क्षेत्र के साथ जलस्त्रोत के साथ भूजल भी प्रदूषित हो गया है।

याचिका में बताया गया कि नियमानुसार कुल लाभ का कुछ प्रतिशत पैसा एन्वायरन्मेंटल रिस्टोरेशन के लिए खर्च करना होता है। इसमें स्कूल, स्वास्थ्य, मेडिकल, जल शोधन, डस्ट कंट्रोल आदि में ये पैसा खर्च किया जाता है। ऐसा नहीं होने पर याचिका दायर की गई है। इतना ही नहीं कंपनी द्वारा नया प्रोजेक्ट भी ला रही है। याचिका में मांग की गई कि पर्यावरणीय नुकसान का आंकलन करने के लिए एक्सपर्ट कमेटी का गठन किया जाये। सुनवाई पश्चात न्यायालय ने उक्त निर्देश दिये।

# एक दर्जन से अधिक सेवानिवृत्त कर्मियों को राहत

## वार्षिक वेतन वृद्धि का लाभ देने के निर्देश

**जबलपुर,देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट ने अलग-अलग विभागों से सेवानिवृत्त करीब एक दर्जन से अधिक कर्मचारियों को वार्षिक वेतन वृद्धि का लाभ प्रदान करने के निर्देश दिये है। चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत व जस्टिस विवेक जैन की युगलपीठ ने सुप्रीम कोर्ट के न्याय दृष्टांत का हवाला देकर उक्त आदेश दिये है।

दरअसल यह मामले जबलपुर निवासी महेश कुमार नागौर, रजनी बर्मन, डिंडौरी निवासी लाला राम राव, भरत लाल अग्रवाल, अशोक कुमार, ओमप्रकाश ठाकुर, नरसिंहपुर निवासी जवाहरलाल चौरसिया व अन्य की ओर से अधिवक्ता सुदीप सिंह सैनी ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि छठवें वेतनमान पुनरीक्षण के नियम के अनुसार एक जुलाई और एक जनवरी सेवा में रहने पर वार्षिक वेतनवृद्धि का लाभ देना होता है। याचिकाकर्ताओं ने 30 जून एवं 31 दिसंबर को सेवा पूरी कर ली थी। इस संबंध में सुप्रीम कोर्ट ने 17 अगस्त 2023 को फैसला देते हुए 30 जून एवं 31 दिसंबर के सेवानिवृत्त कर्मियों को उक्त लाभ देने का आदेश दिया था। जिसके बाद न्यायालय ने उक्त निर्देश दिये।

# पीडब्ल्यूडी के प्रमुख सचिव को हाजिर होने के निर्देश

## अवमानना मामले में हाईकोर्ट ने मांगा स्पष्टीकरण

**जबलपुर,देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट के जस्टिस विवेक अग्रवाल की एकलपीठ ने अवमानना मामले में पीडब्ल्यूडी विभाग के प्रमुख सचिव दलविंदर पाल आहूजा को हाजिर होकर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिये हैं। एकलपीठ ने उन्हें आज मंगलवार 25 मार्च को सुबह 10.30 बजे उपस्थिति सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये है।

अवमानना याचिकाकर्ता कृष्ण कुमार ठकरेले सहित अन्य की ओर से अधिवक्ता मोहनलाल शर्मा व शिवम शर्मा ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि अप्रैल माह में हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई थी। जिसके जरिये सात अक्टूबर 2016 की नीति के स्थान पर उमा देवी के न्यायदृष्टांत के अनुरूप नियमितिकरण का लाभ दिये जाने की मांग की गई थी।

इस तथ्य को स्वीकार करते हुए हाईकोर्ट ने सात अक्टूबर 2016 की नीति के अंतर्गत दिये गये लाभ को निरस्त करते हुए अपेक्षित लाभ प्रदान करने के निर्देश दिये थे। न्यायालय ने स्पष्ट किया था कि याचिकाकर्ता श्रम न्यायालय से जीत चुका है अतः उमा देवी के न्यायदृष्टांत के अनुरूप नियमितीकरण के लाभ का पात्र है। 60 दिन के भीतर यह लाभ प्रदान कर दिया जाये। लेकिन 60 दिन बीतने के बावजूद लाभ नहीं दिया गया।

इसलिए यह अवमानना याचिका दायर करनी पड़ी। पूर्व में इस प्रकरण में पीडब्ल्यूडी विभाग के प्रमुख सचिव दलविंदर पाल आहूजा के अलावा इंजीनियर-इन-चीफ राजेंद्र मेहरा, एसडीओं कुलदीप चंद्रवंशी व कार्यपालन यंत्री भरत सिंह को अवमानना नोटिस जारी किये गये थे। सुनवाई पश्चात न्यायालय ने उक्त निर्देश दिये।

## टीडीएस के नाम से बगैर रसीद के 300 मांगे जा रहे

### प्रत्येक वर्ष होने वाली अवैध वसूली से कर्मचारियों में आक्रोश

**सिहोरा, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश शासकीय शिक्षक संगठन के जिला संयोजक अजय सिंह ठाकुर ने जारी विज्ञप्ति में बताया कि 21 मार्च 2025 को विकासखंड शिक्षा अधिकारी महोदय सिहोरा ने एक पत्र जारी किया है, जिसमें टीडीएस रिटर्न के नाम से पूर्व निश्चित राशि 300 प्रत्येक लोक सेवक से जमा करने के लिए कहा गया है। संगठन ने इस पर आपत्ति दर्ज कराते हुए कुछ प्रश्न पूछे हैं। टीडीएस के नाम से किस नियम से पैसे लिए जा रहे हैं।यदि कोई नियम नहीं है तो क्या इन्हें नियम बनाने का अधिकार है।यदि आप पैसे ले भी रहे हैं तो क्या उसकी रसीद देंगे बगैर रसीद के लाखों रुपए लेना अवैधानिक है।

यदि पैसे लेना इतना आवश्यक है तो रसीद देने के साथ-साथ कर्मचारियों की रिटर्न भी फाइल होनी चाहिए। उल्लेखनीय है कि विगत 8 जनवरी को कुंडम विकास खंड शिक्षा अधिकारी महोदय ने भी एक पत्र जारी किया था और संकुल के माध्यम से ढाई सौ से 300 प्रत्येक शिक्षक और कर्मचारियों से वसूले गए थे।

संघ के राकेश उपाध्याय, दीपक पटेल, संध्या अवस्थी,उमाकांत पटेल, अखिलेश मांझी ,सुधीर उपाध्याय, इंद्रजीत सिंह ,सूरज ताम्रकार ,सरस्वती मांडलेकर, ज्योत्सना उपाध्याय, जसोदा मांझी, ज्योति सैनी, अलका दुबे आदि ने माननीय विधायक सिहोरा एवं माननीय सिहोरा एसडीएम महोदय से इस विषय में हस्तक्षेप करने की मांग की है, संगठन शीघ्र ही इस विषय में ज्ञापन भी सौंपेगा, जिससे टीडीएस रिटर्न के नाम से,अवैध वसूली रोकी जा सके या शिक्षकों को रसीद प्रदान की जा सके,जिससे शिक्षकों का प्रत्येक वर्ष होने वाला आर्थिक शोषण बंद हो।



## सॉफ्ट टॉयज निर्माण कला का नि :शुल्क प्रशिक्षण

**सिहोरा, देशबन्धु।** शासकीय श्याम सुंदर अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिहोरा में जिला पंचायत जबलपुर के सहयोग से सॉफ्ट टॉयज निर्माण कला 35 छात्राओं को सिखाई जा रही है । सॉफ्ट टॉयज में टेडी बियर , खरगोश ,भालू,हाथी आदि बनाना बताया जा रहा है। 13 दिन की इस ट्रेनिंग में श्रीमती सुषमा त्रिपाठी जबलपुर ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (सेंट्रल बैंक से सहायता प्राप्त) द्वारा छात्राओं को सॉफ्ट टॉयज की कटिंग, सिलाई आदि का प्रशिक्षण दिया जा रहा है । कक्षाएं प्रतिदिन सुबह 10 बजे से 5 बजे की होती है। ट्रेनिंग के पश्चात छात्राओं का टेस्ट लिया जाएगा एवं उत्तीर्ण होने पर उन्हें सर्टिफिकेट प्रदान किए जाएंगे । प्राचार्य प्रो. एम.के. श्रीवास्तव की पहल पर उपरोक्त कार्यक्रम ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान जिला पंचायत जबलपुर के द्वारा पहली बार किसी महाविद्यालय में आयोजित किया जा रहे हैं । कार्यक्रम अधिकारी श्री रुपेश अग्रवाल जी ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान का महाविद्यालय हृदय से धन्यवाद करता है । महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के देखरेख में यह प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाए जा रहें हैं।

## लोको पायलट की हत्या का चौथा आरोपी गिरफ्तार

- वारदात में उपयोग की गई बाइक जब्त
- सिटी कोतवाली पुलिस की कार्रवाई

**सतना, देशबन्धु।** रेलवे में लोको पायलट का अपहरण कर उसकी गोली मारकर हत्या में शामिल चौथा आरोपी भी पकड़ लिया गया है। सिटी कोतवाली पुलिस ने कार्यवाही के बाद सोमवार को आरोपी को अदालत में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है।

एसपी आशुतोष गुप्ता, एडिशनल एसपी डॉ. शिवेष सिंह बघेल एवं सीएसपी महेन्द्र सिंह चौहान के निर्देशन में थाना प्रभारी सिटी कोतवाली निरीक्षक रावेन्द्र द्विवेदी के नेतृत्व में यह कार्यवाही की गई है। गौरतलब है कि 21-22



दिसंबर 2024 की दरमियानी रात लोको पायलट जितेन्द्र चौरसिया निवासी राजेन्द्र नगर सतना का पैसों के लिए अपहरण कर पैसे न मिलने पर गोली मारकर नृशंस हत्या कर दी गई थी। विवेचना के दौरान तीन आरोपी धर्मेन्द्र चौरसिया, गुलाब सिंह यादव, पवन प्रजापति को 27 दिसंबर को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया था। मामले का एक अन्य आरोपी नीरज उर्फ छोटू चौरसिया घटना के बाद से ही फरार था, जिसे सूचना मिलने पर बिलहरी जिला कटनी में दबिश देकर अब गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोटर साईकिल जब्त की गई है।

### सार-समाचार

## विधायक पांडे के सहयोग से हुआ सफल किडनी प्रत्यारोपण

**सिहोरा,देशबन्धु।** गंभीर बीमारी से पीड़ित होने के बावजूद आर्थिक स्थिति के चलते उपचार नहीं करा पा रहे थे। बहोरीबंद



विधायक प्रणय प्रभात पांडे के पास मदद के लिए पहुंचे तो उन्होंने तत्काल मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान से कुल पांच लाख रुपए की राशि मंजूर करा दी। मिली जानकारी अनुसार नगर के पठानी मोहल्ला क्षेत्र के निवासी मनीष जयसवाल को किडनी से संबंधित बीमारी थी जिसमे उनकी दोनो किडनी खराब हो चुकी थी और इलाज की तत्काल जरूरत थी ।

जिसके लिए डॉक्टरों ने सर्जरी करने की बात कही थी। विधायक पांडे के पास आवेदन लेकर पहुंचे तो उन्होंने तत्काल मुख्यमंत्री जी को प्रस्ताव बनाकर भेज दिया। उपचार के लिए मनीष जयसवाल को पांच लाख रुपए मंजूर किए। और इनका ऑपरेशन गुजरात के नाडियाड के अस्पताल में हुआ। इसके लिए विधायक पांडे ने आर्थिक अनुदान दिया। जबकि किडनी प्रत्यारोपण के लिए बीमारी सहायता निधि के अलावा मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान राशि स्वीकृत की गई। किडनी प्रत्यारोपण के बाद मनीष जयसवाल अब स्वथ्य हैं एवं उनके पीड़ित मनीष जयसवाल ने किडनी के सफल प्रत्यारोपण के बाद खुद ही भावुक होकर सोशल मिडिया में आभार व्यक्त करते हुए वीडियो पोस्ट किया है ।परिवार सहित सभी ने विधायक पांडे का आभार जताया। विधायक की दरियादिली- विधायक प्रणय प्रभात पांडे अक्सर ऐसे मामलों में बहुत ही दरियादिल रहते हैं और हर संभव मदद करते हैं। जबकि राजनीतिक जीवन के साथ सामाजिक गतिविधियों सहित धार्मिक कार्यों में बढ़चढ़ कर रुचि लेते हैं जिसके चलते वे अपनी बहोरीबंद विधानसभा के अलावा अपने नगर में भी लोगों के बीच लोकप्रिय हैं ।

## झूले में कस गया फंदा, बालक की मौत

**शहडोल, देशबन्धु।** झूला झूलना एक 11 वर्षीय बालक के मौत का कारण बन गया। झूला झूलने के दौरान बालक को फांसी लग गई और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार 11 वर्षीय राजकुमार सिंह अपने मामा के घर ग्राम जरहा में रहकर पढ़ाई करता था। घर के पास एक पेड़ में कपड़े का झूला लगा हुआ था, जिसमें बच्चे झूला करते थे। इस झूले में राजकुमार भी झूल रहा था। इसी दौरान उसकी गर्दन कपड़े में फस गई और फांसी लग गई। कुछ ही पल में राजकुमार की मौत हो गई, वहां कुछ और बच्चे भी झूला झूल रहे थे, लेकिन राजकुमार की हालत देख वे डरकर मौके से भाग खड़े हुए।

जानकारी के अनुसार, राजकुमार जब घर काफ़ी देर तक घर वापस नहीं आया तो कुछ समय बाद उसके मामा और अन्य परिजन मौके पर पहुंचे। उन्हें राजकुमार का गला फंदे में फंसा देख उसे निकाल नजदीकी अस्पताल ले गए। लेकिन अस्पताल में डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस हृदय विदारक घटना से गांव में मातम पसर गया। सोहागपुर थाना प्रभारी भूपेंद्र मणि पाण्डेय ने बताया कि राजकुमार सिंह पिता विक्रम सिंह उम्र 11 वर्ष निवासी नौगवां थाना बुढार काफी समय से अपने मामा के घर जरहा में रह कर पढ़ाई करता था। घर के पास बच्चे एक पेड़ में रस्सी का झूला बनाए थे, जिसमें झूलते वक्त राजकुमार की गर्दन फंस गई और उसकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि मामले में मर्ग कायम किया गया है।

## नाबालिग से दुष्कर्म के दोनों आरोपी गिरफ्तार

**गाडरवारा, देशबन्धु।** गाडरवारा थाना क्षेत्र में 15 वर्षीय नाबालिग के साथ दो युवकों ने दुष्कर्म किया। 6 माह बाद जब किशोरी को एहसास हुआ कि वह गर्भवती है, तब उसने यह बात अपने परिजनों को बताई। जिसके बाद गाडरवारा थाने में रविवार को शिकायत दर्ज़ कराई गई। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला पंजीबद्ध कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के अनुसार घटना सितंबर माह की है। पहले लच्छू उर्फ लवकुश कहार नाम का व्यक्ति पीड़िता को धान के खेत में ले गया। वहां उसने दुष्कर्म किया। इसके एक सप्ताह बाद नीरज कहार ने भी पीड़िता के साथ दुष्कर्म किया। बताया जाता है कि पीड़िता ने अब तक किसी को इस बारे में नहीं बताया था। गर्भवती होने का अहसास होने पर उसने परिजनों को बताया। इसके बाद शनिवार को थाने में शिकायत दर्ज कराई गई। एसडीओपी रत्नेश मिश्रा के मुताबिक, दोनों 22-23 वर्षीय आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। उनके खिलाफ बलात्कार और पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस पीड़िता की मेडिकल जांच करवा रही है। इससे यह पता चल सकेगा कि उसे वास्तव में कितने माह का गर्भ है।

## अनुगूंज कार्यक्रम में बच्चों को दी घटिया किस्म की सामग्री

### सालीवाड़ा ग्रामीण विद्यालय का मामला

**बरेला, देशबन्धु।** संयुक्त संचालक लोक शिक्षण जबलपुर संभाग जबलपुर द्वारा अनुगूँज 2025 का आयोजन गत दिवस मानस भवन में किया गया था

मध्य प्रदेश में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा कला से समृद्ध शिक्षा के अंतर्गत शासकीय विद्यार्थियों के सांस्कृतिक कार्यक्रम अनुगूँज 2025 का आयोजन संभाग स्तर पर प्रत्येक संभाग में किया जाता है,जिसके लिए स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा पर्याप्त बजट का प्रावधान प्रत्येक संभाग को किया गया है।जिसमें

पीएमश्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सालीवाडा गौर जबलपुर के विद्यार्थियों ने तेलंगाना राज्य का देवी येलम्मा को समर्पित नृत्य प्रस्तुति दी,इसके लिए संभागीय कार्यालय से इवनीत कौर को नृत्य सिखाने हेतु नियुक्त किया गया था। सभी प्रशिक्षक का निर्धारण प्राचार्य



द्वारा ना किया जाकर संयुक्त संचालक कार्यालय द्वारा श्रीमती सीमा मिश्रा समन्वयक ने किया। क्योंकि अनुगूँज 2025 के कार्यक्रम की समन्वयक सीमा मिश्रा माध्यमिक शिक्षक पंडित लज्जा शंकर झा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय को बनाया गया था। उक्त कार्यक्रम में इवनीत कौर द्वारा बच्चों को अत्यंत घटिया किस्म के वस्त्र उपलब्ध कारण गए जब इसका विरोध प्राचार्य द्वारा किया गया तथा संभागीय कार्यालय में फोन पर अपनी आपत्ति भी दर्ज कराई परंतु इवनीत कौर ने हठधर्मिता दिखाकर बोला कि श्रीमती सीमा मिश्रा ने जो बोला है वही पहनावा दिया जाएगा इसमें कोई भी परिवर्तन नहीं किया जाएगा।

प्राचार्य द्वारा संभागीय कार्यालय में उपस्थित होकर जब अपनी बात रखी कि सीमा मिश्रा क्यों किसी शाला का पहनावा निर्धारित करेंगे, तब सीमा मिश्रा द्वारा बोला गया कि संयुक्त संचालक कार्यालय के निर्देशन में वे यह सब कार्य कर रही हैं, साथ ही प्राचार्य को यह भी बताया कि यह कार्यक्रम तो मात्र शहरी क्षेत्र के सरकारी शालाओं के विद्यार्थियों के लिए होता है ग्रामीण क्षेत्र के सरकारी विद्यार्थियों के लिए नहीं। इस पर प्राचार्य पीएमश्री सालीवाडा आभा वानखेड़े ने संभागीय कार्यालय में अपनी आपत्ति दर्ज कराई है। परंतु इस पर संबंधितों के विरुद्ध कोई भी कार्यवाही नहीं की गई है, बच्चों के साथ इस तरह छल किया जाना उचित नहीं है।

## चलती ट्रेन से गिरा युवक गंभीर रूप से घायल

**उमरिया, देशबन्धु।** उमरिया जिले में रेल हादसे में बुढ़ार निवासी घनश्याम सिंह (30 वर्ष) गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना घुनघुटी-मुदरिया रेलवे ट्रैक के बीच हुई। घनश्याम पूरी-बलसाड़ एक्सप्रेस से दूसरे प्रदेश में रोजगार की तलाश में जा रहा था। हादसे में युवक के सिर और पैर पर गंभीर चोट आई है। फिलहाल उसको अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के अनुसार घनश्याम सिंह पिता बालगोविंद सिंह, ग्राम नवगई (बुढ़ार) के निवासी है। वह पूरी-बलसाड़ ट्रेन में सफर कर रहे थे, लेकिन घुनघुटी-मुदरिया के बीच अचानक ट्रेन से गिर गए। हादसे के बाद रेलवे ट्रैक पर काम कर रहे एक गैंगमैन ने उन्हें देखा और तुरंत इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही 108 एंबुलेंस सेवा को बुलाया गया, जिसके माध्यम से पहले घायल युवक को पाली अस्पताल लाया गया। वहां प्राथमिक उपचार किया गया। हालत गंभीर होने के कारण उसे उमरिया जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

युवक किन परिस्थितियों में चलती ट्रेन से गिरा यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। हालांकि, प्रारंभिक जांच और कयासों के आधार पर यह अनुमान लगाया जा रहा है कि घनश्याम संभवतः ट्रेन के दरवाजे पर बैठा हुआ था और नींद के झोंके में नीचे गिर गया। यह भी हो सकता है कि किसी झटके के कारण संतुलन बिगड़ने से वह ट्रेन से नीचे गिर गया हो। रेलवे प्रशासन फिलहाल मामले की जांच कर रहा है। घायल युवक को सिर और पैर पर गंभीर चोटें आई हैं। डॉक्टरों के अनुसार, उसके शरीर में कई जगह चोटों के निशान हैं, जिससे उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। जैसे ही घटना की जानकारी मिली, जिला अस्पताल प्रशासन ने परिजनों को सूचना दी। खबर मिलते ही घनश्याम के बड़े भाई धन सिंह जिला अस्पताल पहुंचे।

## 22 मवेशी और छह पिकअप वाहन जब्त

**शहडोल, देशबन्धु।** पशुओं का अवैध रूप से परिवहन करने वालों के खिलाफ अमलाई पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। अमलाई पुलिस ने पशु क्रूरता अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुए 22 मवेशी और 06 पिकअप वाहन जब्त किया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार अमलाई थाना प्रभारी जय प्रकाश शर्मा को मुखबिर से मुक्त सूचना मिली थी कि अवैध रूप से मवेशियों का परिवहन किया जाएगा।

इस सूचना पर अमलाई पुलिस ने रामपुर गिट्टीहानी खदान के पास नाकाबंदी कर वाहनों की तलाशी का काम शुरू किया। पुलिस ने 06 पिकअप वाहनों में कुल 22 नग मवेशी को बिक्री हेतु क्रूरता पूर्वक ले जाते हुए पाये जाने पर सभी वाहनों।एवं मवेशियों को जप्त कर कुल 08 आरोपियों के विरूद्ध बीएनएस, पशु अतिचार अधिनियम एवं म0प्र0 कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है। अमलाई थाना प्रभारी जय प्रकाश शर्मा ने बताया कि जिन वाहनों को जप्त किया गया है उनमें एमपी 18 जेडडी 7448, एमपी 52 जेडए 9139, एमपी 65 जीए 1912, बिना नम्बर के पिकअप, एमपी 18 जेडए 1345 और एमपी 18 जेडई 8176 हैं।

## खेत में पहुंचे मगरमच्छ से पत्थरबाजी

**जबेरा, देशबन्धु।** तेजगढ़ क्षेत्र के ग्राम कलुआ दिनारी में नदी से निकाल कर खेत तक पहुंच गए एक मगरमच्छ के नजर आने के बाद ग्रामीण जन पत्थरबाजी करके उसे भगाने का प्रयास करते हुए नजर आए। वहीं मगरमच्छ भी पत्थरों से परेशान होकर खेत में भरे पानी के गड्ढे में घुसता हुआ नजर आया।



प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार शाम दिनारी हाई स्कूल के पास पुलिया से निकल कर खेत में पहुंच कर आराम फरमा रहे एक मगरमच्छ को देखने लोगों की भीड़ लग गई। लोगों की उपस्थिति के बाद भी मगरमच्छ ने जब कोई प्रतिक्रिया नहीं दी तो कुछ शरारती तत्वों ने उसके ऊपर पत्थर फेंकना शुरू कर दिया। इसके बाद मगरमच्छ वहां से आगे बढ़ता हुआ खेत में बने पानी के गड्ढे में चला गया।

बाद में इसकी सूचना तेजगढ़ वन परिक्षेत्र अधिकारी नीरज पांडे तक पहुंचने पर वन अमले को टीम को दिनारी गांव रवाना किया गया। ग्रामीणों का कहना है . पास में ही ब्यारमा नदी होने के कारण यहां भारी भरकम मगरमच्छ हैं जो आए दिन आते रहते है। जिसको लेकर ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना रहता है। उल्लेखनीय है कि कोटखेड़ा, तारादेही, सर्रा, झलौन,तेजगढ़, इमलिया होते हुए निकली ब्यारमा नदी में हजारों की संख्या में मगरमच्छों का बसेरा है। यहां पर बड़ी संख्या में मगरमच्छों को देखा जा सकता है।

इस संबंध में तेजगढ़ वन परिक्षेत्र अधिकारी नीरज पांडे ने बताया गया सूचना मिलते ही टीम को भेजा गया है। मगरमच्छ का रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थान पर छोड़ा जाएगा।

## सड़क हादसे में चीतल की मौत

**कुम्हारी, देशबन्धु।** दमोह मार्ग पड़री चौकी के आगे प्लाट टेशन के पास अज्ञात वाहन की चपेट मे आने से हिरण की मौत हो गईं। घटना की सूचना रेंजर सगोनी को दीं गईं। बीट प्रभारी राकेश कुमार खरे स्थल पर पहुँचे। जहाँ चीतल हिरण प्रजाति का बताया घटना स्थल से इलाज हेतु वन अमला ने प्रयास किया मगर उसकी मौत हो गई। उसका पोस्ट मार्टम किया जायेगा ओर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश मे अंतिम संस्कार किया जायेगा।



मुख्यालय से 4 किलोमीटर दूरी पड़री गांव कटनी दमोह हाईवे पर एक चीतल हिरण घायल अवस्था मे पड़ा था।

वहीं दमोह से आ रहे युवा पत्रकार पवन राय ने घायल जानवर को देखा तो गाड़ी को साइड खड़ा कर, घायल हिरण की मदद की। उसे रास्ते से साइड कर सुरक्षित किया। बाद में वन विभाग के अधिकारियों को भी सूचना दीं।

**इनका कहना है** - हिरण को सिर मे आई चोट जिसके चलते उसकी मौत हुई डॉ द्वारा जानकारी अनुसार पोस्ट मार्टम हुआ ओर वन विभाग टीम ने अंतिम संस्कार किया।

**अखिलेश चौरसिया,** रेंजर सगोनी

## कार सवारों ने सेना के रिटायर्ड कैप्टन से की लूट

- भतीजा बनकर फिल्मी स्टाइल में बदमाशों ने दिया वारदात को अंजाम

**रीवा देशबन्धु।** सेना के रिटायर्ड कैप्टन से लूट की घटना सामने आई है। कार सवार बदमाशों ने फिल्मी स्टाइल से घटना को अंजाम दिया है। वारदात मऊगंज की बतायी जा रही है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज करते हुये बदमाशों की तलाश शुरू कर दिया है।

जानकारी के अनुसार मऊगंज थाना क्षेत्र के पन्नी बेलहा टोला निवासी लक्ष्मी नारायण मिश्रा आर्मी में कैप्टन पद से रिटायर्ड हो चुके हैं। सोमवार को वे घर से इंडियन बैंक पैसा निकालने के लिए गये थे, लेकिन बैंक का सर्वर डाउन होने की वजह से वह पुराने इलाहाबाद बैंक के पास स्थित कियोस्क सेंटर पहुंचे और 10 हजार रुपए निकालकर पैदल ही चाक मोड की तरफ चल दिये। तभी मस्जिद के समीप कुछ लोग कार लेकर आये और उन्हें रोक लिया। कार में सवार बदमाशों ने चाचा प्रणाम करते हुए उन्हें कार में



बैठा लिया और बताया कि वह भी गांव की ओर जा रहे हैं। झांसे में आकर कर रिटायर्ड कैप्टन कार में सवार हो गये। तभी बदमाशों ने उनका 10 हजार रुपये छीन लिया और चाक मोड़ के पास कार से उतार कर भाग निकले। इस दौरान पीड़ित ने एक बदमाश को पकड़ कर उतारने का प्रयास भी किया, लेकिन असफल रहे। शोर मचाने पर स्थानीय लोग एकत्रित हुये, लेकिन तब तक बदमाश गायब हो चुके थे। तत्पश्चात घटना की सूचना थाना पहुंच कर पीड़ित ने पुलिस को दी। पुलिस ने प्रकरण दर्ज करते हुये बदमाशों की तलाश शुरू कर दिया है।

## बस और कार की भिडंत, तीन गंभीर

**रीवा देशबन्धु।** शहडोल जा रही यात्री बस की सफारी कार से भिड़ंत हो गई, जिसमें तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा सीधी जिले के रामपुर नैकिन थाना क्षेत्र के भैसरहा पेट्रोल पंप के पास उस समय हुआ, जब सफारी कार पेट्रोल भरवाकर निकल रही थी। घटना के प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक बस तेज रफ्तार में थी और अचानक सामने आई सफारी से सीधी भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बस का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया, वहीं सफारी कार भी बुरी तरह से चकनाचूर हो गई। हादसे में सफारी चालक रमेश जायसवाल के सिर में गंभीर चोटें आई हैं। जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद उसे रीवा के संजय गांधी अस्पताल रेफर कर दिया गया है। इसके अलावा बस की अगली सीट पर बैठे महेंद्र तिवारी और हरेंद्र कुशवाह को भी गंभीर चोटें आई हैं। अन्य यात्रियों को मामूली खरोंचे आई हैं, जिन्हें अस्पताल में प्राथमिक उपचार देने के बाद छुट्टी दे दी गई। घटना की सूचना मिलते ही पिपराव पुलिस चौकी प्रभारी एसआई शेषमणि मिश्रा अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घायलों को तत्काल 108 एंबुलेंस की मदद से रामपुर नैकिन अस्पताल भिजवाया। पुलिस अब इस बात की जांच कर रही है कि सफारी कार बिना नंबर प्लेट की क्यों थी और हादसे के लिए कौन जिम्मेदार है। इस हादसे के बाद रीवा-शहडोल मार्ग पर कुछ देर तक यातायात बाधित रहा। स्थानीय लोगों ने घायलों की मदद की और यातायात सुचारू रूप से चालू कराने में पुलिस की मदद की।



## सना में अमेरिकी हवाई हमले में एक व्यक्ति की मौत, 15 घायल

**सना, ( आईएएनएस )।** यमन की राजधानी सना में एक आवासीय इमारत को निशाना बनाकर किए गए अमेरिकी हवाई हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई और 15 अन्य घायल हो गए। हूती द्वारा संचालित अल-मसीरा टीवी ने रविवार को हूती नियंत्रित स्वास्थ्य अधिकारियों के एक सूत्र के हवाले से बताया कि शुरुआती आंकड़ों से पता चला है कि सना के पश्चिमी उपनगर असर में हुए हमले में घायल हुए लोगों में तीन बच्चे और दो महिलाएं शामिल हैं। स्थानीय निवासियों ने हमले को बहुत हिंसक बताया। उनका कहना है कि बचाव दल अभी भी मलबे के नीचे संभावित जिंदा लोगों की तलाश कर रहे हैं। अमेरिकी सेना ने अभी तक कोई टिप्पणी जारी नहीं की है। कुछ घंटे पहले, टीवी चैनल ने बताया कि लाल सागर में तैनात अमेरिकी सेना ने यमन के उत्तरी प्रांत सादा पर ताजा हवाई हमले किए, जिसमें प्रांत के नाम वाले मध्य शहर के आसपास के क्षेत्रों को निशाना बनाया गया, जो हूतियों का गढ़ है। हालांकि, इस बारे में अधिक जानकारी नहीं दी गई। हवाई हमले उस समय हुए जब कुछ घंटे पहले हूतियों ने दावा किया था कि उन्होंने उत्तरी लाल सागर में यूएसएस हैरी एस. ट्रूमैन विमानवाहक पोत और मध्य इजरायल में बेन गुरियन हवाई अड्डे पर नए हमले किए थे।

# कनाडा में चुनाव से पहले साथ आए पीएम कार्नी और नेता विपक्ष पियरे

## ट्रंप को दे डाली नसीहत

*कनाडा के नए नवेले प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने समय से पहले आम चुनाव की घोषणा कर दी है। ऐसे में कनाडा की दोनों प्रमुख पार्टियों ने चुनाव प्रचार की शुरुआत कर दी है। हमेशा एक-दूसरे के विरोध में रहने वाली लिबरल और कंजर्वेटिव पार्टी चुनाव प्रचार की शुरुआत से ही एक मुद्दे पर साथ खड़ी दिखाई दी। प्रधानमंत्री मार्क कार्नी और उनके विरोधी पियरे पोलीवरे ने रविवार को कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को कनाडा की संप्रभुता का सम्मान करना चाहिए। दरअसल, इन दोनों का यह बयान ट्रंप के कनाडा को अमेरिका का 51वां राज्य बताने के संबंध में आया है।*



प्रधानमंत्री कार्नी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति की वजह से हम अपने जीवन के सबसे बड़े संकट का सामना कर रहे हैं। राष्ट्रपति ट्रंप के अनुचित व्यापारिक कदमों और हमारी संप्रभुता को चुनौती देने वाली धमकियों का हम सीधे तौर पर जवाब देंगे।

उन्होंने कहा कि ट्रंप का दावा है कि कनाडा वास्तव में कोई देश नहीं है। वह हमें तोड़ना चाहते हैं ताकि अमेरिका हमारा मालिक बन सके... हम ऐसा कभी नहीं होने देंगे। प्रधानमंत्री कार्नी के बयान के बाद चुनाव में उनके कड़े प्रतिद्वंद्वी माने जा रहे कंजर्वेटिव नेता पियरे पोलीवरे ने भी ट्रंप के खिलाफ अपनी धार को तेज किया। पोलीवरे ने कहा कि मैं इस बात पर जोर दूंगा कि राष्ट्रपति ट्रंप कनाडा की स्वतंत्रता और संप्रभुता का सम्मान करें। वह हमारे देश पर अनुचित शुल्क लगाना बंद करें। पियरे ने कहा कि मुझे पता है कि ट्रंप के इन बयानों ने कनाडाई लोग बहुत चिंतित हैं और गुस्से में भी हैं। इससे पहले जस्टिन ट्रूडो की जगह पर सत्ता संभालने वाले कार्नी ने घोषणा करते हुए कहा था कि कनाडा में 28 अप्रैल को हाउस ऑफ कॉमन्स की 343 सीटों के लिए मतदान होगा।

इससे पहले 37 दिनों तक चुनाव प्रचार चलेगा। आपको बता दें कि पूर्व बैंकर मार्क कार्नी ने 14 मार्च को कनाडा के नए प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली थी। लिबरल पार्टी की तरफ से शनिवार को घोषणा की गई थी कि पहली बार संसद सदस्य बनने के लिए पीएम कार्नी ओटावा के नेपियन से चुनाव लड़ेंगे।, कनाडा की वैश्विक और घरेलू राजनीति की स्थिति को देखते हुए लिबरल पार्टी के हारने की संभावना जताई जा रही थी, लेकिन अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने टैरिफ के रूप में कनाडा के ऊपर आर्थिक युद्ध की घोषणा कर दी। इतना ही नहीं ट्रंप ने कनाडा को अमेरिका के 51वें राज्य और प्रधानमंत्री ट्रूडो को गवर्नर कहकर संबोधित किया। इससे कनाडा की जनता में रोष उत्पन्न हुआ। अब इन बदले हुए समीकरणों में लिबरल पार्टी को चुनाव में बढ़त मिलने के दावे किए जा रहे हैं।

# इजरायली हमलों में गाजा में फिर 51 की मौत, हमास का टॉप कमांडर भी ढेर

**तेलअवीव।** इजरायल और हमास के बीच करीब 6 सप्ताह तक सीजफायर चला। इस दौरान इजरायल ने फिलिस्तीन के सैकड़ों कैदियों को रिहा किया तो करीब 150 बंधकों को हमास ने भी छोड़ा। इन लोगों को हमास ने 7 अक्टूबर 2023 को किए भीषण हमले में अगवा कर लिया था। इसके बाद से ही वे बंधक थे। अब भी करीब 60 बंधकों के हमास के पास ही होने की खबरें हैं। लेकिन सीजफायर आगे बढ़ाने पर कोई बात नहीं बनी तो इजरायल ने फिर से हमले तेज कर दिए हैं।

बीते 3 से 4 दिनों में ही इजरायल ने गाजा में ताबड़तोड़ हमले किए हैं, जिनमें 500 लोगों की मौत हुई है। इसके अलावा रविवार को ही उसने गाजा पर फिर से कई हवाई हमले किए, जिसमें 51 लोग मारे गए। इन हमलों में इजरायल का एक शीर्ष कमांडर भी मारा गया है। अब तक मिली जानकारी के अनुसार इजरायल के हमलों में रविवार को 51 लोग मरे, जिनमें से एक इजरायल के राजनीतिक विंग का सदस्य इस्माइल बरहूम भी शामिल है।

वह खान यूनिस शहर के नासिर अस्पताल में इलाज करा रहा था। इसी दौरान इजरायल ने हमला किया, जिसमें वह मारा गया। इसके अलावा लेबनान में भी इजरायल ने हमले किए हैं, जिनमें 8 लोग मारे गए हैं। हालांकि लेबनान में सक्रिय उग्रवादी संगठन हिजबुल्लाह ने इजरायल के हमले की बात से इनकार किया है।

करीब डेढ़ साल तक अकेले हमास से लड़ने के बाद 4 महीनों से इजरायल ने हिजबुल्लाह को भी निशाने पर लेना शुरू किया है। फिलहाल इजरायल की ओर से गाजा में और सैनिक भेजने की तैयारी की जा रही है। बेंजामिन नेतन्याहू सरकार में इसे लेकर सहमति बन गई है और आने वाले कुछ दिनों इजरायली सैनिकों की बड़ी संख्या



गाजा में डेरा डाल सकती है। सीजफायर के दौरान इजरायल ने अपने सैनिकों की संख्या को कम कर लिया था। गाजा की हेल्थ मिनिस्ट्री का कहना है कि फिलिस्तीन में अब तक इजरायल के हमलों से कुल 50 हजार लोग मारे जा चुके हैं। यही नहीं एक्सपर्ट्स का कहना है कि आंकड़ा इससे ज्यादा का ही है क्योंकि बहुत सारे शवों की तो गिनती तक नहीं हो सकी है।

### *ईरान के तीन हथियार- हूती, हिजबुल्लाह और हमास*

*वहीं मध्य पूर्व में अमेरिका की सक्रियता भी लगातार बढ़ी हुई है। उसने यमन में सक्रिय विद्रोही संगठन हूती पर फिर से हमले किए हैं। दरअसल हूती विद्रोही संगठन लगातार यमन की खाड़ी में जहाजों को टारगेट कर रहा था। ऐसा करने के पीछे उसकी कोशिश थी कि जंग रोकने के लिए इजरायल पर दबाव बनेगा। लेकिन अब अमेरिका ने ही मोर्चा संभाल लिया है। हूती, हिजबुल्लाह और हमास का ईरान समर्थित संगठन माना जाता है। ये तीनों ही इजरायल के कट्टर दुश्मन हैं और मध्य पूर्व में ईरान के एजेंडे को मजबूत करते हैं।*

## आज का इतिहास

1306- रॉबर्ट ब्रूस को स्कॉटलैंड का नया राजा बनाया गया।
1410- योंगल सम्राट ने मंगोलों के अपने सैन्य अभियानों का पहला शुभारंभ किया, जिसके परिणामस्वरूप मंगोल खानबुनशिरि का पतन हुआ।
1655- शनि के सबसे बड़े उपग्रह टाइटन की खोज हुई।
1668- अमेरिका में पहली बार घुड़दौड़ का आयोजन हुआ।
1669- सिसदी द्वीप पर ज्वालामुखी माउंट एटना में भयावह विस्फोट, 20 हजार से अधिक लोगो की मौत।
1700- लंदन ने फ्रांस, इंग्लैंड और हॉलैंड की संधि पर हस्ताक्षर किए।
1807- इंग्लैंड में सबसे पहले रेलवे यात्री सेवा की शुरुआत हुई।
1807- ब्रिटिश की संसद ने दास व्यापार समाप्त कर दिया।
1821- ग्रीस ने तुर्की से स्वतंत्रता हासिल की।
1898- स्वामी विवेकानंद ने सिस्टर निवेदिता को अपने शिष्य के रूप में स्वीकार किया।

## सुडोकू 6862

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | 9 | | | 4 | | 6 | |
| | 8 | | | 2 | | | | |
| 6 | 7 | 1 | | | | | | |
| 8 | | | 5 | | | 7 | | |
| 5 | | | | | | | | 1 |
| | | 3 | | | 6 | | | 5 |
| | | | | | | 9 | 3 | 8 |
| | | | | 8 | | | 7 | |
| | 9 | | 3 | | | 5 | | 6 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

# पाकिस्तान : महरंग बलूच पर आतंकवाद का आरोप, वकील से मिलने की भी अनुमति नही

**क्वेटा, ( आईएएनएस )।** पाकिस्तान ने बलूच यकजेहती समिति (बीवाईसी) की प्रमुख महरंग बलूच और कई अन्य कार्यकर्ताओं पर आतंकवाद का आरोप लगाया है। महरंग ने जबरन गायब किए गए लोगों के रिश्तेदारों की अवैध गिरफ्तारी और अवैध पुलिस रिमांड के खिलाफ विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व किया था। महरंग वर्तमान में 150 अन्य लोगों के साथ क्वेटा जिला जेल में बंद हैं।

स्थानीय मीडिया ने सोमवार को बताया कि प्रदर्शनकारियों पर आतंकवाद, हत्या और हत्या का प्रयास, हिंसा-विद्रोह को भड़काना, अव्यवस्था पैदा करना, नस्लीय घृणा को बढ़ावा देना और संपत्ति को नुकसान पहुंचाने जैसे आरोप लगाए गए। इस बीच, बलूचिस्तान के कई शहरों में लगातार दूसरे दिन भी हड़ताल देखी गई। वहीं क्वेटा और आसपास के इलाकों में इंटरनेट सेवाएं रविवार को लगातार चौथे दिन भी बंद रहीं।

पाकिस्तान के प्रमुख दैनिक 'डॉन' से रविवार को बात करते हुए महरंग की बहन अस्मा बलूच ने कहा कि 24 घंटे से अधिक समय बीत चुका है, लेकिन महरंग को अदालत में पेश नहीं किया गया और न ही उसे कानूनी सलाहकार से मिलने दिया जा रहा।

अस्मा ने कहा, क्वेटा जिला जेल के अधिकारियों ने हमें मेरी बहन से मिलने की अनुमति नहीं दी और हमें उसे भोजन और अन्य आवश्यक वस्तुएं पहुंचाने की भी अनुमति नहीं दी गई। संगठन ने कहा, महरांग बलूच की अवैध हिरासत को 38 घंटे से अधिक समय हो गया है, लेकिन उन्हें अभी भी उनके वकीलों और परिवार से मिलने की अनुमति नहीं दी जा रही है। बलूचिस्तान प्रांत में मनमाने ढंग से लोगों को हिरासत में लिए जाने की चिंताजनक खबरें भी आ रही हैं। पाकिस्तानी अधिकारियों को तुरंत महरंग बलूच और शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन के लिए हिरासत में लिए गए अन्य लोगों को रिहा करना चाहिए, बलूच कार्यकर्ताओं को अवैध रूप से हिरासत में रखने के लिए तुच्छ मामलों में फंसाने से बचना चाहिए। बीवाईसी ने पाकिस्तान की पुलिस पर प्रांतीय राजधानी में प्रदर्शनकारियों के खिलाफ अत्यधिक बल प्रयोग करने का आरोप लगाया और दावा किया कि शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों पर गोलियां चलाई गईं, जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई और दर्जनों लोग घायल हो गए।



घायलों में सात की हालत गंभीर है। ब्लूचिस्तान नेशनल पार्टी-मेंगल (बीएनपी-एम) और नेशनल पार्टी (एनपी) ने शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों के खिलाफ अत्यधिक बल प्रयोग की निंदा की। इससे पहले, इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने क्वेटा में बलूच यकजेहती समिति (बीवाईसी) के शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों के खिलाफ बल के अत्यधिक और क्रूर प्रयोग की कड़ी निंदा की।



## पाक-अफगान सीमा से घुसपैठ की कोशिश कर रहे 16 आतंकवादी ढेर: इस्लामाबाद

**इस्लामाबाद, ( आईएएनएस )।** पाकिस्तान ने सोमवार को दावा किया कि उसने पाक-अफगान बॉर्डर से घुसपैठ की कोशिश कर रहे कई आतंकवादियों को मार गिराया। यह घटना ऐसे समय में हुई है जब इस्लामाबाद-काबुल रिश्तों को सामान्य बनाने की कोशिशें दोनों तरफ से की जा रही हैं। इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) की ओर से जारी एक बयान के अनुसार, खुफिया जानकारी से पाकिस्तान के उत्तरी वजीरिस्तान जिले के गुलाम खान कल्ले इलाके के पास आतंकवादियों की गतिविधि का पता चला। यहां अफगानिस्तान के आतंकवादी घुसपैठ करने की कोशिश कर रहे थे। हालांकि, सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों की कोशिश नाकाम कर दी और कई घुसपैठियों को मार गिराया। आईएसपीआर के बयान में कहा गया, तीव्र गोलीबारी के बाद, सभी 16 ख्वारिज (आतंकवादियों) को नरक भेज दिया गया यह मुठभेड़ कूटनीतिक संबंधों और अन्य मोर्चों के जरिए दोनों देशों के बीच संबंधों को सामान्य बनाने की कोशिशों के लिए एक झटका है। पाकिस्तान और अफगानिस्तान ने कुछ दिन पहले ही युद्धविराम के साथ 26 दिनों के बंद के बाद पाक-अफगान तोरखम सीमा को फिर से खोल दिया। दोनों देशों ने लगातार उच्च-स्तरीय बातचीत के माध्यम से संबंधों को फिर से बेहतर करने के लिए राजनयिक चैनलों को भी सक्रिय किया। हाल ही में, अफगानिस्तान के लिए विशेष प्रतिनिधि राजदूत सादिक खान के नेतृत्व में एक पाकिस्तानी प्रतिनिधिमंडल ने काबुल का दौरा किया और अफगान तालिबान नेतृत्व के साथ संक्षिप्त चर्चा की। अफगानिस्तान से अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल के प्रस्थान के तुरंत बाद हुई इस यात्रा को काफी अहम माना गया। संक्षिप्त बैठकों के दौरान, यह फैसला लिया गया कि दोनों देश व्यापार, पारगमन, सीमा प्रबंधन और शरणार्थी स्थिति पर सहयोग को मजबूत करना चाहते हैं। दोनों पक्ष कूटनीतिक जुड़ाव को गहरा करने और दोनों पड़ोसियों के बीच लंबे समय से चले आ रहे मुद्दों को हल करने पर सहमत हुए। अफगान की ओर से घुसपैठ के ताजा प्रयास के बाद, इस्लामाबाद ने काबुल से अंतरराष्ट्रीय सीमा के अपने हिस्से पर प्रभावी प्रबंधन सुनिश्चित करने की अपील की।

# इज़रायली सेना गाजा में और अंदर घुसी, राफाह इलाके को घेरा

**यरूशलम, ( आईएएनएस )।** इजरायली सेना ने रविवार को गाजा पट्टी में और घुसने का दावा किया है। उन्होंने कहा कि उन्होंने राफाह के दक्षिण में तेल अल-सुल्तान इलाके को घेर लिया है। इजरायली रक्षा बलों (आईडीएफ) के अनुसार, सैनिकों ने रातभर इस इलाके को घेरने के बाद कई आतंकवादियों को मार गिराया और हमास के कमांड और नियंत्रण केंद्र पर हमला किया।

सेना ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य दक्षिणी गाजा में सुरक्षा क्षेत्र का विस्तार करना और आतंकवादी ढांचे को नष्ट करना है। सेना द्वारा जारी किए गए वीडियो में सैनिकों को कुत्तों और बख्तरबंद वाहनों के साथ इलाके में आगे बढ़ते हुए और क्षतिग्रस्त इमारतों में प्रवेश करते हुए दिखाया गया। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ है, जिसमें राफाह से महिलाओं, बच्चों और पुरुषों को भागते हुए देखा गया है। आईडीएफ के प्रवक्ता ने कहा कि सेना ने सप्ताहांत में उत्तरी गाजा के बेत हनौन इलाके में भी अभियान चलाया, जहां लड़ाकू विमानों ने हमास के ठिकानों और आतंकवादी बुनियादी ढांचे पर हमला किया।

गाजा के स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि पिछले 24 घंटों में 41 शव और 61 घायल व्यक्तियों को अस्पतालों में लाया गया, जिससे कुल मृतकों की संख्या 50,021 हो गई है इजरायली हमलों ने दो महीने के युद्धविराम को प्रभावी रूप से समाप्त कर दिया है।

## वर्ग पहेली 6862

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ■ | ■ | ३ | | ४ | |
| | ■ | | ■ | ५ | | | ■ | | ■ |
| ६ | | | | | ■ | ७ | | | ८ |
| | ■ | | ■ | ९ | | | ■ | ■ | |
| ■ | १० | | ११ | | ■ | ■ | १२ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १३ | | | ■ | |
| १४ | | १५ | | ■ | | ■ | १६ | १७ | |
| | ■ | | ■ | १८ | | १९ | ■ | | ■ |
| २० | | | ■ | | ■ | २१ | | | २२ |
| | ■ | २३ | | | | | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:-**

१. बहुत दूर तक देख सकने वाली तेज नजर (उपमा)
३. ऊपर लिखना बताया गया
५. व्यापारी
६. दुविधा, असमंजस
७. वाल्मिकी का मूल नाम
९. यात्रा वर्णन, कहानी
१०. सागर मंथन से निकला एक वृक्ष
१२. मां, जन्मदायिनी
१३. ठगना, छल करना
१४. मोर का पूंछ, समूह
१६. प्राय: अधिकतर
१८. जो कभी खत्म न हो
२०. सुग्रीव का राज्य
२१. जलमार्ग पर चलने वाली नौका
२३. नगरवासी

**ऊपर से नीचे:-**

१. श्रीकृष्ण
२. पक्का इरादा
३. पारिश्रमिक (उर्दू)
४. रोकने वाला
५. बरगद का पेड़
८. एक सुगंधित फूल, उसका पौधा
१०. कड़वे स्वाद का
११. बिच्छू
१२. महोदय, श्रीमान
१३. के कुल में उत्पन्न
१४. दागदार
१५. वेशभूषा, लिबास
१७. मूरत, शक्ल का ब्यौरा
१८. असीमित, बेहद
१९. धोना, रंगना
२२. सरिता, तटिनी

## वर्ग पहेली-6861

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ वै | ज | २ यं | ती | ■ | ■ | ३ र | स | ४ प | ति |
| त | ■ | त्रि | ■ | ५ नि | र्मा | ण | ■ | श्चि | ■ |
| ६ र | वि | त | न | या | ■ | ७ ना | स | म | ८ झ |
| णी | ■ | ■ | ■ | ९ म | द | द | ■ | ■ | ख |
| ■ | १० अ | व | ११ ग | त | ■ | ■ | १२ हा | ज | मा |
| ■ | शु | ■ | लि | ■ | १३ मृ | दु | ल | ■ | र |
| १४ वृ | द्ध | १५ ज | न | ■ | ग | ■ | १६ त | १७ क | ना |
| ष्टि | ■ | हा | ■ | १८ ब | या | १९ र | ■ | ट | ■ |
| २० क | पि | ल | ■ | ढ़ा | ■ | २१ च | तु | रा | २२ ई |
| र | ■ | २३ त | म | ना | श | क | ■ | ■ | ख |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

**आयोजन** *बिहार दिवस में अपनी उपलब्धियों को प्रदर्शित कर रहे सरकारी विभाग*

# खेल विभाग का पैवेलियन बना आकर्षण का केंद्र, उमड़ी दर्शकों की भीड़

**पटना, (एजेंसियां)। बिहार की स्थापना के 113 साल पूरे होने के मौके पर पटना के गांधी मैदान में 22 से 25 मार्च तक चल रहे 'बिहार दिवस' समारोह में खेल विभाग का पैवेलियन आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस भव्य उत्सव का उद्घाटन किया और विभिन्न विभागों के पैवेलियनों का दौरा कर उनकी सराहना की।**

'उन्नत बिहार, विकसित बिहार' की थीम पर आधारित इस आयोजन में सरकारी विभाग अपनी उपलब्धियों को प्रदर्शित कर रहे हैं लेकिन खेल विभाग का पैवेलियन लोगों के लिए खास आकर्षण बन गया है, जहां दर्शकों की भारी भीड़ उमड़ रही है।

बिहार राज्य खेल प्राधिकरण और खेल विभाग ने अपने पैवेलियन में राज्य की खेल प्रगति और खिलाड़ियों के सर्वांगीण विकास के लिए सरकार की योजनाओं को शानदार तरीके से पेश किया है। पिछले साल राजगीर में महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी के सफल आयोजन से बिहार ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी पहचान बनाई थी। इस साल भी बिहार कई बड़े टूर्नामेंट की मेजबानी कर रहा है। वर्तमान में पाटलिपुत्र खेल परिसर में सेपक टाकरा वर्ल्ड कप (22-25 मार्च) चल रहा है। मई में पहली बार खेलो इंडिया यूथ गेम्स, अगस्त में महिला कबड्डी विश्वकप,



■ 25 मार्च तक चलेगा बिहार दिवस समारोह

राजगीर में एशियन रग्बी चैंपियनशिप और हीरो मेंस एशिया कप हॉकी जैसे आयोजन बिहार की खेल क्षमता को रेखांकित करते हैं। पैवेलियन में इन उपलब्धियों को आकर्षक मॉडल और चित्रों के जरिए दिखाया गया है। राजगीर का अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम, खेल अकादमी, खेल विश्वविद्यालय और राज्य भर में बन रहे मैदानों को प्रदर्शित किया गया है।

एक वृत्तचित्र में सरकार की खेल नीतियों और प्रयासों की विस्तृत जानकारी दी जा रही है। सबसे खास है खेलों का लाइव प्रदर्शन, जहां दर्शक हॉकी, फुटबॉल, रग्बी, बास्केटबॉल, मलखंभ, शतरंज, लॉन बाउल, वॉलीबॉल, तीरंदाजी और जेवलिन थ्रो जैसे खेलों को खुद खेलकर अनुभव कर रहे हैं। यह पहल खास तौर पर युवाओं को लुभा रही है। बिहार के गांव-गांव तक खेल आंदोलन की पहुंच और छोटे स्थानों से उभरते खिलाड़ियों का राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय मंचों पर शानदार प्रदर्शन इस बात का सबूत है कि राज्य खेल के क्षेत्र में नई ऊंचाइयां छू रहा है। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण को स्वायत्तता और अलग खेल विभाग के गठन को अभी डेढ़ साल भी नहीं हुए लेकिन इस छोटे समय में इनका योगदान उल्लेखनीय रहा है। पैवेलियन का उद्घाटन खेल विभाग के निदेशक महेंद्र कुमार ने किया। इस मौके पर खेल एवं सामान्य प्रशासन विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. बी. राजेंदर और प्राधिकरण के महानिदेशक रवींद्रन शंकरण की मौजूदगी ने उत्साह बढ़ाया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी पैवेलियन का दौरा कर खेल विभाग के प्रयासों की जमकर तारीफ की।

# खेल जगत

## धोनी की स्टंपिंग के कायल हुए सिद्धू, बोले '43 की उम्र में भी सर्वश्रेष्ठ'



**चेन्नई,** 24 मार्च (एजेंसियां)। पूर्व भारतीय क्रिकेटर नवजोत सिंह सिद्धू ने पूर्व सीएसके कप्तान एमएस धोनी की तारीफ की। आईपीएल 2025 के पहले मैच में मुंबई इंडियंस के खिलाफ धोनी ने धमाकेदार स्टंपिंग कर पुराने दिनों की याद ताजा करा दी। सिद्धू ने यहां तक दावा किया कि धोनी 50 की उम्र में भी सीएसके के लिए अर्धशतक बना सकते हैं। धोनी ने सूर्यकुमार यादव को स्टंप आउट किया, जब एमआई कप्तान नूर अहमद की गुगली को समझने में विफल रहे। सूर्यकुमार नूर अहमद की गेंद पर शॉर्ट खेलने के प्रयास में जैसे ही क्रीज से बाहर निकले, विकेट के पीछे खड़े धोनी ने अपने पुराने अंदाज में बेल्स उड़ा दीं। यह आईपीएल में धोनी की 44वीं स्टंपिंग थी। सिद्धू ने जियो हॉटस्टार पर कहा, '43 साल की उम्र में भी वह सर्वश्रेष्ठ हैं। वह पुरानी शराब की तरह हैं जो समय के साथ बेहतर होती जा रही है।

## शुभमन की गुजरात टाइटंस और श्रेयस की पंजाब किंग्स में रोमांचक मुकाबले की आस

### गुजरात के रबाडा, सिराज, कोइत्जी कृष्णा रफ्तार से लेंगे पंजाब के श्रेयस का इम्तिहान



■ शुभमन व बटलर की जोड़ी को गुजरात के लिए तेज आगाज करना होगा

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 24 मार्च (देशबन्धु)। भारत के उपकप्तान सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल की कप्तानी में उतरने वाली गुजरात टाइटंस और श्रेयस अय्यर की अगुआई वाली पंजाब किंग्स के बीच 18वीं इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मंगलवार को अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में खेले जाने वाले मौजूदा संस्करण के पहले मैच में बेहद रोमांचक क्रिकेट मुकाबले की आस है। दोनों टीमों के बीच बेशक पिछले पांच में से तीन गुजरात ने और दो पंजाब किंग्स ने जीते हैं लेकिन इनमें चार का फैसला अंतिम ओवर में हुआ है। गुजरात के कप्तान शुभमन गिल और पंजाब के कप्तान श्रेयस अय्यर बेशक भारतीय क्रिकेट का भविष्य हैं और दोनों ही अपनी अपनी फ्रेंचाइजी टीमों का मौजूदा संस्करण में आगाज जीत के साथ करने को बेताब होंगे। कम सश कम कागजों पर पर गुजरात टाइटंस का पलड़ा अपने घरेलू मैदान पर पंजाब किंग्स से भारी नजर आता है।

श्रेयस ने बीते सीजन में अपनी कप्तानी में कोलकाता नाइट राइडर्स को खिताब जिताया। श्रेयस मौजूदा सीजन में पंजाब किंग्स के लिए खेलते दिखेंगे। पंजाब किंग्स की बल्लेबाजी खुद कप्तान श्रेयस अय्यर, नवोदित सलामी बल्लेबाज प्रियांश आर्य,विकेटकीपर बल्लेबाज जोश इंग्लिश और शाशंक सिंह पर जरूरत से ज्यादा निर्भर है। पंजाब किंग्स

का मध्यक्रम भारत के मुशीर खान, ऑस्ट्रेलिया ग्लेन मैक्सवेल व दक्षिण अफ्रीका के मार्को येनयन पर निर्भर है। सच तो खुद श्रेयस, प्रियांश, नेहाल वढेरा और जोश इंग्लिश जैसे बल्लेबाजो से सज्जित पजाब का शीर्ष क्रम यदि गुजरात के लेग स्पिनर रशीद के साथ दक्षिण अफ्रीकी तेज गेदबाज कसीगो रबाड़ा, जेराल्ड कोइत्जी, प्रसिद्ध कृष्णा, मोहम्मद सिराज, इशांत शर्मा व करीम जन्नत के सामने शुरू में बिखर गया तो फिर दुनिया के सबसे कंजूस व चतुर लेग स्पिनर रशीद खान, ऑफ स्पिनर ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर व जयंत यादव, राहुल तेवतिया व मानव सुतार, निशांत सिंधु जैसे ऑलराउंडर पंजाब के ऑलराउंडरों ग्लेन मैक्सवेल, मरकस स्टोइनस व सुयांश शेगडे के लिए अपनी टीम को बड़े स्कोर तक पहुंचाना मुश्किल हो सकता है। सच तो यह है कि पंजाब किंग्स ने कप्तान श्रेयस अय्यर को खरीदने पर जरूरत से ज्यादा 26 करोड़ 75 लाख रुपए की राशि खर्च कर दी। अपने चतुर चीफ कोच आशीष नेहरा के मार्गदर्शन में गुजरात टाइटंस के रबाड़ा, कोइत्जी, मोहम्मद सिराज प्रसिद्ध कृष्ण व इशांत शर्मा खासतौर पर श्रेयस अय्यर की शॉर्ट पिच गेंदबाजी को खेलने की कमजोरी का लाभ उठा कर उनके खिलाफ शॉर्ट पिच गेंदबाजी को हथियार के रूप मे अपनाने कर उन्हें और उनके शीर्ष क्रम को सस्ते में बिखेरने की कोशिश करेंगे।

गुजरात टाइटंस को यदि जीत के साथ आगाज करना है तो फिर उसके कप्तान शुभमन गिल और जोस बटलर की सलामी जोड़ी को विस्फोटक आगाज करने की जरूरत होगी। गुजरात के पास साई सुदर्शन, शाहरुख खान, ऑलराउंडर ग्लेन फिलिप्स, महिपाल लोमरर, शेरफन रदरफर्ड के शुरू से लेकर निचले मध्यक्रम में राहुल तेवतिया, जयंत यादव और वाशिंगटन सुंदर के रूप में पारी का शानदार समापन करने वाले बल्लेबाज है।

पंजाब किंग्स की गेंदबाजी की अगुआई बाएं हाथ के टी 20 क्रिकेट के सबसे चतुर गेंदबाज अर्शदीप सिंह, मार्को येनसन, जेवियर बार्टलेट, लॉकी फर्गुसन, विजय कुमार व्यस्क और यश ठाकुर के रूप में तेज गेंदबाजी के रूप में पर्याप्त विकल्प हैं। बड़ा सवाल यह रहेगा कि पंजाब किंग्स अर्शदीप सिंह, येनसन व फर्गुसन के साथ चौथे तेज गेंदबाज के रूप मरकस स्टोइनस का विकल्प देखेगी। पंजाब किंग्स की स्पिन गेंदबाजी का जिम्मा उसके तुरुप के लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल, ऑफ स्पिन ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल और बाएं हाथ के हरप्रीत बराड़ पर निर्भर करेगी।



## जोकोविच ने एटीपी मास्टर्स 1000 मैच जीतने का नडाल का रिकॉर्ड तोड़ा

**मियामी,** 24 मार्च (एजेंसियां)। नोवाक जोकोविच ने मियामी ओपन में अर्जेंटीना के कैमिलो उगो कैराबेली को हराकर रिकॉर्ड 411वीं एटीपी मास्टर्स 1000 मैच जीत हासिल की, जिससे स्पेन के राफेल नडाल के साथ उनकी बराबरी टूट गई। 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन ने लकी लूजर कैराबेली पर तीसरे दौर में 6-1, 6-0 से जीत दर्ज की। सर्बियाई खिलाड़ी ने 409 मास्टर्स 1000 जीत के साथ टूर्नामेंट में प्रवेश किया, जो उनके पुराने प्रतिद्वंद्वी से सिर्फ एक पीछे था। उन्होंने रिंकी हिजिकाटा पर शुरुआती दौर की जीत के बाद नडाल के साथ सबसे ज्यादा मास्टर्स 1000 जीत की बराबरी की। मास्टर्स 1000 स्तर पर सबसे ज्यादा खिताब (40), फाइनल (59) और सेमीफाइनल (78) जीतने वाले जोकोविच ने 1990 में सीरीज की शुरुआत के बाद से अब तक सबसे ज्यादा मैच जीतने (410) के मामले में नडाल को पीछे छोड़ दिया है, जब उन्होंने रविवार को अपना 411वां मास्टर्स 1000 मैच जीता। जोकोविच ने कहा, 'मैं एक और मील का पत्थर हासिल करके, एक और रिकॉर्ड तोड़कर सम्मानित महसूस कर रहा हूँ।

■ 37 वर्षीय खिलाड़ी ने तब से रिकॉर्ड 40 मास्टर्स 1000 खिताब जीते हैं, जिसमें से उनका पहला खिताब 2007 में मियामी में आया था



जब भी मैं खेलता हूं, हमेशा कुछ न कुछ दांव पर लगा होता है और निश्चित रूप से यह मुझे टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करता है।' मास्टर्स 1000 इवेंट में अपनी पहली जीत के लगभग 20 साल बाद जोकोविच की 411वीं जीत आई है। पूर्व नंबर 1 ने 2005 में पेरिस में विक्टर हनेस्कु को हराकर उस स्तर पर अपनी पहली जीत हासिल की थी।

37 वर्षीय खिलाड़ी ने तब से रिकॉर्ड 40 मास्टर्स 1000 खिताब जीते हैं, जिसमें से उनका पहला खिताब 2007 में मियामी में आया था।

## पुणे बिली जीन किंग कप एशिया-ओसनिया ग्रुप-1 टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा

**पुणे,** 24 मार्च (एजेंसियां)। पुणे देश के टेनिस इतिहास में पहली बार प्रतिष्ठित बिली जीन किंग कप एशिया-ओसनिया ग्रुप-1 टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा, जबकि महाराष्ट्र 25 साल के अंतराल के बाद 8 से 12 अप्रैल तक म्हालुंगे बालेवाड़ी टेनिस कॉम्प्लेक्स में इस आयोजन की मेजबानी करेगा।

न्यूजीलैंड, चीनी ताइपे, हांगकांग, कोरिया और थाईलैंड सहित एशिया ओसनिया क्षेत्र की छह टीमें, मेजबान भारत के अलावा, राउंड-रॉबिन प्रारूप में खेलेंगी, जिसमें सभी मुकाबलों में तीन मैच होंगे - दो एकल और उसके बाद युगल। एमएसएलटीए सचिव सुंदर अय्यर ने कहा, 'मुंबई ओपन डब्ल्यूटीए और महा ओपन एटीपी चैलेंजर की सफलता के बाद,



एआईटीए और पीएमडीटीए के सहयोग से एमएसएलटीए उच्चतम स्तर का एक और आयोजन पाकर रोमांचित है।'

अय्यर ने कहा, 'एमएसएलटीए ने पुणे में लगभग सभी बड़े टेनिस आयोजनों की मेजबानी की है, लेकिन हमने कभी भी बीकेजेसी या फेड कप की मेजबानी नहीं की है। एआईटीए और एमएसएलटीए ने इस आयोजन के लिए बोली लगाई है, ताकि लड़कियों के लिए घरेलू परिस्थितियों में उच्चतम स्तर पर प्रतिस्पर्धा करना आसान हो सके।' घरेलू समर्थन और परिचित परिस्थितियों के साथ, भारतीय टीम प्रतियोगिता में अपनी पिछली सफलता को दोहराने और क्षेत्र से उपलब्ध दो योग्यता स्थानों में से एक के लिए मजबूत बोली लगाने का लक्ष्य रखेगी।

अंकिता रैना की अगुआई वाली भारतीय महिला टेनिस टीम में सहजा यमलापल्ली, श्रीवल्ली भामिदीपती और वैदेही चौधरी (सभी 300 और 358 के बीच रैंक की हैं) भी शामिल हैं। अनुभवी युगल विशेषज्ञ प्रार्थना थोम्बरे (युगल में 137 रैंक की हैं), जो हाल ही में डब्ल्यूटीए मुंबई ओपन में उपविजेता रहीं, के शामिल होने से कप्तान विशाल उप्पल को टूर्नामेंट में जाने के लिए कई रणनीतिक विकल्प मिलते हैं।

## गायकवाड़ ले रहे हैं 99 प्रतिशत फैसले : धोनी

**चेन्नई,** 24 मार्च (एजेंसियां)। पूर्व कप्तान एमएस धोनी ने स्पष्ट किया है कि गेंदबाजी में बदलाव और फील्ड प्लेसमेंट जैसे सभी महत्वपूर्ण फैसले पूरी तरह से कप्तान रुतुराज गायकवाड़ द्वारा लिए गए थे, उनकी भूमिका चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की कप्तानी गायकवाड़ को सौंपने के उनके फैसले के बाद मार्गदर्शन देने तक सीमित थी। धोनी, जिन्होंने 2008 में आईपीएल शुरू होने के बाद से 212 मैचों में सीएसके का नेतृत्व किया, 128 मैच जीते जबकि 82 मैच हारे, सिवाय उन दो सत्रों के जब फ्रेंचाइजी को स्पॉट फिक्सिंग के कारण निलंबित कर दिया गया था, 2024 आईपीएल की पूर्व संध्या पर सीएसके के कप्तान के रूप में पद छोड़ दिया और गायकवाड़ को बागडोर सौंप दी, जो 2019 से फ्रेंचाइजी का हिस्सा हैं।' आपको दीर्घकालिक तस्वीर को देखना होगा। अधिकतर ऐसा होता है कि जो बल्लेबाज आपकी मुख्य टीम



'रुतुराज काफी समय से हमारे साथ हैं। उन्होंने हमारे लिए अच्छा प्रदर्शन किया है। उनका स्वभाव बहुत अच्छा है - वे बहुत शांत, बहुत संयमित हैं। वह और फ्लेमिंग बहुत अच्छे से मिलते हैं: एमएस धोनी

का हिस्सा होते हैं और आपके लिए अच्छा प्रदर्शन करते हैं, वे ऐसे होते हैं जिन पर आप लंबे समय तक भरोसा कर सकते हैं। गेंदबाजों, खासकर तेज गेंदबाजों के साथ, चोट लगने की प्रवृत्ति हमेशा बनी रहती है।' धोनी ने जियो हॉटस्टार के शो 'द एमएस धोनी एक्सपीरियंस' में कहा, 'रुतुराज काफी समय से हमारे साथ हैं। उन्होंने हमारे लिए अच्छा प्रदर्शन किया है। उनका स्वभाव बहुत अच्छा है - वे बहुत शांत, बहुत संयमित हैं। वह और फ्लेमिंग बहुत अच्छे से मिलते हैं। इसलिए यही कारण थे कि हमने उन्हें नेतृत्व के लिए चुना। धोनी ने कहा, 'हमें पूरा यकीन था कि रुतुराज हमारे लिए अच्छा रहेगा।' कप्तान के तौर पर गायकवाड़ के पहले सीजन में, सीएसके प्लेऑफ में जगह बनाने से चूक गई थी। चेन्नई की टीम ने अपने 14 मैचों के अभियान में सात जीत और इतनी ही हार का सामना किया, जिससे वे नेट रन रेट के मामले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से नीचे पांचवें स्थान पर रहे।

### भोजपुरी कमेंट्री बेहद ऊर्जावान है; मुझे पुराने जमाने की रेडियो कमेंट्री की याद दिलाती है: धोनी

नई दिल्ली। भारत के दिग्गज एमएस धोनी ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में क्षेत्रीय भाषा की कमेंट्री की पहल की सराहना की और भोजपुरी कमेंट्री के लिए अपनी प्रशंसा प्रकट की, इसे 'ऊर्जावान' बताया और कहा कि यह उन्हें पुराने जमाने की रेडियो कमेंट्री की याद दिलाती है। भोजपुरी ने आईपीएल 2023 के दौरान कमेंट्री फीड में अपनी शुरुआत की और प्रशंसकों को चौंका दिया। इस साल, आईपीएल का 18वां सीजन 16 फीड पर लाइव स्ट्रीमिंग कर रहा है, जिसमें 12 भाषाएं - अंग्रेजी, हिंदी, मराठी, हरियाणवी, बंगाली, भोजपुरी, तमिल, तेलुगु, कन्नड़, मलयालम, गुजराती और पंजाबी शामिल हैं।

## डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष संजय सिंह यूडब्ल्यूडब्ल्यू-एशिया ब्यूरो सदस्य चुने गए




**अम्मान (जॉर्डन),** 24 मार्च (एजेंसियां)। भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के अध्यक्ष संजय सिंह को यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग (यूडब्ल्यूडब्ल्यू)-एशिया का ब्यूरो सदस्य चुना गया है। यह चुनाव अम्मान में आयोजित यूडब्ल्यूडब्ल्यू-एशिया आम सभा के दौरान हुआ, जहां सिंह ने 38 में से 22 वोट हासिल किए, जो एशियाई कुश्ती समुदाय से मजबूत समर्थन को दर्शाता है। इस प्रतिष्ठित पद के लिए सिंह का चुनाव अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारतीय कुश्ती के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। उनकी नियुक्ति से भारतीय पहलवानों को यूडब्ल्यूडब्ल्यू-एशिया की निर्णय लेने की प्रक्रियाओं में अधिक प्रतिनिधित्व मिलने और देश में खेल के विकास के लिए नए अवसर खुलने की उम्मीद है। सिंह ने आभार व्यक्त करते हुए कहा, 'मैं यूडब्ल्यूडब्ल्यू-एशिया के ब्यूरो सदस्य के रूप में चुने जाने पर बहुत सम्मानित महसूस कर रहा हूं। यह सिर्फ एक व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं है, बल्कि वैश्विक स्तर पर भारतीय कुश्ती के विकास और पहचान का प्रमाण है। मैं पूरे महाद्वीप में खेल को बढ़ावा देने और विकसित करने के लिए यूडब्ल्यूडब्ल्यू-एशिया के साथ मिलकर काम करने के लिए उत्सुक हूं।

## मैं लॉस एंजेलिस 2028 पैरालंपिक में भारत के लिए पदक जीतना चाहती हूं: जसप्रीत कौर

**नई दिल्ली,** 24 मार्च (एजेंसियां)। पंजाब की जसप्रीत कौर ने खेलो इंडिया पैरा गेम्स 2025 में पावरलिफ्टिंग में नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया, जिसके बाद जेएलएन स्टेडियम के भारोत्तोलन सभागार में जोरदार तालियों की गड़गड़ाहट गूंज उठी। 45 किग्रा वर्ग में प्रतिस्पर्धा करते हुए, पंजाब की 30 वर्षीय खिलाड़ी ने रविवार को अविश्वसनीय 101 किग्रा वजन उठाया, जो कि 16 मार्च को राष्ट्रीय स्तर पर एक सप्ताह पहले दर्ज किए गए 100 किग्रा के अपने पिछले सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन को पार कर गई। जसप्रीत का शीर्ष पर पहुंचना किसी प्रेरणा से कम नहीं है। कभी एनआईटी कोझिकोड से स्नातक करने वाली एक अधिक वजन वाली सॉफ्टवेयर इंजीनियर, अपनी मानसिक दृढ़ता के




कारण उन्होंने खेल के मैदान में कदम रखते ही 40 किग्रा वजन कम कर लिया।

उन्होंने साई मीडिया को बताया, 'डॉक्टरों ने मुझे बताया कि मेरी रीढ़ की हड्डी के निचले हिस्से पर दबाव पड़ रहा है और मुझे अपना वजन कम करने की ज़रूरत है। यह मेरे लिए एक चेतावनी थी। 2020 के दौरान उस समय मेरा वजन 80 किलोग्राम था और एक इंजीनियर के रूप में मेरी नौकरी के कारण मुझे कई घंटों तक बैठना पड़ता था। मुझे डर था कि कहीं ऐसा न हो कि मैं व्हीलचेयर पर आ जाऊं।' जसप्रीत के लिए, पावरलिफ्टिंग एक खेल से कहीं बढ़कर है - यह एक जीवन रेखा है। उन्होंने कहा, 'खेल ने मुझे चुना है, न कि मैंने खेल को चुना है। मेरे वजन घटाने से मुझे पावरलिफ्टिंग मिली और पावरलिफ्टिंग ने मुझे आत्मविश्वास दिया। अब, मैं 2028 में लॉस एंजेलिस पैरालंपिक में भारत के लिए पदक जीतना चाहती हूं और सुर्खियां बटोरना चाहती हूं, ठीक वैसे ही जैसे मेरे कोच राजिंदर सर ने 2004 एथेंस पैरालिंपिक में किया था।

दिल्ली प्रीमियर लीग

## खिताब सीआईएसएफ ने, मैच और दिल गढ़वाल ने जीता

**नई दिल्ली,** 24 माचे (एजेंसियां)। हालांकि सीआईएसएफ प्रोटेक्टर्स ने एक मैच शेष रहते दिल्ली प्रीमियर लीग थ्री का खिताब अपने नाम कर लिया था लेकिन अंतिम मुकाबले की खानापुरी के चलते गढ़वाल हीरोज एफसी ने चैंपियन को 1-0 से पीट कर ना सिर्फ दूसरा स्थान अर्जित किया बल्कि एक दिन पहले खोई प्रतिष्ठा को फिर से अर्जित भी किया।

विजयी गोल मनभाकुपार मालगियांग ने जमाया द्य दिल्ली सरकार के उप मुख्यमंत्री और पीडब्लूडी मिनिस्टर प्रवेश वर्मा ने



खिलाड़ियों को पुरस्कार बांटे। पुलिस खेलों की विजेता सीआईएसएफ का हौसला बढ़ाने के लिए स्टेडियम में सैकड़ों पुलिस के जवान मौजूद थे लेकिन सीआईएसएफ अपने प्रशंसकों की कसौटी पर खरी नहीं उतर पाई द्य शुरुआत धीमी रही लेकिन धीरे धीरे गढ़वाल ने मैच पर पकड़ ली।

## बीसीसीआई की 16 खिलाड़ियों की केंद्रीय अनुबंध सूची में नए खिलाड़ियों में तितास, श्रेयंका, अमनजोत शामिल



**मुंबई,** 24 मार्च (एजेंसियां)। होनहार युवा तेज गेंदबाज तितास साधु, मध्यम गति की ऑलराउंडर अरुंधति रेड्डी और अमनजोत कौर, विकेटकीपर-बल्लेबाज उमा छेत्री और ऑलराउंडर श्रेयंका पाटिल को सोमवार को ग्रेड सी श्रेणी में जगह मिलने के बाद 2024-25 सत्र के लिए बीसीसीआई महिला केंद्रीय अनुबंध में शामिल किया गया। दूसरी ओर, भारतीय महिला टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर, उप-कप्तान स्मृति मंधाना और शीर्ष ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा ने 50 लाख रुपये के उच्चतम वेतन के साथ ग्रेड ए श्रेणी में अपना स्थान बरकरार रखा है।

नए खिलाड़ियों में, अमनजोत एकमात्र खिलाड़ी हैं, जो महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के दूसरे और तीसरे संस्करण के बीच अपनी पीठ में तनाव फ्रैक्चर के कारण भारतीय टीम में वापसी नहीं कर पाई हैं। पंजाब और एमआई की ऑलराउंडर, जिन्होंने आखिरी बार जनवरी 2024 में भारत के लिए खेला था, को हाल ही में डब्ल्यूपीएल 2025 में इमर्जिंग प्लेयर ऑफ द सीजन चुना गया, क्योंकि एमआई ने तीन वर्षों में अपना दूसरा खिताब जीता। ग्रुप सी से उल्लेखनीय चूक में मेघना सिंह, देविका वैद्य, एस मेघना, अंजलि सरवानी और हरलीन देओल शामिल हैं, जिन्होंने हाल ही में राष्ट्रीय टीम में वापसी की और अपना पहला वनडे शतक दर्ज किया। इस बीच, अरुंधति रेड्डी, जिन्होंने पिछले सीज़न में टी20 वापसी और वनडे में पदार्पण किया था, चयनकर्ताओं के रडार से फिसल गई हैं, लेकिन फिर भी उन्होंने ग्रेड सी, 10 लाख रुपये की रिटेनर श्रेणी में स्थान हासिल किया है। ग्रेड बी में, बाएं हाथ की स्पिनर राजेश्वरी गायकवाड़ को चयनकर्ताओं के पक्ष में न होने के बाद बाहर कर दिया गया है। चेन्नई में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भारत के एकमात्र टेस्ट में आखिरी बार देखी गई पूजा वस्त्रकर ने सितंबर 2023 के बाद से कोई भी सफेद गेंद वाला मैच नहीं खेला है।

## 24 साल के विग्नेश पुथुर ने डेब्यू मैच में चटकाए 3 विकेट

आईपीएल 2025

**नई दिल्ली,** 24 मार्च (एजेंसियां)। आईपीएल 2025 में मुंबई इंडियंस के लिए डेब्यू करने वाले 24 वर्षीय विग्नेश पुथुर ने अपनी शानदार गेंदबाजी से सभी का ध्यान खींचा है। केरल के मल्लापुरम के रहने वाले इस युवा खिलाड़ी ने अपनी जबरदस्त स्पिन गेंदबाजी से सभी को प्रभावित किया। विग्नेश पुथुर ने अपनी गेंदबाजी से न केवल मुंबई इंडियंस के स्काउटिंग सिस्टम की सफलता पर मुहर लगाई , बल्कि टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव और भारत के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी की तारीफ भी बटोरी। विग्नेश पुथुर



ने आईपीएल 2025 के पहले मैच में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ अपने डेब्यू मैच में ही छाप छोड़ दी। मुंबई इंडियंस ने उन्हें इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर मैदान में उतारा था और पुथुर ने अपनी गेंदबाजी से पूरी दुनिया को दिखा दिया कि आईपीएल में मिला मौका भुनाना उन्हें आता है। उन्होंने अपने पहले ही ओवर में चेन्नई के कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ को आउट किया।

गायकवाड़ ने फुल लेंथ बॉल पर शॉट मारा, लेकिन गेंद विल जैक्स के हाथों में जा गिरी, और इस तरह पुथुर ने मैच की शुरुआत ही शानदार तरीके से की। अपने अगले ओवर में शिवम दुबे को लॉन्ग ऑन पर कैच करवा दिया, और फिर दीपक हुड्डा को भी अपनी गेंद पर चलता किया, जिन्होंने पुथुर की गेंद पर स्लॉग स्वीप खेला।

| SENSEX | BSE | 77984.38 ▲ 1078.87 | NSE | 23658.35 ▲ 307.95 | MCX | Gold 87300 ▼ 478 | silver 97710 ▼ 174 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|



# [ अर्थ जगत

## रुपया 9 जनवरी के बाद सबसे टॉप लेवल के करीब

नई दिल्ली। भारतीय रुपये ने अमेरिकी डॉलर के मुकाबले सोमवार को और मजबूत होकर 85.90 पर पहुंच गया। 9 जनवरी 2025 के बाद से रुपया का यह सबसे हाई लेवल की तरफ बढ़ रहा है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में, रुपया डॉलर के मुकाबले 85.93 पर खुला, फिर कुछ बढ़त के साथ 85.86 पर पहुंच गया, जो पिछले बंद से 12 पैसे अधिक है। शुक्रवार को रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 38 पैसे बढ़कर 85.98 पर बंद हुआ।



# शेयर बाजार गुलजार, 6 दिन में सेंसेक्स 4154 अंक उछला

*मुम्बई। शेयर बाजार एक बार फिर दहाड़ रहा है। आज लगातार छठे दिन शेयर बाजार ने लंबी छलांग लगाई। सोमवार को बीएसई सेंसेक्स 1,078.88 अंक उछलकर 77,984.38 अंक पर बंद हुआ। वहीं, एनएसई निफ्टी 323.55 अंकों की तेजी के साथ 23,673.95अंक पर पहुंच गया। अगर पिछले छह दिनों की तेजी पर नजर डालें तो सेंसेक्स 4154 अंक चढ़ गया है। शेयर बाजार में शानदार तेजी लौटने से निवेशकों की भी बंपर कमाई हुई है। शेयर बाजार निवेशकों की पिछले छह दिन में 25.69 लाख करोड़ की कमाई है।*

17 मार्च को सेंसेक्स 73,830.03 अंक पर खुला था। आज यानी 24 मार्च को सेंसेक्स 77,984.38 अंक पर बंद हुआ है। इस तरह पिछले छह दिनों में सेंसेक्स 4100 से अधिक अंक उछला है। दरअसल, 17 मार्च को बीएसई पर लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैप 3,92,80,378 करोड़ रुपये था। वहीं, आज यानी 24 मार्च को जब बाजार बंद हुआ तो यह बढ़कर 4,18,49,900.41 करोड़ रुपये पहुंच गया है। अब सवाल उठता है कि बड़ी गिरावट के बाद शेयर बाजार में यह शानदार तेजी क्यों लौटी है? यह तेजी कहां तक जारी रहेगी? आइए आपके सभी सवालों के जवाब देते हैं।

### शेयर बाजार में क्यों लौटी तेजी

**विदेशी संस्थागत निवेशकों की वापसी-** लगातार बिकवाली करने वाले विदेशी संस्थागत निवेशक अब फिर से भारतीय बाजार में खरीदार बन गए हैं। पिछले चार सत्रों में से तीन में विदेशी निवेशकों ने खरीदारी की है। 21 मार्च को विदेशी निवेशकों ने 7,470 करोड़ की खरीदारी की, जिससे बाजार की धारणा मजबूत हुई है।



## निवेशकों को 25 लाख करोड़ की कमाई

**घरेलू आर्थिक स्थिति में सुधार-** वैश्विक स्तर पर अमेरिका के टैरिफ (शुल्क) को लेकर चिंता बनी हुई है, लेकिन भारत की मजबूत अर्थव्यवस्था और उचित वैल्यूएशन ने स्न्नढ्ढढ्ढ को वापस खरीदारी करने के लिए आकर्षित किया। इससे बाजार में खरीदारी बढ़ी है। अमेरिकी ट्रेजरी यील्ड में गिरावट और रुपया मजबूत- डॉलर के मुकाबले रुपया मजबूत हुआ है। वहीं, अमेरिका में 10-वर्षीय ट्रेजरी यील्ड में करीब 40 बेसिस पॉइंट की गिरावट आई है। इससे उभरते बाजारों में निवेश अधिक आकर्षक हो गया है। निवेशक अमेरिका से पूंजी निकालकर भारत जैसे बाजारों में लगा रहे हैं।

**टेक्नीकल मजबूत-** तकनीकी रूप से भी बाजार में मजबूती दिखाई दे रही है। निफ्टी ने पिछले सप्ताह एक मजबूत व्हाइट-बॉडी मारुबोजू कैंडल बनाई है और फरवरी के नुकसान की लगभग पूरी भरपाई कर ली है।

## सोमवार को सेंसेक्स में 1078 अंक की तेजी

शेयर बाजार में लगातार छठवें कारोबारी दिन तेजी देखने को मिली है। सोमवार को सेंसेक्स और निफ्टी एक-एक प्रतिशत से अधिक की तेजी हासिल करने में सफल रहे हैं। सेंसेक्स दिन भर 1000 अंक के आसपास कारोबार करता दिखा। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 1078 अंक की तेजी के साथ 77,984 के स्तर और निफ्टी 307 अंक की बढ़त के साथ 23658 पर बंद हुआ। विशेषज्ञों ने कहा कि अमेरिकी और यूरोपीय बाजारों में सकारात्मक रुख ने घरेलू शेयर बाजार में तेजी की धारणा को समर्थन देने का काम किया।

**इन कंपनियों के शेयरों में रही तेजी -** सेंसेक्स की कंपनियों में से एनटीपीसी, कोटक महिंद्रा बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, टेक महिंद्रा, पावर ग्रिड, बजाज फिनसर्व, एक्सिस बैंक, एचसीएल टेक, रिलायंस इंडस्ट्रीज और बजाज फाइनेंस के शेयर सबसे ज्यादा लाभ में रहे। दूसरी तरफ टाइटन, इंडसइंड बैंक, जोमैटो, महिंद्रा एंड महिंद्रा, भारती एयरटेल, नेस्ले और इन्फोसिस के शेयरों में गिरावट का रुख देखने को मिला। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने शुक्रवार को 7,470.36 करोड़ रुपये के शेयरों की शुद्ध लिवाली की थी।

# 88 हजार से नीचे आई सोने की कीमत, चांदी में उछाल जारी



*नई दिल्ली। सप्ताह के पहले कारोबारी दिन सोमवार को सोना खरीदने वालों के थोड़ी राहत मिली है। आज (24 मार्च) एमसीएक्स पर सोने का भाव गिरकर 88,000 के स्तर से नीचे आ गया है।* खबर लिखे जाने के समय सोने का भाव 87,759 रुपए प्रति 10 ग्राम जबकि चांदी की कीमत में 0.43 फीसदी की उछाल आया है, चांदी 98,309 रुपए पर कारोबार कर रही है।

**सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें-** हमेशा ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड का हॉलमार्क लगा हुआ सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें। सोने पर 6 अंकों का हॉलमार्क कोड रहता है। इसे हॉलमार्क यूनीक आइडेंटिफिकेशन नंबर कहते हैं। ये नंबर अल्फान्यूमेरिक यानी कुछ इस तरह होता है- एजेड 4524। हॉलमार्किंग के जरिए ये पता करना संभव है कि कोई सोना कितने कैरेट का है।

**दिल्ली सराफा बाजार में सोना -** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के सर्राफा बाजार में सोना 400 रुपए की गिरावट के साथ 91,250 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी। बुधवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना कल 91,650 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। वहीं, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 400 रुपए की गिरावट के साथ 90,800 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ जो एक दिन पहले 91,200 रुपए प्रति 10 ग्राम पर रहा था।

# नई कारों से ज्यादा पुरानी कारों की बढ़ी मांग

*नई दिल्ली। देश में पुरानी कारों का बाजार तेजी से बढ़ रहा है और 2025-26 में इसकी बिक्री नई कारों को भी पीछे छोड़ सकती है। उद्योग विशेषज्ञों के अनुसार, बढ़ती मांग के चलते पुरानी कारों की औसत कीमतों में इजाफा हो रहा है। पिछले तीन वर्षों में इस बाजार की ग्रोथ 10-12 प्रतिशत की दर से हो रही है और वित्त वर्ष 2026 तक यह 40 अरब डॉलर के स्तर पर पहुंचने की उम्मीद है।*

नई बनाम पुरानी कारों का बाजार- फिलहाल, नई कारों का घरेलू बाजार लगभग 43 अरब डॉलर का है लेकिन पुरानी कारों की बढ़ती बिक्री इस अंतर को कम कर रही है। 2023-24 में भारत में 42 लाख नई कारें बिकी थीं, जबकि 2025-26 में यह संख्या बढ़कर 45-46 लाख तक पहुंच सकती है। दूसरी ओर पुरानी कारों की बिक्री 65-70 लाख यूनिट तक पहुंचने का अनुमान है। इन शहरों में पुरानी कारों की मांग सबसे ज्यादा- पुरानी कारों के लोकप्रिय प्लेटफॉर्म स्पिनी के संस्थापक और सीईओ नीरज सिंह के अनुसार, बेंगलुरु, हैदराबाद और पुणे जैसे शहरों में पुरानी कारों की बिक्री में सबसे ज्यादा तेजी देखी गई है।



**कीमतों में लगातार बढ़ोतरी**

**बजट कारें- (3-5 लाख रुपए)- कीमत में 10-12 प्रतिशत तक वृद्धि।**

**मिड-रेंज कारें- (5-10 लाख रुपए)- कीमत में 14-16 प्रतिशत की बढ़त।**

**प्रीमियम और एसयूवी मॉडल- अधिक मांग और सीमित आपूर्ति के चलते कीमत 20 प्रतिशत तक बढ़ी।**

कॉम्पैक्ट एसयूवी (6-8 लाख रुपए कीमत वाली) की मांग तेजी से बढ़ रही है, क्योंकि लोग बेहतर परफॉर्मेंस और बड़ी कार के आकर्षण की वजह से इन्हें प्राथमिकता दे रहे हैं।

**स्वामित्व अवधि घटी, बढ़ी सेकेंड-हैंड कारों की बिक्री-** रिपोर्ट्स के मुताबिक, कार मालिक अब अपनी गाड़ियों को कम समय तक रख रहे हैं, जिससे पुरानी कारों का बाजार और तेजी से बढ़ रहा है। औसतन, भारत में पुरानी कारों की बिक्री 4.5-5 लाख रुपए की कीमत पर हो रही है, जो पिछले 2-3 वर्षों में 10-15 प्रतिशत तक बढ़ चुकी है। उद्योग विशेषज्ञों का मानना है कि आने वाले 7-8 वर्षों में पुरानी कारों का बाजार 12-13 प्रतिशत की सालाना ग्रोथ दर से बढ़ेगा, जिससे ऑटोमोबाइल सेक्टर में नए निवेश और नौकरियों के अवसर भी बढ़ सकते हैं।

# 1 अप्रैल से लागू होने जा रही यूपीएस स्कीम





*नई दिल्ली। केंद्र सरकार 1 अप्रैल से एकीकृत पेंशन योजना या यूनिफाइड पेंशन स्कीम शुरू करने जा रही है, ये विशेष रूप से उन कर्मचारियों के लिए फायदेमंद है जो रिटायरमेंट के बाद एक निश्चित आय चाहते हैं. गौरतलब है कि सरकार ने बीते 24 जनवरी को राष्ट्रीय पेंशन सिस्टम के ऑप्सशन के तौर पर यूनिफाइड पेंशन स्कीम का आधिकारिक ऐलान किया था और अब इस योजना को 1 अप्रैल 2025 से लागू किया जाएगा।*

यूपीएस सिर्फ और सिर्फ सरकारी कर्मचारियों के लिए लागू होगा, जो पहले से ही एनपीएस के तहत रजिस्टर्ड हैं. सरकारी कर्मचारियों के पास विकल होगा कि वे एनपीएस या यूपीएस में से किसी एक को चुन सकते हैं.

**यूनिफाइड पेंशन स्कीम क्या है-** सबसे पहले जान लेते हैं कि आखिर पीएस है क्या? तो बता दें कि यूपीएस के तहत अब केंद्रीय कर्मचारियों को एक निश्चित पेंशन दी जाएगी, जो कर्मचारी के रिटायरमेंट के पहले के आखिरी 12 महीने की ऐवरेज बेसिक सैलरी का 50 प्रतिशत होगा. कर्मचारी को यह पेंशन पाने के लिए कम से कम 25 साल तक सर्विस करनी होगी. वहीं अगर कर्मचारी की मृत्यु हो जाती है तो परिवार को भी एक निश्चित पेंशन मिलती रहेगी, जो उसे मिलने वाली पेंशन का 60 फीसदी होगा. इसके अलावा, मिनिमम एश्योर्ड पेंशन भी दिया जाएगा, जिसका मतलब है कि जो लोग 10 साल तक नौकरी करते हैं तो उन्हें कम से कम 10 हजार रुपये की पेंशन मिलेगी.

# पीएसबी बैंकों का रिकॉर्ड मुनाफा, एसबीआई और पीएनबी ने दिखाई शानदार ग्रोथ



## सरकार को मिला 18,013 करोड़ का लाभ

*नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों ने वित्त वर्ष 2023-24 में शानदार प्रदर्शन करते हुए 33त्न बढ़त के साथ 27,830 करोड़ रुपए का डिविडेंड घोषित किया। इससे सरकार को 18,013 करोड़ रुपए का लाभ मिला, जो पिछले साल के 13,804 करोड़ रुपए से 30 प्रतिशत अधिक है।*

**रिकॉर्ड मुनाफे से बैंकों की वित्तीय स्थिति मजबूत-** वित्त वर्ष 2023-24 में 12 सरकारी बैंकों ने कुल 1.41 लाख करोड़ रुपए का रिकॉर्ड मुनाफा दर्ज किया, जो पिछले वित्त वर्ष के 1.05 लाख करोड़ रुपए से 34 प्रतिशत अधिक है। सिर्फ पहले नौ महीनों में ही इन बैंकों ने 1.29 लाख करोड़ रुपए का मुनाफा अर्जित कर लिया था।

**एसबीआई सबसे आगे, पीएनबी ने सबसे ज्यादा ग्रोथ दर्ज की-** भारतीय स्टेट बैंक ने 61,077 करोड़ रुपए का मुनाफा कमाया, जो पिछले साल के 50,232 करोड़ रुपए से 22 प्रतिशत अधिक है। पंजाब नेशनल बैंक का मुनाफा 228 प्रतिशत बढ़कर 8,245 करोड़ रुपए पहुंच गया।यूनियन बैंक ऑफ इंडिया का मुनाफा 62 प्रतिशत बढ़कर 13,649 करोड़ रुपए और सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया का मुनाफा 61 प्रतिशत बढ़कर 2,549 करोड़ रुपए हुआ।

### अन्य बैंकों की शानदार ग्रोथ

**बैंक ऑफ इंडिया-** 57 प्रतिशत बढ़त के साथ 6,318 करोड़ रुपए का मुनाफा। **बैंक ऑफ महाराष्ट्र-** 56 प्रतिशत बढ़त के साथ 4,055 करोड़ रुपए का मुनाफा। **इंडियन बैंक-** 53 प्रतिशत बढ़त के साथ 8,063 करोड़ रुपए का मुनाफा।

**पीएसबी बैंकों की ऐतिहासिक वापसी-** 2018 में 85,390 करोड़ रुपए के घाटे के बाद सरकारी बैंकों ने 2023-24 में अब तक का सबसे अधिक मुनाफा दर्ज किया है। यह सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की मजबूती और वित्तीय सुधार की ऐतिहासिक वापसी का प्रतीक है।

# देश की प्रौद्योगिकी स्टार्टअप कंपनियों ने 2.5 अरब डॉलर का वित्त पोषण जुटाया





*नई दिल्ली। भारत की प्रौद्योगिकी क्षेत्र की स्टार्टअप कंपनियों ने 2025 की पहली तिमाही में 2.5 अरब अमेरिकी डॉलर जुटाए हैं। यह राशि इससे पिछली तिमाही की तुलना में 13.64 प्रतिशत और सालाना आधार पर 8.7 प्रतिशत अधिक है। बाजार आसूचना मंच ट्रैक्सन की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है।*

भारत इस उपलब्धि के साथ अमेरिका और ब्रिटेन के बाद तीसरा सबसे अधिक वित्तपोषण पाने वाला देश बन गया है। रिपोर्ट में बताया गया है कि 2025 की पहली तिमाही में शीर्ष प्रदर्शन करने वाले क्षेत्र वाहन प्रौद्योगिकी, उद्यम अनुप्रयोग और खुदरा थे। अग्रिम स्तर के उद्यमों ने 2025 की पहली तिमाही में कुल 1.8 अरब अमेरिकी डॉलर का वित्तपोषण हासिल किया। यह राशि सालाना आधार पर 38.46 प्रतिशत अधिक है। कुछ स्टार्टअप इकाइयों ने कारोबार शुरू करने के लिए कुल 15.7 करोड़ डॉलर जुटाए। वहीं शुरुआती चरण की स्टार्टअप इकाइयों को कुल 52.8 करोड़ डॉलर का वित्तपोषण मिला।

# यूपीआई, फास्टैग और एमएसएमई ऋण सुधार- केन्द्र सरकार के कदम से भारत को मिलेगा बड़ा वित्तीय लाभ

*नई दिल्ली। भारत में दशकों से राजनीतिक पार्टियां मतदाताओं को लुभाने के लिए मुफ्त उपहार बांटती आई हैं। ये उपहार सरकारी खजाने पर भारी दबाव डालते हैं और देश के दीर्घकालिक विकास को धीमा करते हैं। मोदी सरकार ने अब ऐसे सुधारों की शुरुआत की है जो न केवल दीर्घकालिक लाभ प्रदान करते हैं बल्कि बिना किसी मुफ्त उपहार के सिस्टम में सुधार लाते हैं। आइए जानते हैं मोदी सरकार के उन सुधारों के बारे में जो मध्यम वर्ग और छोटे व्यवसायों के लिए क्रांतिकारी बदलाव ला रहे हैं।*



**टोल पर लंबी कतारों का समापन-** टोल प्लाजा पर लंबी कतारों में खड़ा होकर इंतजार करना कितना थकाऊ होता था? 2017 से पहले भारतीय टोल प्लाजा पर औसत प्रतीक्षा समय 714 सेकंड था। इससे न केवल समय की बर्बादी होती थी बल्कि वाहनों के टूटने और ईंधन की बर्बादी के कारण यह समस्या और बढ़ जाती थी। इसके जवाब में मोदी सरकार ने फास्टैग की शुरुआत की। फास्टैग आरएफआईडी (रेडियो फ्रीक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन) तकनीक का उपयोग करता है जिससे टोल भुगतान में कोई बाधा नहीं आती। 2024 तक प्रतीक्षा समय में भारी कमी आई है और अब यह सिर्फ 47 सेकंड रह गया है।

**डिजिटल भुगतान क्रांति- यूपीआई और रुपे-** विकसित देशों में वीज़ा और मास्टरकार्ड जैसे संस्थान एकाधिकार रखते हैं जिससे लेन-देन महंगे होते हैं। भारत ने इस पारंपरिक मॉडल को चुनौती दी है। यूपीआई (यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस) और रुपे कार्ड ने भारतीयों के लिए डिजिटल भुगतान को सुलभ और सस्ता बना दिया है। 2016 में यूपीआई के लॉन्च से पहले भारत में केवल 25 लाख पॉइंट ऑफ सेल मशीनें थीं लेकिन 2023 तक भारत में 25 करोड़ से अधिक क्तक्र कोड उपलब्ध हो गए हैं जो हर किसी को रीयल-टाइम डिजिटल भुगतान की सुविधा प्रदान करते हैं।

**एमएसएमई के लिए ऋण पहुंच में सुधार-** भारत में छोटे व्यवसायों को सबसे बड़ी समस्या किफायती ऋण की उपलब्धता रही है। पारंपरिक बैंकिंग प्रणाली अक्सर उच्च ब्याज दरों पर ऋणदेती है जिससे व्यवसायों के लिए विकास मुश्किल हो जाता है। मोदी सरकार ने इस समस्या को हल करने के लिए कई पहलें शुरू की हैं जैसे मुद्रा लोन, सीजीटीएमएसई डिजिटल क्रेडिट स्कोरिंग और फिनटेक एकीकरण।

इन पहलों के माध्यम से लाखों छोटे व्यवसायों के लिए ऋण लेना अब अधिक सुलभ और सस्ता हो गया है। इसके अलावा मोदी सरकार ने अब छोटे व्यवसायों को बिना गारंटी के 100 करोड़ तक का लोन देने की व्यवस्था की है। पिछले 10 वर्षों में सीजीटीएमएसई के माध्यम से 5.57 लाख करोड़ रुपये की लोन गारंटी दी गई है।

## मुद्रा बाजार

### रुपया के मुकाबले अन्य मुद्राएं

| मुद्रा | रुपया |
|---|---|
| एक अमेरिकी डॉलर | 85. 64 |
| एक यूरो | 92. 08 |
| एक ब्रिटिश पाउंड | 111 . 22 |
| एक आस्ट्रेलियन डॉलर | 53. 95 |
| एक जापानी येन | 0. 56 |

**परफेक्ट हैचरीज एंड पोल्ट्री प्रोडेक्ट इंडिया प्रा. लि.**

864 मारुति शोरूम के सामने
फोन- 2412223,9329428085

जिंदा बायलर्स बड़ा- फार्म रेट 84 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स मीडियम- फार्म रेट 104 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स छोटा- फार्म रेट-116 नेट प्रति किलो
जिंदा मुर्गी लेयर कल्स -56 नेट प्रति किलो
जिंदा काकरेल-मुर्गा- 160 रु. प्रति किलो
(जिंदा थोक फार्म रेट)

## सराफा बाजार

**दुल्हन श्री आभूषण**
कमानिया गेट, सराफा बाजार-
मो. 9425860998,9826307100
सोना बुलियन (प्रति 10 ग्राम) फाइन भाव- 89750 चांदी -100200

**सोहन लाल एण्ड संस**
रसल चौक फोन- 9425156095
सोना बुलियन (प्रति 10 ग्राम) फाइन भाव- 89750 चांदी -100200

## दाल- चावल भाव

**महावर ट्रेडिंग कंपनी, गांधीगंज**
फोन- 4067270, 9826035338

**प्रति क्विंटल-** राहर दाल एवरेज 8000-9000, मीडियम बोल्ड 11000-12000, फाइन 130000-13500, एकस्ट्रा बोल्ड 13500-14000, चना दाल एवरेज 7600-7800 चना दाल मार्का 7800-8000, मसूर दाल एवरेज 7500-7700, मसूर दाल फाइन 7800-8000, उड़द छिलका 8000-8500, फाइन 8500-9500, उड़द धुली 10000-11000, फाइन 11000-12000, मूंग दाल छिलका 9000-9500, मूंग दाल फाइन 9500-10000, मूंगदाल धुली 10000- 10500, फाइन 10500-11000। चावल - पुराना चावल सरना चालू 3400-3600, बेस्ट 3600-3800, बीपीटी चालू 4200-4500,फाइन 4500-4800,एचएमटी-5200-5500 फाइन-5800-6000 दुबराज भाटापारा 5200-5300, जेजेएल चालू 5600-5800, फाइन 6000-6300, बासमती कनकी चालू 3200-3600, बासमती कनकी मीडियम 4000-4200, बेस्ट 4400-4500, मोगरा- 4300-5200, दुबार- 5200-5800, तिबार- 6500-6800, बासमती 8500-1000, बेस्ट 10000-11000 पोहा- 4400-4500, फाइन 5400-5500, मुरमुरा- 5500-6000, फाइन- 7000-8000 रु.।

## लोहा भाव

**अग्रवाल आयरन ट्रेडर्स**
शास्त्री-ब्रिज 4004070, 2402070
भाव प्रति क्विं.- 6 एम एम 6400, 8 एम एम 5980, 10 एम एम 5860,12 एम एम, 5800 एवं 16 एम 5800 रु.। तार- 75 रु. किलो।

देशबन्धु
ग्राहक सेवा


रेमण्ड से ट्रेनिंग प्राप्त फ्यूजिंग सूट, ट्राउजर शर्ट स्पेशलिस्ट
**टेलर्स वारिस**
शॉप नं. 3 आनंद टॉकीज शॉपिंग काम्पलेक्स, जबलपुर फोन: 2405596
मो.- 9424392281, 9425152707
देग्रासे सी 30/7/2022

100 प्रतिशत गारन्टेड इलाज
क्या आपको गुप्त रोग है। अंडकोष, बवासीर, सेक्स से संबंधित रोगों के स्थायी इलाज के लिए मिलें
बिना ऑपरेशन
**डॉ. विश्वास**
राइट टाउन, प्रेम मंदिर, होटल पंकज पेलेश के पीछे
मो: 9827042596

**फ्लैट बेचना है**
गोलबाजार, जबलपुर में 742 वर्गफुट का 2 BHK बालकनी सहित फ्लैट दूसरी मंजिल पर बिक्री हेतु उपलब्ध है। अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:-
एडवोकेट रविशंकर पटेल
फोन नंबर-
9827087838

नोट- पाठकों को सूचना दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्यवाही जैसे पैसा भेजना, कोई खर्च करना या प्रकाशित विज्ञापन के विश्वास पर किसी प्रकार संबंध बनाना आदि करने से पूर्व आवश्यक/संपूर्ण जानकारी कर लेवें।
देशबन्धु यह भी घोषित करता है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले किसी भी राजनैतिक, सामाजिक अथवा अन्य प्रकार के विज्ञापनों से देशबन्धु का कोई सरोकार नहीं है। अतः विज्ञापनदाता द्वारा जारी किये गये किसी भी प्रकार के दावे/ प्रस्तुतिकरण के लिये जिम्मेदार नहीं हैं।

प्रकाशक-गिरिराज चाचा, मुद्रक-मोहन सुरजन द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लिमि. के लिये देशबन्धु काम्पलेक्स नौदराब्रिज जबलपुर से प्रकाशित एवं श्रीजी प्रिंटर्स से मुद्रित, सम्पादक-अशोक मिश्रा, * ( * पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार)
फोन संपादकीय-4006577 व्यवस्था - 4085031, 4085679, 2626244 आर.एन.आई. पंजी. क्रमांक 38276/71 डाक पंजीयन क्रमांक-एसएसपी जबलपुर /04/2020-2022 E mail- Jabdesh1@yahoo.com

# ओला के 2 प्रतिष्ठानों पर आरटीओ का छापा

## बगैर बिक्री प्रमाण पत्र के कारोबार का आरोप

**जबलपुर, देशबन्धु।** शहर के ओला के दो प्रतिष्ठानों के साथ प्रदेश के 4 प्रतिष्ठानों पर क्षेत्रीय परिवहन अधिकारियों (आरटीओ) द्वारा छापा मारा गया। सभी प्रतिष्ठानों पर बगैर बिक्री प्रमाण पत्र (ट्रेड सर्टिफिकेट) के कारोबार का आरोप हैं। कार्रवाई प्रदेश के जबलपुर, इंदौर सहित अन्य प्रदेशों में भी की गई। विभिन्न कार्रवाईयों में ओला कंपनी की 50 से अधिक इलेक्ट्रिक गाडियां जब्त की गईं।



**महाराष्ट्र के बाद मप्र में कार्रवाई-** टू-व्हीलर कंपनी ओला इलेक्ट्रिक के स्टोर्स पर महाराष्ट्र के बाद अब मध्यप्रदेश में भी ने छापामार कार्रवाई की जा रही है। इसमें ट्रांसपोर्ट अधिकारियों ने 14 इलेक्ट्रिक व्हीकल भी जब्त किए हैं। जबलपुर में 2 और इंदौर के 4 स्टोर्स पर हुई कार्रवाई में स्टोर्स को ट्रेड सर्टिफिकेट नहीं होने के चलते कारण बताओ नोटिस भी दिया गया है।

**ई रिक्शा सहित अन्य ईवी के भी यही हाल-** सूत्रों की मानें तों केवल ओला ही नहीं अन्य ईवी निर्माताओं द्वारा ग्राहकों की शिकायतों को तवज्जों नहीं दी जा रही हैं। इसी तरह का एक मामला हालहीं में एक ई रिक्शा चालक का सामने आया था जिसकी बैटरी की समस्या पर कंपनी द्वारा कई दिनों तक चक्कर लगवाए लेकिन उसकी समस्या का समाधान नहीं हो सका।

ईवी उपभोक्ताओं की मानें तो इलेक्ट्रिक कार से लेकर दोपहिया वाहनों एवं ई रिक्शा में भी वे आए दिन इस तरह की समस्याओं से जूझने विवश हैं लेकिन कंपनियों का वर्तमान में पूरा का पूरा ध्यान वाहनों की बिक्री पर हैं यही वजह है कि ग्राहकों की समस्याओं को कोई महत्व नहीं दिया जा रहा हैं। अग्नि दुर्घटनाओं के साथ ग्राहकों की परेशानियों को देखते हुए इसका पूरा असर ईवी की बिक्री पर पड़ा है।

### यह था मामला

अंधमूक बाइपास पर ईवी के जलने का वीडियो वाइरल होने के बाद चंद मिनिटो में बात जंगल की आग की तरह पूरे शहर और फिर प्रदेश भर में फैली। दरअसल हालहीं में अंधमूक बायपास पर पर रास्ते से गुजर रही एक ओला स्कूटर में अचानक आग भभक उठी थी। तिलवाराघाट निवासी अब्दुल रहमान किसी काम से अंधमूक बाईपास गए हुए थे। इस दौरान जैसे ही वे अंधमूक बायपास के पास पहुंचे तभी उनकी ओला गाड़ी अचानक गाड़ी गर्म होने लगी। उन्होंने जैसे ही गाड़ी को रोका तो उसमें आग लग गई। आग लगती देख उन्होंने उसे बुझाने का प्रयास किया लेकिन जब तक वह पूरी तरह खाक हो चुकी थी। अब्दुल रहमान ने बताया कि वक्त रहते वे गाड़ी से उतर गए, नहीं तो वे भी हादसे का शिकार हो सकते थे।

### कंपनी ने नहीं की थी कोई मदद

इस मामले में ओला गाड़ी के मालिक अब्दुल रहमान ने बताया था कि उन्होंने विगत वाहन नवंबर 2023 को ही गाड़ी खरीदी थी। जिसकी कीमत 1 लाख 76 हजार रुपए है। हादसे के पहले कई दिनों से गाड़ी हल्की-हल्की गरम हो रही थी। फिर एक यह हादसा हो गया। इस मामले की जानकारी उनके द्वारा कम्पनी को भी दी गई, परंतु वहां से कुछ भी मदद नहीं मिली।

### पहले ही हादसों से इलेक्ट्रिक व्हीकलों की नहीं हो रही थी बिक्री

पैट्रोल, डीजल की अप्रत्याशित रूप पर बढ़ी कीमतों के चलते बीते वर्षों में इलेक्ट्रिक व्हीकल (ईवी) के प्रति बढ़ा रुझान अचानक बढ़ते हादसों के कारण शहर में फरवरी 2024 से घटता जा रहा हैं। इलेक्ट्रिक कारों में हो रही अग्नि दुर्घटनाओं के बाद खास तौर पर इलेक्ट्रिक दो पहिया वाहनों में हो रही खतरनाक अग्नि दुर्घटनाओं के बाद ईवी का नाम सुनकर भी लोगों की रूह काँप रही हैं। खास तौर पर व्हीकल ओला सहित अन्य निर्माताओं के ईवी में भी गाहे बगाहे सुनने में आ रही हैं। फरवरी 2024 में शहर में अंधमूक बायपास क्षेत्र हुए हादसे के बाद शहर में भी ईवी की बिक्री पर इसका असर देखा जा रहा हैं। ज्ञात हो कि फरवरी 2024 में ही ओला की ईवी में रहस्यमय परिस्थितियों में आग लग गई। किसी तरह चालक ने अपने आप को बचाया लेकिन धू-धू करते जलते वाहन को राख होने से नहीं बचा पाया। शहर के ईवी विक्रेताओं की मानें तो इस घटना के वाइरल होने के बाद करीब-करीब 6 हजार बुकिंग कैंसिल हुई हैं जो ईवी के लिए की गई थीं। आलम ये हैं कि ईवी की कीमतों में 20 से 25 हजार रुपए की गिरावट भी बिक्री का ग्राफ नहीं बढ़ा पा रही हैं।

# उम्मीदवारों की मांग : आगे बढ़ाई जाए असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती परीक्षा

**जबलपुर, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग (एमपीपीएससी) से विद्यार्थियों ने असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती परीक्षा तिथी को आगे बढ़ाने की मांग की है। उम्मीदवारों ने शांतिपूर्ण तरीके से व्यक्तिगत रूप से अपने-अपने आवेदन मप्र लोक सेवा आयोग को सौंपे। सभी उम्मीदवारों ने एमपीपीएससी से सहायक प्राध्यापक परीक्षा 2024 को स्थगित करके तिथि आगे बढ़ाने की मांग की है।

**1800 से ज्यादा पदों के लिए होनी है परीक्षा-** लोक सेवा आयोग द्वारा असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती परीक्षा-2024 के इंटरव्यू इसी साल होने वाले हैं। 1800 से ज्यादा पदों के लिए यह परीक्षा दो चरणों में 1 जून व 29 जुलाई को होनी है। इसके अलावा, स्टेट इंजीनियरिंग सर्विस सहित अन्य परीक्षाएं भी इसी साल होंगी। इन सबके इंटरव्यू भी इसी वर्ष के अंत तक होने वाले हैं। पीएससी ने जून 2026 तक 100 फीसदी बैकलॉग खत्म करने पर काम शुरू कर दिया है। पीएससी की परीक्षा 1 जून को होनी है, लेकिन इसके पहले साल 2022 के सभी यानी 1669 पदों के इंटरव्यू होंगे।

# मैहर स्टेशन पर 5 मिनट के लिए रुकेंगी 15 गाड़ियां

**जबलपुर, देशबन्धु।** चैत्र नवरात्रि मेला के दौरान यात्रियों की सुविधा के लिए पश्चिम मध्य रेल (पमरे) से गुजरने वाली 15 जोड़ी रेलगाडियों का मैहर स्टेशन पर 30 मार्च से 12 अप्रैल तक 5 मिनट का अस्थाई हाल्ट प्रदान किया गया है। यात्री रेलवे द्वारा अधिकृत रेलवे पूछताछ सेवा एनटीईएस/139 रेल मदद से भी विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते है।

**यह ट्रेनें रुकेंगी-** 11055 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-गोरखपुर एक्सप्रेस, 11056 गोरखपुर-लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस, 11059 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-छपरा एक्सप्रेस, 11060 छपरा-लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस,12669 चेन्नई-छपरा एक्सप्रेस, 12670 छपरा-चेन्नई एक्सप्रेस, 19051 वलसाड-मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस, 19052 मुजफ्फरपुर-वलसाड एक्सप्रेस, 11045 श्री छत्रपति शाहू महाराज टर्मिनस कोल्हापुर-धनबाद एक्सप्रेस, 11046 धनबाद-श्री छत्रपति शाहू महाराज टर्मिनस कोल्हापुर एक्सप्रेस, 15268 एलएलटी-रक्सौल एक्सप्रेस, 15267 रक्सौल-एलएलटी एक्सप्रेस, 18201 दुर्ग-नवतनवा एक्सप्रेस, 18202 नवतनवा-दुर्ग एक्सप्रेस, 11037 पुणे-गोरखपुर एक्सप्रेस, 11038 गोरखपुर-पुणे एक्सप्रेस, 17610 पूर्णा-पटना एक्सप्रेस, 17609 पटना-पूर्णा एक्सप्रेस, 22103 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-अयोध्या कैंट एक्सप्रेस, 22104 अयोध्या कैंट-लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस, 18610 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-रांची एक्सप्रेस, 18609 रांची-लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस, 22971 बांद्रा टर्मिनस-पटना एक्सप्रेस, 22972 पटना-बांद्रा टर्मिनस एक्सप्रेस, 22131 पुणे-बनारस एक्सप्रेस, 22132 बनारस-पुणे एक्सप्रेस, 15647 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-गुवाहाटी एक्सप्रेस, 15648 गुवाहाटी-लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस, 19045 सूरत-छपरा एक्सप्रेस और गाड़ी संख्या 19046 छपरा-सूरत एक्सप्रेस।

## हजरत निजामुद्दीन-जबलपुर एक्सप्रेस में अब 4 जनरल डिब्बे होंगे


गाड़ी संख्या 12192/12191 जबलपुर-हजरत निजामुद्दीन-एक्सप्रेस के डिब्बों के संयोजन में स्थायी परिवर्तन किया गया है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक डॉ. मधुर वर्मा ने बताया कि इस परिवर्तन के अंतर्गत ट्रेन से 2 शयनयान (स्लीपर) कोच हटाए गए हैं तथा इसके स्थान पर 2 सामान्य श्रेणी (जनरल) के कोच जोड़े गए हैं। इस संशोधन के बाद इस गाड़ी में 4 सामान्य श्रेणी कोच, 9 शयनयान श्रेणी कोच, 6 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी कोच, 2 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी कोच, 1 वातानुकूलित प्रथम श्रेणी कोच सहित ट्रेन में कुल 24 कोच रहेंगे। यह परिवर्तन गाड़ी संख्या 12192 जबलपुर-हजरत निजामुद्दीन एक्सप्रेस में 26 मई से एवं गाड़ी संख्या 12191 हजरत निजामुद्दीन-जबलपुर एक्सप्रेस में 27 मई से प्रभावी होगा।

# रेलवे ट्रैक पर मिले युवक-युवती के शव

**जबलपुर, देशबन्धु।** कटनी जिले के कुठला थानान्तर्गत नयागांव के समीप रेलवे ट्रैक में युवक-युवती की लाश मिलने से सनसनी फैल गयी।

दोनों पुरैनी क्षेत्र के रहने वाले थे और एक ही जाति के थे। पुलिस ने सूचना मिलने पर षवों को पंचनामा कार्यवाही के बाद पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया था। पुलिस ने मर्ग कायम कर प्रकरण को विवेचना में लिया है। सीएसपी ख्याति मिश्रा से प्राप्त जानकारी के अनुसार रेलवे विभाग के द्वारा पुलिस को सूचित किया गया कि नयागांव रेलवे ट्रैक में एक युवक व एक युवती के क्षत-विक्षत शव पड़े हुए है। दोनों ने संभवत चलती ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या कर ली है। मृतक युवक व युवती के शिनाख्त हो गयी है और दोनों एक ही क्षेत्र के रहने वाले है। युवक की उम्र लगभग 29 साल तथा युवती की उम्र लगभग 28 साल है। पुलिस ने प्रकरण को विवेचना में लेकर जांच प्रारंभ कर दी है।

जांच में जो तथ्यों के अनुसार विधि अनुसार कार्यवाही की जायेगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक युवक व युवती साहू समाज के है। दोनों के बीच प्रेम संबंध थे और षादी के लिए दोनों के परिजन तैयार नहीं थे। जिसके कारण उन्होंने आत्मघाती कदम उठाया है। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शवों को परिजनों के सुर्पुद कर दिया है।




सोनू पोल्ट्री
बड़ा ब्रॉयलर - रु. 80
मीडियम ब्रॉयलर - रु. 100
छोटा ब्रॉयलर - रु. 112
मो.- 9039925999

J.B.F.A
जबलपुर ब्रॉयलर फार्म्स एसोसिएशन
मुर्गा छोटा - रु. 116
मुर्गा मीडियम - रु. 104
मुर्गा बड़ा - रु. 84
मुर्गा जम्बो - रु. 84
मो.-9039925000, 9425800409




# रेलवे ने प्रमोशन में लगाई रोक, चुनिंदा पदों पर रूकी पदोन्नति

## कर्मचारियों में रोष

**जबलपुर, देशबन्धु।** रेलवे बोर्ड मुख्यालय दिल्ली के उच्च अधिकारियों द्वारा बड़े-बड़े दावे किये जाते हों परंतु जमीनी हकीकत ठीक इसके विपरीत है। पूर्व में तो कर्मचारियों और अधिकारियों की नीतियों के कारण प्रमोशन की फाइलें मंद गति से चलती रही हैं परंतु अब नई समस्या पैदा हो गई है। रेलवे बोर्ड दिल्ली ने सेफ्टी संरक्षा कैटेगरी श्रेणी की विभिन्न सलेक्शन प्रक्रिया पर वर्तमान में रोक लगा दी है। इस रोक के कारण लगभग 1 लाख कर्मचारियों के प्रमोशन प्रभावित होने की संभावना है। बोर्ड की इस नीति के कारण कर्मचारियों में काफी रोष व्याप्त है।

सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार पमरे के जबलपुर जोन दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज जयपुर गोरखपुर, भुवनेश्वर ,गुवाहाटी, नई दिल्ली पश्चिम रेलवे मुंबई, चैन्नई, हुबली, मध्य रेलवे मुंबई व अन्य जोनों के लगभग 1 लाख कर्मचारियों के प्रभावित होने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है। पमरे के एक कर्मचारी संगठन पदाधिकारी ने बताया कि दिल्ली द्वारा नई प्रक्रिया जारी किए जाने के बाद ही रेलवे कर्मचारियों की पदोन्नति हो पाएगी। रेलवे के अराजपत्रित सेक्शन के संयुक्त निदेशक द्वारा अभी इस विषय में किसी भी प्रकार की कोई जानकारी नहीं दी है। जानकारी के अनुसार यह रोक रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के निर्देश पर जारी किया है। उल्लेखनीय है कि ऑल इंडिया रेलवे फेडरेशन एआईआरएफ और एम्लाइज यूनियन ने रेलवे बोर्ड अध्यक्ष सतीश कुमार से इस संबंध में मांग की हे शीघ्र ही पदोन्नति परीक्षा आयोजित करके रिक्त पदों को शीघ्रता से भरा जाए।

### सीबीआई कार्रवाई के चलते रेलवे हरकत में आया

गौरतलब है कि किसी भी शासकीय सेवक को नौकरी में रहते प्रतिवर्ष वेतनवृद्धि और पदोन्नति का ही लाभ समयानुसार दिये जाने का प्रावधान रहता है। यदि समय पर प्रमोशन नहीं मिलता तो कर्मचारियों के बीच निराश देखी जाती है जिसका प्रभाव विभाग के प्रतिदिन होने वाले कार्य पर भी पड़ने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है। जानकारी के अनुसार विगत दिवस पश्चिम रेलवे मुंबई जोन के अंतर्गत बड़ौदा और अहमदाबाद पूर्व मध्य रेलवे के दीनदयाल उपाध्याय नगर मंडल में केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो सीबीआई द्वारा विभागीय परीक्षाओं में अनियमितता और भ्रष्टाचार के मामले पकड़े थे। इसी के चलते यह निर्णय लिया गया कि अब सभी प्रकार की विभागीय एलडीसीई जीडीसीई पदोन्नति परीक्षाऐं रेलवे भर्ती बोर्ड द्वारा आयोजित की जाएंगी। इसमें 4 मार्च तक ग्रुप सी के जो भी सलेक्शन जीडीसीई /एलडीसीई पदोन्नत नहीं हुए हैं उनको रद्द कर दिया गया है।

इस प्रकार के निर्णय लिए जाने से कई जोनों में जीडीसीई/एलडीसीई और अन्य चयन जिनके पैनल जारी होने थे वह प्रभावित हुए हैं। इसमें उत्तर पश्चिम रेलवे में सहायक लोको पायलट एएलपी पद पर चयन की राह देख रहे लगभग 300 से अधिक कर्मचारियों के बीच रोष देखा जा रहा है।

24 वां रोजा
25.03.2025

सहरी 04.40
अफ्तार 06.28

